डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


पेज 12

ईश्वर में हमारा विश्वास | सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 05, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 28 मई 2024, वर्ष-30, अंक-219, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com




**सेंसेक्स**
75,390.50 -19.89

**डॉलर**
83.134 +0.075

**पलामू सर्राफा**
10 ग्राम 72,340
01 किलो 93,950

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## आईएएस मनीष रंजन से आज होगी पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टेंडर कमीशन घोटाला मामले में आईएएस मनीष रंजन से 28 मई को पूछताछ करेगी। ईडी ने मनीष रंजन को 25 मई को समन भेजकर 28 मई को पूछताछ के लिए ईडी के एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय बुलाया है। सूत्रों ने बताया कि मंत्री आलमगीर आलम और आईएएस मनीष रंजन को आमने-सामने बैठाकर ईडी पूछताछ करेगी। बताया जा रहा है कि मंत्री आलमगीर आलम उनके ओएसडी संजीव लाल और जहांगीर से हुई अब तक की पूछताछ में मनीष रंजन की संलिप्तता सामने आयी है। इसी मामले को लेकर ईडी की ओर से मनीष रंजन को फिर से दूसरा समन किया गया है। मनीष रंजन वर्तमान में भू राजस्व विभाग के सचिव हैं। इससे पहले वह ग्रामीण विकास विभाग के सेक्रेटरी के पद पर पदस्थापित रह चुके हैं। इससे पूर्व मनीष रंजन को ईडी ने 22 मई को समन कर 24 मई को पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय बुलाया था। लेकिन मनीष रंजन ने पत्र भेजकर समय की मांग की थी।



## टेंडर कमीशन घोटाले में आलमगीर आलम की रिमांड अवधि तीन दिन और बढ़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड अवधि समाप्त होने पर कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। ईडी के आग्रह पर कोर्ट ने एक बार फिर पूछताछ के लिए तीन दिनों के रिमांड की मंजूरी दे दी। इससे पूर्व ईडी आलमगीर को दो बार 11 दिनों के रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है। ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत से आलमगीर आलम को फिर से पांच दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की अनुमति मांगी। इसका आलमगीर आलम के अधिवक्ता ने विरोध किया। ईडी की ओर से कहा गया कि आलमगीर आलम जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इसके बाद अदालत ने ईडी को फिर से पूछताछ के लिए तीन दिनों के रिमांड की मंजूरी दी। इससे पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को मेडिकल जांच के बाद ईडी के अधिकारी कोर्ट लेकर पहुंचे थे। उल्लेखनीय है कि ईडी ने बीते पांच मई को टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने संजीव लाल के नौकर जहांगीर और बिल्डर मुन्ना सिंह के ठिकानों से कुल 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किये थे। बरामद पैसों के संबंध में ईडी ने आलमगीर आलम से दो दिन पूछताछ की थी। ईडी ने 14 मई को नौ घंटे और 15 मई को छह घंटे तक पूछताछ करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।



## डीआईजी ने सार्जेंट मेजर को किया निलंबित

### चुनाव ड्यूटी में लापरवाही बरतने का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू डीआजी वाईएस रमेश ने पलामू के सार्जेंट मेजर को काम में लापरवाही बरतने के कारण निलंबित कर दिया है। यह निलंबन पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के रिपोर्ट के आधार पर हुई है। इस संबंध में डीआईजी ने बताया कि पलामू में चुनाव संपन्न होने के पश्चात दूसरे जिला में दूसरे पेज के लिए फोर्स भेजने में विलंब होने पर एसपी ने कार्रवायी की अनुसंसा की थी। जिसके आधार पर यह कार्रवायी की गयी है। सूत्रों के अनुसार 22 मई की सुबह चुनाव कार्य के लिए जवान और अधिकारी को पलामू से धनबाद के लिए रवाना होना था। लेकिन दोपहर तक वे सभी पलामू से नहीं निकल पाये। इसके बाद पलामू एसपी खुद पुलिस लाइन गईं और घंटों प्रयास करने के बाद जवानों को दूसरे फेज के लिए पलामू से रवाना किया गया। यहां से रवाना करने के दौरान देर शाम हो गया था, इस कारण जवानों को लातेहार में रात में रूकना पड़ा। और फिर अगले दिन गंतव्य तक पहुंचे। इसी लापरवाही पर एसपी काफी नाराज दिखीं। और उन्होंने ने निलंबन कर दी। जिसके आधार पर आज डीआईजी ने सार्जेंट मेजर सुरेश कुमार ओझा को निलंबित कर दिया। इधर सार्जेंट मेजर के प्रभार सदर अंचल के इंस्पेक्टर को सौंपा गया है।

# राजधानी के बार में डीजे संचालक की हत्या

- रांची के बार में डीजे की हत्या से लॉ-ऑर्डर पर उठे सवाल, भाजपा ने सीएम से मांगा इस्तीफा
- बार में विवाद के बाद दो-ढाई घंटे बाद वापस आकर युवक ने ऑटोमेटिक राइफल से की हत्या
- रात 1.19 में बार डीजे को मारी गोली
- 1. 26 में आरोपी युवक कार से भागा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य में लोकसभा चुनाव का एक चरण अभी शेष है। चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री से लेकर कई प्रमुख मंत्री और नेता राज्य में आ रहे हैं। इसे लेकर राज्य और विशेषकर राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होने का दावा किया जाता रहा है। इन सारे दावों की पोल रविवार रात सवा एक बजे उस समय खुल गई जब राजधानी के फोर स्टार होटल रेडिशन ब्लू के ठीक सामने एक्सट्रीम बार में अभिषेक नामक युवक ने आधुनिक ऑटोमेटिक राइफल से बार डीजे संचालक संदीप प्रमाणिक उर्फ सैंडी की गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जाता है कि बार में अभिषेक और उसके दोस्तों की दो-ढाई घंटा पहले छेड़खानी और डांस करने को लेकर कुछ लोगों से विवाद हुआ था। बीच-बचाव करने पर बार के बाउंसरों से भी उनकी लड़ाई हो गई। सीसीटीवी फुटेज में बाउंसर और बार के स्टाफ उन लड़कों को डंडे से पीटते दिख रहे हैं जिसके बाद उन्हें भगा दिया गया। घटना के ढाई घंटे बाद अभिषेक राइफल लेकर लौटा और घटना को अंजाम दिया और बार से बाहर आकर बेखौफ अंदाज में सड़क पर करीब आठ-दस मिनट तक रहा। इस दौरान वह कभी फायरिंग करता तो कभी खोखा चुनता दिख रहा है, फिर वह आराम से अपनी कार में बैठकर निकल जाता है। सबसे आश्चर्य की बात ये रही इस दौरान एक पुलिस वाहन भी वहां से गुजरती दिख रही है लेकिन उसने मामले का संज्ञान नहीं लिया। न ही रेडिशन ब्लू होटल के सुरक्षाकर्मी ही कोई कार्रवाई करते दिखे, उलटा सुरक्षाकर्मी ने होटल का गेट बंद कर लिया।





### मुख्य आरोपी बिहार के गया से गिरफ्तार : एसएसपी

**रांची।** एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि हत्या के मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह उर्फ विक्की को बिहार पुलिस की मदद से गया से गिरफ्तार कर लिया गया है। वह सेल सिटी का रहने वाला है और एक गैरेज का संचालक है। युवक मूल रूप से बिहार के पटना का रहने वाला है। पुलिस ने इससे पहले हत्यारे युवक के पिता को हिरासत में लिया था। घटना की जांच के लिए एक एसआइटी गठन किया गया है, अब तक की जांच से पता चला है कि अभिषेक सिंह उर्फ विकी, शमीरउद्दीन, आयाम अनवर, प्रतीक (रामगढ़ स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का मैनेजर), मृत्युंजय यादव उर्फ मिथुन, प्रकाश और उनके दोस्तों का बार के बाउंसरों के साथ मारपीट हुई थी। घटना के करीब दो से ढाई घंटे बाद उन्हें में अभिषेक सिंह उर्फ विक्की के रूप में की गई है वह दुबारा बार में आकर डीजे को गोली मारता है। तलाशी के दौरान उसके नाम से असम राज्य से निर्गत दो हथियारों की अनुज्ञप्ति प्राप्त हुई है। इसकी विवरण का मिलान करने पर दोनों अनुज्ञप्ति फर्जी प्रतीत होता हैं। कांड के बाद अभिषेक सिंह फरार हो गया था।



### कानून व्यवस्था की स्थिति खराब : बाबूलाल

झारखंड प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी इस वारदात का सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा है, झारखंड में व्यवसाय करना कितना असुरक्षित हो गया है, इसका खौफनाक उदाहरण कल फिर देखने को मिला। राजधानी रांची में एक बार के अंदर डीजे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना ने जेसिका लाल मर्डर केस की यादें ताजा कर दी। मामूली विवाद में डीजे की हत्या करने वाले अपराधियों का दुस्साहस दिखाता है कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिल्कुल मरणासन्न हो चुकी है। झामुमो-कांग्रेस की सरकार तो पिछले साढ़े 4 सालों से अपराधियों के गोदी में बैठकर खेल रही है, उनसे कार्रवाई की उम्मीद ड्डी नहीं की जा सकती। मरांडी ने राज्य के सीएम चंपई सोरेन को लेकर लिखा कि अनुकंपा पर रिमोट कंट्रोल वाला सीएम बनके जनता की जान के साथ सौदा करने से बेहतर है आप इस्तीफा दे दीजिए। अब ऐसा लगता है राज्य के पुलिस महानिदेशक भी सिर्फ शोभा बढ़ाने के लिए पद पर बैठे हुए हैं।

## जमीन घोटाला : हेमंत सोरेन ने हाईकोर्ट में दाखिल की जमानत अर्जी

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में बरियातू के बड़गाई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को जमानत अर्जी दाखिल की। हाई कोर्ट में दाखिल जमानत अर्जी में हेमंत सोरेन ने कहा है कि उनके ऊपर जमीन कब्जे का जो आरोप लगा है वह बेबुनियाद है। हेमंत सोरेन में जमानत अर्जी में कहा है कि बड़गाई की 8.86 एकड़ जमीन भूइहरि जमीन है, जो ट्रांसफर नहीं की जा सकती। इसका मालिकाना हक उनके पास नहीं है और इस पर उनके कब्जे की बात भी गलत है। ईडी के पास इस संबंध में कोई दस्तावेज भी नहीं है। जमीन पर अवैध कब्जा पीएमएलए में शेड्यूल ऑफेंस में नहीं आता है। यह मामला प्रेडिकेट ऑफिस का भी नहीं है। प्रेडिकेट ऑफिस के लिए धन की उत्पत्ति होनी चाहिए थी, जो नहीं हुआ है। उल्लेखनीय है कि हेमंत सोरेन बड़गाई अंचल की जमीन घोटाले के आरोप में 31 जनवरी से जेल में बंद हैं।

## एक नजर

### बंगाल में कमजोर पड़ा चक्रवाती तूफान 'रेमल'

**कोलकाता।** चक्रवाती तूफान 'रेमल' सोमवार को कमजोर पड़ गया और हवा की रफ्तार 80 से 90 किलोमीटर (किमी) प्रति घंटा हो गयी है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। रेमल रविवार मध्यरात्रि पश्चिम बंगाल तट पर पहुंचा था। विभाग के मुताबिक, सुबह साढ़े पांच बजे सागर द्वीप से 150 किलोमीटर उत्तरपूर्व में स्थित चक्रवाती तूफान की वजह से कोलकाता में तेज बारिश हुई और पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों में रातभर बारिश होती रही। विभाग ने एक बुलेटिन में बताया कि तूफान के उत्तरपूर्व की ओर बढ़ने और आगे कमजोर होने की संभावना है। विभाग ने बताया कि कोलकाता में रविवार को सुबह साढ़े आठ बजे से सोमवार को सुबह साढ़े पांच बजे के बीच 146 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी।

## आज | कल




## प्रधानमंत्री मोदी आज दुमका में

**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में संताल परगना की तीन सीटों पर चुनाव होना है। गोड्डा, दुमका और राजमहल में एक जून को मतदान है। पार्टियों ने अब संताल परगना में जोर लगाया है। एनडीए और इंडी गठबंधन के बड़े नेता व स्टार प्रचारक संताल परगना पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 मई को दुमका आ रहे हैं। भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। एयरपोर्ट मैदान में विजय संकल्प रैली होगी। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी झारखंड में छह चुनावी सभा कर चुके हैं। गोड्डा से तीन चुनावों से लगातार भाजपा के डॉ निशिकांत दुबे जीत रहे हैं। इस बार भी निशिकांत दुबे मैदान में हैं। राजमहल सीट पर इस बार भाजपा ने ताला मरांडी उम्मीदवार को बनाया है। कांग्रेस नेता और स्टार प्रचारक राहुल गांधी 30 मई को दुमका पहुंचेंगे। इससे पहले राहुल गांधी झारखंड के चाईबासा और गुमला के बसिया में जनसभा कर चुके हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 29 मई को देवघर में तीन चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।



## चार जून को इंडी गठबंधन की बनेगी सरकार : कल्पना सोरेन

**दुमका।** जिले के शिकारीपाड़ा स्थित कालेज मैदान में सोमवार को कल्पना सोरेन ने झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस चुनावी सभा में लोगों की जबरदस्त भीड़ देखी गई। सभी उम्र के लोग स्त्री - पुरुष कल्पना सोरेन को देखने और सुनने आए थे। कार्यक्रम के दौरान बूंदाबांदी भी हो रही थी पर भीड़ के उत्साह में कोई कमी नहीं आई।

कल्पना सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा वालों ने हेमंत सोरेन जो आपके भाई हैं, दादा हैं, बेटे हैं, उन्हें जेल भेजने का काम किया है। आप वोट के माध्यम से उन्हें करारा जवाब दें और 1 जून को शानदार, बम्पर और जबरदस्त वोटिंग कर नलिन सोरेन को विजयी बनाएं। आप अपना यह वोट भले नलिन सोरेन को देंगे पर यह हेमंत सोरेन और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के मान सम्मान के लिए होगा। कल्पना सोरेन आत्मविश्वास से लबरेज नजर आई। उन्होंने कहा कि चार जून को जब वोटो की गिनती होगी तो भाजपा हिल जाएगी, देश में इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी और आपके भाई हेमंत सोरेन जेल से निकलेंगे। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन ने यहां की जनता में झारखंडियत का संचार किया है। आपका यह जोश यह दिखा रहा है कि आप तीर धनुष के साथ हैं। इसे वोट के रूप में तब्दील करें।



## पूर्व मुख्यमंत्री और मंत्री ने राज्य की संपदा लूटी, आज जेल में बंद हैं : राजनाथ सिंह

**साहिबगंज (झारखंड)।** लोकसभा चुनाव के सांतवें और अंतिम चरण में राज्य में कुल तीन सीटों पर मतदान होना है। इसके मद्देनजर राजमहल लोकसभा क्षेत्र के श्रीधर दियारा मैदान (राजमहल) में सोमवार को आयोजित विजय संकल्प सभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एनडीए उम्मीदवार ताला मरांडी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करने वाले थे लेकिन खराब मौसम की वजह से हेलिकॉप्टर की लैंडिंग नहीं हो सकी। फिर उन्होंने फोन से भाषण दिया। अपने भाषण में राजनाथ सिंह ने कहा कि जनता जब ताला मरांडी को जीत दिलवा कर नरेन्द्र मोदी के 400 पार के नारे के सपने को पूरा करेंगे तो वो फिर से श्रीधर की धरती पर आकर यहां की जनता का धन्यवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि आज झारखंड की स्थिति दयनीय हो गयी है। यहां के मुख्यमंत्री और नेता जेल में बंद हैं क्योंकि उन्होंने राज्य की सम्पत्ति को लूटने का काम किया है। वहीं, अब झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ भी बढ़ गयी है। इसके कारण भारत के मूलवासियों को मिलने वाली योजनाओं का लाभ बंट जा रहा। राजनाथ सिंह ने एक जून को होने वाले अंतिम चरण के चुनाव में राजमहल से ताला मरांडी को भारी मतों से विजय बनाने की अपील जनता से की।



## इंडिया



**सुनील बादल**

**देश में बाल विवाह के 50 प्रतिशत से अधिक मामले केवल 5 राज्यों से संबंधित हैं जिनमें उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है।**

# बाल विवाह कुप्रथा ही नहीं समाज के लिए चुनौती

बड़े बड़े मुद्दों पर और विकास के नाम चुनाव की धूम के बीच बाल विवाह एक नासूर के समान है। देश में हर व्यक्ति को शिक्षित करने की मुहिम चल रही है। हर व्यक्ति को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में बाल विवाह होना समाज के लिए चुनौती के समान है। सरकार,संस्थाएं और समाज के प्रयासों के बाबजूद हमारे देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नही हो पा रहा है। भारत में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान के शुरू होने के बावजूद बाद में दहेज न देना पड़े के नाम पर नाबालिग बेटी की जबर्दस्ती शादी करा दी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर जगह बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देते रहे हैं। देश के सभी प्रदेशों में बेटियां शिक्षित हो रही है। ऐसे में समाज को आगे आकर कम उम्र में लड़कियों के होने वाले बाल विवाह रुकवाने के प्रयास करने होंगे। आजकल कई लड़कियां खुद भी आगे आकर अपना बाल विवाह रुकवाने का प्रयास करने लगी है। भारत में यह प्रथा लम्बे समय से चली आ रही है जिसके तहत छोटे बच्चों का विवाह कर दिया जाता है। आश्चर्य की बात तो यह है कि आज के पढ़े लिखे समाज में भी यह प्रथा अपना स्थान बनाए हुए है। जो बच्चे अभी खुद को भी अच्छे से नहीं समझते। जिन्हें जिन्दगी की कड़वी सच्चाईयों का कोई ज्ञान नहीं। जिनकी उम्र अभी पढने लिखने की होती है। उन्हे बाल विवाह के बंधन में बांधकर क्यों उनका जीवन बर्बाद कर दिया जाता है।इस सच के बीच कि अनेक मामले प्रकाश में नहीं आते देश में बाल विवाह के 50 प्रतिशत से अधिक मामले केवल 5 राज्यों से संबंधित हैं जिनमें उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। शेष चार राज्यों में बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश शामिल हैं। वर्तमान में भारत में बाल विवाह के लगभग 22 प्रतिशत मामले हैं जो कि लगातार कम हो रहे हैं। इसके प्रमुख कारणों में महिलाओं में साक्षरता और जागरूकता का बढ़ना, शिक्षा के प्रसार के कारण लड़कियों के प्रति अभिभावकों की सोच में परिवर्तन आना, शहरीकरण में वृद्धि तथा कठोर कानूनों की उपस्थिति को माना जा सकता है। भारत में बाल विवाह में गिरावट आई है। लेकिन देश में पांच लड़कियों में से एक और छह लड़कों में से एक की अभी भी बचपन में शादी कर दी जाती है। हाल के वर्षों में यह प्रथा कुछ राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में अधिक प्रचलित हो गई है। दिसंबर 2023 में द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार यह अनुमान लगाने वाले पहले अध्ययनों में से एक है कि राज्य व केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर समय के साथ लड़की और लड़के के बाल विवाह की दर में क बदलाव आया है। अध्ययन में पाया गया कि 1993 से 2021 के बीच राष्ट्रीय स्तर पर बाल विवाह में गिरावट आई है। बालिका बाल विवाह का प्रचलन 1993 में 49 प्रतिशत से घटकर 2021 में 22 प्रतिशत हो गया। जबकि बालक बाल विवाह 2006 में 7 प्रतिशत से घटकर 2021 में 2 प्रतिशत हो गया। बाल विवाह के प्रचलन में सबसे बड़ी कमी 2006 और 2016 के बीच हुई। सबसे कम कमी 2016 से 2021 के बीच हुई। इन बाद के वर्षों के दौरान छह राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में बालिका विवाह में वृद्धि देखी गई।हम अपनी बेटियों को बाल विवाह और कम उम्र की गर्भावस्था से नहीं बचा पाए हैं। यही कारण है कि इस देश में 50 फीसदी से ज्यादा महिलाएं और बच्चे एनीमिया (रक्ताल्पता) के शिकार हैं। यूनिसेफ द्वारा जारी की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत के कई क्षेत्रों में अब भी बाल विवाह हो रहा है। इसमें कहा गया है कि पिछले कुछ दशकों के दौरान भारत में बाल विवाह की दर में कमी आई है। लेकिन कई प्रदेशों में यह प्रथा अब भी जारी है। रिपोर्ट के अनुसार बाल विवाह की यह कुप्रथा आदिवासी समुदायों सहित कुछ विशेष जातियों के बीच अधिक प्रचलित है।रिपोर्ट में कहा गया है कि बालिका शिक्षा की दर में सुधार, किशोरियों के कल्याण के लिये सरकार द्वारा किये गए निवेश व कल्याणकारी कार्यक्रम और इस कुप्रथा के खिलाफ सार्वजनिक रूप से प्रभावी संदेश देने जैसे कदमों के चलते बाल विवाह की दर में कमी देखने को मिली है। यूनिसेफ के अनुसार अन्य सभी राज्यों में बाल विवाह की दर में गिरावट लाए जाने की प्रवृत्ति दिखाई दे रही है। किंतु कुछ जिलों में बाल विवाह का प्रचलन अब भी उच्च स्तर पर बना हुआ है।अक्सर हम रीति-रिवाज व परम्परा के नाम पर अनदेखा करते हैं। देश में बाल विवाह के खिलाफ कानून बने हैं और समय-समय पर उसमें संशोधन कर उसे ओर प्रभावशाली बनाया गया हैं। फिर भी लगातार बाल विवाह हो रहे हैं। भारत में बाल विवाह पर रोक संबंधी कानून सर्वप्रथम सन 1929 में पारित किया गया था। बाद में सन 1949, 1978 और 2006 में इसमें संशोधन किये गए। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह कराने पर 2 साल की जेल व एक लाख रुपए का दंड निर्धारित किया है।अगर सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नही हो पा रहा है। तो इस असफलता के पीछे सबसे बड़ा कारण है इसके प्रति सामाजिक जागरुकता की कमी। जब तक समाज में बाल विवाह रोकने के प्रति जागरूकता नहीं आएगी तब तक यह कुरीति खत्म नही होने वाली है। बाल विवाह एक सामाजिक समस्या है। सिर्फ कानून के भरोसे बाल विवाह जैसी कुप्रथा को नहीं रोका जा सकता है। देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से खत्म करना है तो इसके लिए समाज को ही आगे आना होगा तथा बालिकाओं के पोषण, स्वास्थ्य, सुरक्षा और शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करना होगा।



## एक नजर

### पागल कुत्ते ने एक दर्जन लोगों को काटकर किया जख्मी



**हुसैनाबाद।** शहरी क्षेत्रों में बाजार करने आये एक दर्जन से अधिक लोगों को पागल कुत्ते ने काटकर जख्मी कर दिया। इसमें मेहंदी नगर के उत्तम देवी, बच्चियां देवी, मो. शबीर आलम, बनकट गांव की अनिता देवी, उर्दवार गांव के दिनेश कुमार,नरेश राम, दुर्गा कुमारी, कोशी गांव निवासी रवि कुमार, हरिनारायण चौधरी कुर्मी टोला सहित कई लोगों को कुत्ते ने काटा है। सभी को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज कर एंटीरैबिज इंजेक्शन दिया गया। बताया जाता हैं कि जिस रास्ते से कुत्ता जा रहा था, सभी को काटकर जख्मी करते गया। इसके आंतक से सभी राहगीरों में भय व्याप्त है।

### उमेश पासवान की पितृ शोक



**छतरपुर।** शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष छतरपुर के बारा निवासी उमेश पासवान (भोला) के पिता बिरजा पासवान 80 वर्ष का लम्बे बीमारी के बाद नारायणा हॉस्पिटल मेदीनीनगर में अंतिम सांस ली। अंतिम संस्कार में समाज सेवी अरबिंद कुमार चुनमुन, जेएमएम केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा, समाज सेवी सुरेश प्रसाद समेत कई शिक्षक लोग शामिल हुए।

# वाहन की धक्के से युवक की मौत, एनएच 98 जाम

### ग्रामीण उग्र हो गए और एनएच 98 को शव के साथ जाम कर दिया



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम कर रहे चालक की वाहन की चपेट में आने से मौत हो गयी। घटना हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सुल्तानी गांव के समीप एनएच 98 पर हुयी। चालक की पहचान सुल्तानी गांव निवासी अनिल साव (35 वर्ष) पिता वासुदेव साव के रूप में हुयी है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर नेशनल हाईवे को जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार रविवार की रात करीब 9 बजे अनिल साव बाइक से कंपनी कार्यालय से निकलकर सड़क की ओर निकला था। इसी क्रम में एनएच 98 पर अज्ञात वाहन ने अनिल को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। अनिल निर्माण कंपनी में ट्रैक्टर ड्राइवर का काम करता था। घटना की सूचना मिलने पर परिजन व स्थानीय ग्रामीण उग्र हो गए और एनएच 98 को कंपनी कार्यालय के सामने शव के साथ जाम कर दिया है। मुआवजा और धक्का मारने वाले वाहन का पहचान करने और चालक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।

सूचना मिलने पर हरिहरगंज पुलिस इंस्पेक्टर चंदन कुमार, पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार तथा पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले को शांत कराने की मशक्कत करते रहे। साथ ही ग्रामीणों को समझा बुझाकर तथा नियम संगत मुआवजा दिलवाने के आश्वासन के बाद घटना के लगभग दो घंटे बाद सड़क जाम खुलवाया गया। इसके बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया।

### वाहन के धक्के से वृद्धा की हुई मौत



**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के ढाब कला गांव में सोमवार कि अगले सुबह एनएच 98 फोरलेन सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन के धक्के से 70 वर्षीय रमणी कुंवर की मौत हो गयी। वह स्व. राजदेव भुइयां की पत्नी थी। ग्रामीणों के अनुसार रमणी कुंवर अपने घर से निकलकर सड़क पार कर खेत की ओर जा रही थी। इस दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर हरिहरगंज पुलिस घटनास्थल पर जाकर शव को कब्ज में लिया। साथ ही पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन का पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क पर लग रहा मछली बाजार, यातायात होती है प्रभावित, दुर्गन्ध से लोग परेशान



**मोहम्मदगंज।** स्टेशन रोड स्थित सिंचाई नहर चौक के पास सड़क पर मछली बाजार लगने से जहां जाम की समस्या दिन पर दिन बढ़ रही है। वहीं इसके गंदगी से फैली दुर्गन्ध से लोग परेशान हैं। वहीं शाम होते ही फेंके गए मछली के अवशिष्ट सड़को के इर्द-गिर्द आवारा कुत्तों का जमावड़ा हो जाता है। मछली बाजार लगने से दिन भर सड़को पर जाम की स्थित बनी रहती है। चूंकि मछली विक्रेता में ज्यादा महिलाओं की संख्या होती है। जिस कारण कोई इनसे उलझना नहीं चाहता। विक्रेता खुद सड़क पर मछली बेचते हैं। वहीं खरीरदार भी सड़क के बीच में ही अपने वाहन को लगा देते हैं। जिससे और जाम की स्थित बन जाती है। लोगों का कहना है कि इस संबंध में कई बार स्थानीय अधिकारी को अवगत कराया लेकिन इस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। जबकि बीते माह स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में लोगों द्वारा मौजूद बीडीओ, अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी को इस संबंध में अवगत कराया था। आश्वासन के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद पुनः स्थानीय ग्रामीणों ने बीते 5 दिन पहले मोहम्मदगंज पुलिस को इस संबंध ने शिकायत किया। जिसके बाद एसआई सुबीर किस्को मौके पर पहुंचकर मछली विक्रेता को उक्त स्थल से हटाकर सिंचाई नहर रोड में दुकान लगाने का निर्देश दिया। परंतु प्रशासन की सख्ती के वावजूद स्थिति जस की तस बनी है। लोगों का आरोप है कि अधिकारियों की उदासीनता के चलते समस्या से रोजाना रूबरू होना पड़ रहा है। स्थानीय लोगो ने पुनः स्थानीय अधिकारी से अन्यत्र स्थानों पर मछली बाजार व्यवस्थित करने की मांग करने की बात कही है।

## बिजली कार्यालय में 130 उपभोक्ताओं ने जमा किया विपत्र

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जिले के हुसैनाबाद क्षेत्र में रविवार को खुला रहे बिजली आपूर्ति कंपनी के कार्यालय में 130 उपभोक्ताओं ने बिल जमा किया। हैदरनगर के तिवारी कांप्लेक्स में शिविर लगा कर बिजली उपभोक्ताओं की समस्या सुनी गई और बिजली बिल भी जमा लिया गया। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधाओं का ख्याल रखते हुए कार्यालय सामान्य दिनों की तरह खोला गया था। हुसैनाबाद व हैदरनगर में एक लाख 74 हजार 620 रुपए जमा किए गए। जपला कार्यालय में बिजली बिल का एक लाख रुपए एवं हैदरनगर ने 74620 हजार रुपए का भुगतान प्राप्त हुआ है।

## राशन मांगने पर मारपीट करने का आरोप

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र के पंसा पंचायत अंर्तगत राणाडीह पचपोखरी गांव निवासी चंद्रदीप राम की पत्नी रीता देवी ने डीलर के प्रतिष्ठान पर जाने के बाद राशन मांगने पर हरिजन जाति सूचक शब्दों का गलत प्रयोग कर उन्हें व उनके परिजनों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाई है। उन्होंने हैदरनगर थाना में दिये गये आवेदन में बताया है कि गांव के डीलर सुधा देवी के प्रतिष्ठान पर मई माह का राशन मांगने गई तो डीलर के पति विरेन्द्र सिंह व पुत्र राजू सिंह ने उनकी जाति का नाम लेकर ताबड़तोड़ गाली गलौज करते हुए कहा कि इस माह का राशन नहीं मिलेगा। जिसका प्रतिरोध करते हुए रीता ने बोली कि गांव के अन्य कई लोगों को राशन मिल गया तो उन्हें क्यों नहीं मिलेगा। इतना कहने पर डीलर के पति विरेन्द्र सिंह, पुत्र राजू सिंह व पोता छोटू सिंह उन्हें मारने की नियत से हमला बोल दिया। इस दौरान वह अपने घर में जा घुसी। इसके बावजूद छोटू सिंह उनके घर स्टील के रॉड लेकर प्रवेश कर वार कर दिया। जिससे उनके सिर फट गये हैं। उन्हें बचाने आये पुत्र के बाद डीलर के पति व पुत्र ने उनकी बच्ची व पुत्र को पटककर लात - घुसों से पिटाई कर दी। महिला ने पुलिस को आवेदन देकर बताया है कि इस घटना से उनके परिवार को जान का खतरा है। उन्होंने पुलिस से अविलंब न्याय की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि पचपोखरी निवासी रीता देवी के आवेदन पर दर्ज प्राथमिकी पर अनुसंधान की जा रही है। उन्होंने कहा कि जाति सूचक शब्द के साथ दुर्व्यवहार करने व मारपीट किये जाने के आरोप लगाई है। उन्होंने कहा कि इस मामले में दूसरे पक्ष के लोगों ने भी मारपीट किये जाने संबंधित आवेदन दिया है। जिस पर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## पाटन के कई जगहों पर जलापूर्ति योजना अभी तक अधूरी

- योजना में पारित अध्यक्ष को भी पता नहीं है एस्टीमेट की जानकारी
- बिना काम कराये निकाल ली गईं पूरी राशि



नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** ग्राम कुंदरी हरिजन टोला में भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति उन्नत ग्राम योजना अंतर्गत झारखंड राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विभाग की ओर से सोलर युक्त नल जल योजना का निर्माण कार्य वर्षों से अधूरा पड़ा है। इस दिन योजना से एनजीओ ने करीब 11लाख रुपए के निकासी कर ली, लेकिन अभी तक योजना पूरी नहीं हुई। लोग इस भीषण गर्मी में पानी के लिए लोग इधर-उधर भटक रहे हैं। योजना को अधूरी छोड़ एनजीओ फरार है। इस मामले में योजना का अध्यक्ष अलेखा देवी ने बताया कि इस गांव में दो जगह पर टंकी के निर्माण कर दो बोरिंग करके पाइपलाइन द्वारा घर-घर पानी देना था। साथ में सोलर युक्त लाइट भी लगवानी थी। लेकिन अभी तक एनजीओ द्वारा सिर्फ पानी टंकी बोरिंग वह कुछ सोलर लाइट ही लगाई गई है। योजना का क्रिया वन कमेटी के माध्यम से किया जाना था। लेकिन योजना का एस्टीमेट कमेटी के किसी मेंबर को नहीं बताया गया। इतना ही नहीं एनजीओ द्वारा अध्यक्ष और सचिव से चेक पर साइन करवा कर पैसे की निकासी भी कर ली गई। वहीं योजना को अधूरा छोड़ दिया गया। अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि टोले में पानी की इतनी परेशानी है कि लोग 600 मीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। जिससे काफी परेशानी हो रही है। एनजीओ की लापरवाही से नल जल योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा विभाग इस पर मौन है।

## पशुपालन कार्यकर्ताओं को मिला डाटा इंट्री का प्रशिक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कृत्रिम गभार्धान विषय पर पशुपालन कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला पशुपालन कार्यालय सभागार पलामू में दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत पशुधन एप में डाटा एंट्री का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर सदर मेदिनीनगर, छतरपुर, लेसलीगंज, सतबरवा, चैनपुर, रामगढ़, पाटन, पांडवा, नवाबाजार और नवडीहा बाजार के कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्ता भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. प्रभाकर सिन्हा, पशु शल्य चिकित्सक डॉ. दीनबंधु गुप्ता, सहायक कुक्कुट पदाधिकारी डॉ उदय सिन्हा, टीवीओ बभनडीह डा. संगीता कुमारी, टीवीओ लेसलीगंज डॉ. संदीप उपाध्याय, टीवीओ सतबरवा डा. तौफीक अहमद, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी लेसलीगंज डा. दिलीप महतो, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर डा. अनुप विलियम लकड़ा, डाटा एंट्री ऑपरेटर जितेंद्र खत्री, सुप्रिया एक्का और विभिन्न प्रखण्ड के लगभग सैंकड़ों कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मौके पर प्रशिक्षुओं के बीच प्रमाण पत्र भी बांटे गए।

## छिपादोहर के युवक का महुआखला-पचघारा जंगल से मिला नरकंकाल, 17 दिनों से था लापता



### कपड़ा, चप्पल और हाथ में बंधे धागा से परिजनों ने किया पहचान, जांच में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के नावाडीह ओपी अंतर्गत महुआखाला-पचघारा के जंगल से एक युवक का नरकंकाल बरामद हुआ है। कंकाल की पहचान छिपादोहर गांव निवासी चंद्रशेखर मिश्रा उर्फ डब्लू मिश्रा के पुत्र राकेश मिश्रा उर्फ मोनू मिश्रा के रूप में हुई है। कपड़ा, चप्पल, मोबाइल और हाथ में बंधे धागे को देखकर कंकाल की पहचान मोनू के परिजनों ने खुद की है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गई है। यहां बताते चलें कि मोनू पिछले 17 दिनों से लापता था। इस संबध में परिजनो ने थाना में गुमशुदगी का मामला भी दर्ज कराया था। परिजनो के अनुसार मोनू पिछले दस मई से लापता था। काफी खोजबीन के बाद जब उसका कहीं पता नहीं चला तो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। लेकिन पुलिस ने उदासीनता बरती। जिससे ग्रामीणों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार मोनू मिश्रा पिछले दस मई की शाम को घर से निकाला था। जिसके बाद वह वापस नहीं आया। हर संभावित जगह तलाश करने के बाद मोनू के पिता डब्लू मिश्रा ने थाना में चार युवकों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। नामजद सभी आरोपी युवक भी विश्रामपुर थाना क्षेत्र के ही निवासी हैं। परिजनो का आरोप है कि पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई ही नहीं की। नहीं तो मोनू को बचाया जा सकता था। लेकिन पुलिस तो शव भी बरामद नहीं कर पाई। पुलिस की अकर्मण्यता से ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

### ग्रामीणों से सूचना मिलने पर परिजनो ने ढूंढा शव

महुआखाला - पचघारा के जंगल में एक कंकाल दिखाई देने की चर्चा स्थानीय लोग दबी जुबान से रविवार को ही कर रहे थे। जानकारी मिलते ही सोमवार को परिजन ग्रामीणों के साथ उक्त जंगल में शव की तलाश शुरू की। जंगल में काफी अंदर जाने के बाद एक जगह झाड़ियों के बीच काफी बदबू आ रहा था। नजदीक जाने पर एक नरकंकाल दिखाई पड़ा। बगल में पड़ा चिथड़ा बन चुका कपड़ा, हाथ में बंधा धागा, मोबाइल और घटनास्थल से कुछ दूर मिले चप्पल से परिजनो ने कंकाल की पहचान मोनू मिश्रा के रूप में की। जिसकी सूचना विश्रामपुर पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर विश्रामपुर एसडीपीओ राकेश कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान, थाना प्रभारी सौरभ चौबे, नवाडीह ओपी प्रभारी राजबर्धन पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। जिसके बाद डॉग स्क्वायड बुलवाया गया। लेकिन कुछ सफलता नहीं मिली। उसके बाद कंकाल को पुलिस ने पोस्टमार्टम हेतु मेदिनीनगर एमएचसीएच भेजा। पुलिस ने दावा किया कि जल्द ही मामले का उद्भेदन करते हुए सभी हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

### बाइक से गिरकर महिला गंभीर, रेफर

**हुसैनाबाद।** जपला महुडंड मुख्य सड़क के घासीदाग गांव के समीप बसोमवार को बाइक से गिर कर 55 वर्षीय सोना देवी नामक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। उक्त महिला महुडंड गांव निवासी अंतु परहिया की पत्नी हैं। राहगीरों ने घायल अवस्था में उक्त महिला को बेहोसी की हालत में इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्रारंभिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता हैं कि महिला बाइक से जपला आ रही थी,इसी क्रम में बाइक पर पीछे बैठी महिला गिरकर बेहोश हो गई।

### 234 बेटिकट यात्री धराये

**मेदिनीनगर।** धनबाद रेल मंडल के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर डालटनगंज रेलवे स्टेशन से नगर उटारी के बीच लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में टिकट चेकिंग चलाया गया। सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान में 234 बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से राजस्व एक लाख 90 हजार 585 रुपये बतौर जुमार्ना वसूला गया।

## लोक अदालत

### मोहम्मदगंज में पहुंचा चलंत न्याय रथ

# कोई भी व्यक्ति केस लड़ने से वंचित नहीं रहेगा : विक्रम

### गांव में लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया जा रहा है

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में सोमवार को मोहम्मदगंज स्टेशन रोड में चलन्त लोक अदालत सह न्याय रथ पहुंचा। इसके तहत लोगों को कानूनी जानकारी के अलावे जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उपलब्ध पंपलेट, कानूनी पुस्तक आदि का वितरण किया गया। मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट बीर विक्रम बक्स राय ने कहा कि चलन्त लोक अदालत के माध्यम से गांव-गांव में जाकर लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही सरकार द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं, ताकि लोग जागरूक होकर अपना हक अधिकार प्राप्त कर सके। उन्होंने लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति केस लड़ने से वंचित नहीं रहेगा। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से लोगों को मुफ्त केस लड़ा जा रहा है। साथ ही डालसा के द्वारा कई स्कीम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होंगे तब तक वे शोषण के शिकार होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कानूनी जागरूकता से व्यक्ति की दुर्बलता दूर होती है। उन्होंने कहा कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम कराना कानूनन जुर्म है। उन्होंने शिक्षा के अधिकार व मनरेगा, सूचना के अधिकार आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की। साथ ही डायन बिसाही व ड्रग्स के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण लोग गांजा, अफीम की खेती करते हैं। उनपर केस होता है। जेल जाते हैं। भविष्य बर्वाद हो जाता है। पैसे की लालच में गलत कार्य करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत मध्यस्तता, लोक अदालत, विधिक जागरूकता शिविर आदि का आयोजन किया जाता है। इससे लोगों में काफी जागरुकता आया है। उन्होंने कहा कि जिनकी आमदनी तीन लाख सालाना से कम है। प्राकृतिक आपदा से ग्रसित, दिव्यांग, एससी-एसटी परिवार से आते हैं। महिला हैं और कारा में बंद हैं व बच्चे हैं। ऐसे लोगों को मुफ्त विधिक सहायता उपलब्ध कराया जाता है, जिसके तहत केस लड़ने के लिए मुफ्त वकील उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही कोर्ट फीस माफ किया जाता है उन्होंने कहा कि आज न्याय आपके द्वारा पहुंचा है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की समस्या हो तो आप जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में एक सादे कागज पर आवेदन दे सकते हैं। जिस पर त्वरित कार्रवाई की जाती है।



मौके पर ग्रामीणों ने चलंत लोक अदालत में कई समस्याएं रखी। ग्रामीण का आवेदन लिया गया। मौके पर पीएलभी श्रीकांत तिवारी और भोलानाथ शर्मा, सीओ रणबीर कुमार, एसआई शेख अमानुल्लाह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## सीआईएसएफ जवान के घर से जेवरात व नगद की चोरी

- सीआईएसएफ के जवान विजय उड़ीसा के कटक में कार्यरत हैं
- घटना के वक्त घर पर कोई नहीं था

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के हरभोंगा गांव में सीआईएसएफ के जवान विजय यादव के घर में चोरी हो गयी। चोर पांच हजार रुपए नगद एवं लगभग एक लाख रुपए के जेवरात ले उड़े। घटना के वक्त घर पर कोई नहीं था। जवान बच्चे के साथ रिश्तेदारी में भवनाथपुर गए थे। पत्नी दरभंगा गांव पर गयी थी। 27 मई की सुबह पड़ोसी रामवधार साव से घर में चोरी होने की सूचना मिली। बता दें कि सीआईएसएफ जवान विजय उड़ीसा के कटक में कार्यरत हैं। पड़ोसी के अनुसार जवान के घर के दरवाजे के ताले टूटे हुए थे। जवान द्वारा पड़ोसी से उनसे अनुरोध करने पर वे घर के अंदर घुसकर देखे तो सभी रुम के दरवाजा के ताले टुटा हुए पाए गए एवं सामान बिखरे हुए थे। बाद में मामले की जानकारी पत्नी को दी गई। सूचना पाते ही पत्नी दरभंगा से पहुंचकर देखी तो गोदरेज में रखा हुआ पांच हजार रुपए नगद, सोने के झुमका, लॉकेट, अंगूठी एवं चांदी के पायल गायब थे जिसकी कीमत लगभग एक लाख रुपए रही होगी। मामले की जानकारी जवान की पत्नी ने चैनपुर थाना में दी। सूचना पर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा एवं अन्य मौके पर पहुंचे एवं स्थिति का ज्यादा लेते हुए छानबीन शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच के क्रम में पाया की दरवाजा का ताला टूटा हुआ एवं सामान बिखरे हुए हैं। अब तक आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन आने के बाद मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



खुल गया | खुल गया | खुल गया
नीलकमल फर्नीचर
मेसर्स विनय इंटरप्राइजेज
गायत्री मंदिर रोड, सुदना
प्रो. अभिषेक कुमार
नीलकमल के अधिकृत विक्रेता सभी तरह के | फर्नीचर के लिए एक बार जरूर पधारें
दीवान, सोफा, आलमीरा, स्कूल फर्नीचर, प्लास्टिक की कुर्सी, टेबल व सभी सामानों के सेट उपलब्ध
8789497720 | 9199963588

# यात्री बस व हाइवा में जोरदार टक्कर, एक दर्जन यात्री घायल





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रांची रोड स्थित पंकज धर्मकांटा के समीप एक यात्री बस और हाइवा में जोरदार टक्कर हो गयी। इस घटना में बस के खलासी समेत एक दर्जन यात्री घायल हो गए। इधर हाइवा चालक भी चोटिल हो गया। घटना के सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले गयी। वहीं सभी घायलों का इलाज एमएमसीएच में भर्ती किया गया है। फिलहाल सभी घायल खतरे से बाहर हैं। जानकारी के अनुसार लातेहार के मंडल से यात्री बस डालटनगंज आ रही थी। बस में करीब 45 यात्री थे। बस जैसे ही पंकज धर्मकांटा के समीप पहुंची कि विपरीत दिशा से आ रहे हाइवा से टक्कर हो गयी। दुर्घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। सहचालक लातेहार के बरवाडीह के रहने वाले कृष्णा कुमार ने बताया कि बस का अगला चक्का ब्लास्ट कर गया था, जिस कारण बस असंतुलित हो गई और हाइवा से टक्कर हो गयी। उंटारी रोड मझिआंव के हाइवा चालक रंजीत कुमार यादव ने बताया कि छतीसगढ़ से डस्ट लेकर आ रहे थे। पोलपोल में रेलवे निर्माण के लिए अनलोड करना था। हाइवा लेकर रोड के एक साइड में जा रहे थे कि अचानक बस ने टक्कर मार दी। घटना के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गयी। जो जख्मी हुए उन्हें इलाज के लिए एमएमसीएच लाया गया। जबकि जिन्हें हल्की चोट लगी वे वहीं उतर कर उतरकर चले गए। हाइवा के सहचालक का पैर टूट गया है। बस सहचालक का सिर फूट गया है। सभी घायलों को एमएमसीएच में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार जख्मी यात्रियों में राजो देवी, सरिता देवी, धनपति सिंह, मुनेश्वर सिंह, सरोज सिंह, दिलीप सिंह सहित अन्य शामिल हैं।





### शहरी क्षेत्र में वाहनों के स्पीड नियंत्रित किया जायेगा : डीएसपी

डीएसपी मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना स्थल पर पहुंच गई थी। उन्होंने बताया कि इस घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं लगी है। थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में तेज गति से चलने वाले वाहनों की रफ़तार को कम करने के लिए थाना प्रभारी व ट्रेफिक प्रभारी को दिशा निर्देश दिया गया है। ताकि शहरी क्षेत्र में वाहन का स्पीड नियंत्रित हो सके। उन्होंने हेलमेट की जांच भी नियमित करने की बात कही है।

## न्यूज | बॉक्स

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुलिस ने दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार मनातू थाना क्षेत्र में 25 मई को 14 साल की नाबालिग से दुष्कर्म की घटना हुई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी देवनाथ सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पॉक्सो समेत कई गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार 25 मई को मनातू थाना क्षेत्र में नाबालिग चापकल से पानी भर रही थी, उसी क्रम में देवनाथ सिंह मौके पर पहुंचा और नाबालिग का अपहरण कर लिया। अपहरण के बाद आरोपी नाबालिग को गांव के नदी किनारे ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़िता ने परिजनों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद परिजनों ने मनातू थाना पूरी बात बात कर प्राथमिक की दर्ज कराई। दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया था और अपने एक करीबी रिश्तेदार के घर पर छिपा हुआ था। जिसका पता चलते ही पुलिस ने छापेमारी कर देवनाथ सिंह को गिरफ्तार कर लिया। मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि घटना उस समय घटी जब नाबालिग हैंडपंप पर पानी भरने गयी थी। आरोपी के खिलाफ पोस्को समेत कई गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### सुड़ी गांव के निवासी पानी की व्यवस्था में हो रहे परेशान

**मेदिनीनगर।** बोरिंग फेल होने के बाद भी जलमीनार बना देने से सुड़ी गांव के निवासी भीषण गर्मी में पानी के लिए तरस रहे हैं। जल जीवन मिशन योजना के तहत बनाए गए जलमीनार केवल दिखावा का निर्माण बन गया है। छह महीना पहले बनकर तैयार पानी टंकी से अभी किसी घर को जलापूर्ति नहीं हुआ है जबकि पाइप लाइन बिछाकर काम पूरा हो जाने की रिपोर्ट कर दी गई है। पूर्व पंचायत समिति सदस्य संतोष चंद्रवंशी ने बताया कि जलमीनार को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। गांव के लिए पानी के लिए परेशान हैं। मनोज पासवान, कलावती देवी, सीता कुंवर, घुनरी देवी आदि ने भी पानी के लिए हो रही परेशानी का जिक्र करते हुए कहा कि आसपास के सारे कुएं सूख चुके हैं। पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। परेशान ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर उपायुक्त का ध्यान खींचने और समस्या का निदान निकालने का आग्रह करने के लिए आवेदन देने की बात कही है।

### पलामू में अवैध शराब धंधा पर नहीं लग रहा लगाम

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में अवैध शराब के धंधा पर लगाम लगाने में उत्पाद विभाग और पुलिस सफल नहीं हो पा रही है। हर हफ्ते अवैध शराब भट्ठी तोड़े जा रहे हैं परंतु पेशेवर लोगों के खिलाफ पुख्ता कार्रवाई नहीं होने से महुआ और स्पिरिट से शराब बनाने व उसे बिहार में खपाकर करोड़ो रुपये कमाने का धंधा बदस्तूर जारी है। बिहार की सीमा के नजदीक वाले थाना क्षेत्र यथा हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, हरिहरगंज, पिपरा, छतरपुर, नौडीहा बाजार, पाटन, मनातू आदि में महुआ से शराब बनाने, बेचने आदि का धंधा खूब फलफूल रहा है। मौसम अनुकूल नहीं रहने के कारण इस साल महुआ का फूल कम गिरा है। इसके कारण महुआ फूल का मूल्य अभी ही 50 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गया है। इससे महुआ से बनाए जाने वाले शराब की कीमत में मजबूत स्थिति में है। पांकी क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि महुआ फूल की कीमत अभी 50 रुपये मिल रहा है, यह स्थिति गत वर्ष दो-तीन महीना रखने के बाद मिल रहा था। पलामू के उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार के अनुसार लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद अवैध शराब के खिलाफ तेज हुई छापेमारी के दौरान 3206 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त किया गया जबकि 88650 किलोग्राम जावा महुआ जब्त कर नष्ट किया गया। 7828 लीटर अवैध निर्मित विदेशी शराब, 250 लीटर स्प्रिट, 8.64 लीटर देसी शराब व 17.4 लीटर बीयर भी बरामद किया गया।

## एक नजर

### शहरी क्षेत्र में चलाया गया वाहन चकिंग अभियान

**मेदिनीनगर।** शहरी क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कई वाहनों को पकड़ा गया है। 22 वाहनों का चालान काटने के लिए परिवहन कार्यालय भेजा गया है। यातायात प्रभारी ने बताया कि बिना हेलमेट और ब्लैक सीसा वाले चार पहिया वाहनों को भी चेक किया गया है।

### रेमल चक्रवात के प्रभाव से आकाश में बादल

**मेदिनीनगर।** रेमल चक्रवात के असर से पलामू के आकाश में रविवार को दोपहर बाद से बादल का डेरा है। हल्की हवा भी चल रही है। इससे गर्मी से थोड़ी राहत है। शनिवार को हालांकि पलामू जिला राज्य में सर्वाधिक गर्म क्षेत्र रहा था और रविवार को भी अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री सेल्सियस ही रहा। न्यूनतम तापमान भी 28.8 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार रेमल का कोई खास असर पलामू जिले में नहीं पड़ेगा परंतु गर्जन के साथ आंशिक बारिश हो सकती है। इधर उत्तर कोयल नदी के उपरी जल-ग्रहण क्षेत्र में बारिश से नदी में पानी बढ़ गया है। अप्रैल में सूख गई नदी मई महीने में हरी हो गई है। रविवार को नदी में करीब दो फीट पानी बह रहा है। इससे नदी का पर शाम में बैठना काफी सुकून दिया।

# इप्टा ने स्थापना दिवस मनाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इप्टा पलामू इकाई के द्वारा 81वें स्थापना दिवस को जन संस्कृति दिवस के रूप में मनाया गया। यह सर्वविदित है कि इप्टा की स्थापना 25 में 1943 को हुई थी। इप्टा द्वारा संचालित संस्कृतिक पाठशाला की गतिविधियों के दौरान 42 वीं कड़ी में जन संस्कृत दिवस मनाया जाने की तैयारी को लेकर 10 दिवसीय बाल नाट्य कार्यशाला 15 मई से 24 मई तक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सौरभ रंजन, मनीषा कुमारी, अंजली कुमारी, रेणु कुमारी, रिया कुमारी, सलमान हव्वारी, छोटू कुमार एवं अनुभव मिश्रा ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान नाट्य प्रस्तुति के आवश्यक तत्व पर चर्चा करते हुए असगर वजाहत द्वारा लिखित नाटक सबसे सस्ता गोश्त तैयार किया गया। साथ ही दो गीत भी तैयार किए गए। जन संस्कृत दिवस के मौके पर 25 मई को शाम में स्थानीय कोयल नदी के तट पर स्थित मरीन ड्राइव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम रायपुर इप्टा रंगकर्मी यशवंत वासनिक को समर्पित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रारंभ में मिशन समृद्धि के अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव, प्रतिष्ठित व्यवसायी नवल तुलस्यान, इप्टा पलामू के अध्यक्ष प्रेम भसीन, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश सिंह एवं प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव ने सामूहिक रूप से इप्टा का गौरवशाली झंडा ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद इप्टा पलामू के कलाकारों ने अपनी पहचान गीत अइल नगाड़ा ले के इप्टा मैदान में प्रस्तुत किया। इसी के साथ अंशु आर्ट के कला गुरु आशा शर्मा के नेतृत्व में लाइव पेंटिंग जैम की शुरूआत हुई।

# मतपत्र की गिनती को लेकर सुपरवाइजरों व असिस्टेंट को दिया गया प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोकसभा आम चुनाव 2024 हेतु मतगणना की तिथि 4 जून 2024 को निर्धारित है। पलामू लोकसभा क्षेत्र की मतगणना मेदिनीनगर के गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज के परिसर में होना है। इसी के निमित इलेक्ट्रानिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम (ईटीपीबीएस) के तहत आने वाले ई पोस्टल मतों की गणना कैसे की जाए, इसको लेकर सोमवार को जिला सूचना व विज्ञान पदाधिकारी रणबीर सिंह ने समाहरणालय के सभागार में काउंटिंग सुपरवाइजरों व काउंटिंग असिस्टेंट को प्रशिक्षण दिया। ईटीपीबीएस के तहत प्राप्त ई पोस्टल बैलेट को गणना के पहले क्यू आर कोड स्कैनर से ई पोस्टल बैलेट को स्कैन करके उसकी वैद्ता की जांच की जाती है। जाँच के दौरान सही पाये गये ई पोस्टल बैलेट को, पोस्टल बैलेट के गणना हेतु बने मतगणना हॉल में इनकी गिनती की जाती है। इस दौरान उन्होंने सभी को मतों को खोलने और गिनने की प्रक्रिया के विषय के बारे में जिला सूचना व विज्ञान पदाधिकारी के द्वारा प्रतिभागियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। इस दौरान फॉर्म 13 ए, 13 बी, 13 सी को कैसे स्कैन करना है तथा उसके पश्चात उसे कैसे खोलना है। स्कैनिंग के उपरांत रिजेक्टेड व वैलिड मतपत्र को अलग-अलग बास्केट में रखना है। इससे संबंधित अन्य जानकारी भी दी गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण कोषांग एवं पोस्टल बैलेट कोषांग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# पारदर्शी मतगणना के लिए मतगणकों को प्रशिक्षण देंगे प्रशिक्षित प्रशिक्षक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री शशिरंजन के आदेशानुसार सटीक,नियमित,निष्पक्ष व पारदर्शी मतगणना के लिए प्रशिक्षकों की तैयार टीम 28 मई 2024 को गिरिवर+2 उच्च विद्यालय मेदिनीनगर में मतगणकों को प्रशिक्षण देगी। इसके लिए आज दिनांक 27 मई 2024 को समाहरणालय के ब्लॉक-ए के सभागार में मास्टर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर उपस्थित सदर एलआरडीसी श्री प्यारेलाल व छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा ने पोस्टल बैलेट की गणना की बारीकियों व मतगणना संबंधी अनेक सावधानियों के बारे में बताया। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी ने मतगणना सहायक, मतगणना पर्यवेक्षक व सूक्ष्म प्रेक्षकों के कार्यों एवं सीयू से मतों की गणना करते हुए 17सी के भाग-2 में उम्मीदवारों के प्राप्त मतों को दर्ज करने, मतगणना एजेंट से हस्ताक्षर कराने तथा उन्हें भी एक प्रति देने संबंधी नियमों की क्रमानुसार जानकारी दी। जिला प्रशिक्षक रामानुज प्रसाद ने वीवीपैट के पर्चियों की गणना प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। वहीं अमरेन्द्र पाठक व अशोक सिंह ने कंट्रोल यूनिट के रिजल्ट सेक्शन से एड्रेस टैग एवं ग्रीन पेपर सील हटाने की विधि एवं मतों के प्रदर्शन तथा इसके दुहराव की जानकारी दी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर रामप्रवेश शर्मा, क्यूम अंसारी, श्यामलाल उरांव, चन्द्रशेखर शुक्ला सहित अन्य लोगों ने प्रशिक्षण में भाग लिया।



### तीरंदाजी एकेडमी के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**मेदिनीनगर।** रेड़मा जी एल ए कॉलेज स्टेडियम स्थित द्रोणाचार्य तीरंदाजी एकेडमी के खिलाड़ियों ने अंतर जिला स्तरीय तीरंदाजी सेमिनार में भाग लिया। जहां पलामू, चतरा, हजारीबाग से 60 खिलाड़ी मौजूद थे। वहीं पलामू द्रोणाचार्य एकेडमी के खिलाड़ियों ने 40 मीटर के तीरंदाजी खेल में अपना शानदार प्रदर्शन दिखाया। मौके पर पलामू तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष सुमित बर्मन ने बताया की यह सेमिनार खिलाड़ियों के लिए इस लिए आयोजित की गई ताकि आगामी राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर सके।

# कच्चे कुएं का पानी पीने को विवश हैं ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड के रेवारातू पंचायत अंतर्गत चांपी गांव के लिटिया टोला के निवासी कच्चे कुंए से थोड़ा-थोड़ा पानी निकालकर उसे कपड़ा से छानने के बाद पेयजल के रूप में प्रयोग कर रहे हैं। पानी की किल्लत से जूझ रहे ग्रामीणों ने बताया कि पानी जुटाने में परेशानी के कारण मकान बनाने का काम शुरू नहीं कर पा रहे हैं। गांव में पांच यूनिट अबुआ आवास स्वीकृत हुआ है। ग्रामीण राजेश सिंह ने बताया कि सारे जलस्त्रोत सूख गया है। 40 साल पहले बनाए गए कच्चा कुंआ का गंदा जल को निकालकर पीना मजबूरी बन गया है। सिंचाई कार्य के लिए खेतों में तीन कुआं बनाएं गए थे। बोल्डर रखकर कुंआ को बांधा गया था। गर्मी के कारण दो कुआं सूख गए हैं। स्कूल का चापाकल भी खराब है। एक कुंआ में थोड़ा पानी है। पानी निकालने के क्रम में जल काफी गंदा हो जाता है। उसे पतला कपड़ा से छानकर पीने में प्रयोग किया जा रहा है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि को जानकारी दी गई है। सोहराय सिंह ने बताया कि उनके घर के पास कुछ दिन पहले एक नया चापाकल लगाया गया है परंतु उसमें पानी नहीं निकल सका है। मजबूरी में कच्चा कुंआ का पानी पी रहे हैं। सुनील सिंह के अनुसार 20 घरों वाले टोले पर करीब 100 की आबादी निवास करती है।

## अपनापन

### अस्पताल प्रबंधन ने पैसा नहीं चुकाने पर आरक्षी का शव देने से कर दिया था इंकार

# एसपी ने पेश की मिसाल, बिल भुगतान के लिए दिए 1.2 लाख रु.

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में प्रतिनियुक्त आरक्षी प्रदीप पासवान के परिजनों के लिए एसपी रीष्मा रमेशन ने मददगार साबित हुई हैं। पुलिस मेंस एसोसिएशन ने एसपी को जब यह बताया कि प्रदीप कुमार का इलाज हैदराबाद में चल रहा था, उसे बचाया नहीं जा सका और उसके परिजनों के पास अस्पताल में देने के लिए पैसे नहीं है। तब एसपी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए 1.2 लाख रु. की राशि देकर बिल भुगतान कराया है। जानकारी के अनुसार आरक्षी की तबीयत खराब होने के बाद मौत की खबर सुनकर एसपी काफी व्यतीत हुई और उसकी मदद के लिए आगे आईं। आरक्षी का लीवर एवं किडनी का इलाज हैदराबाद में चल रहा था। जो गढ़वा जिला का रहने वाले था। कुछ दिनों से गढ़वा में भर्ती थे,परंतु स्थिति में सुधार ना होने के कारण एआइजी अस्पताल हैदराबाद में भर्ती कराया गया था। वहां भी उन्हें बचाया नहीं जा सका और इलाज में काफी खर्च हो जाने के कारण प्रदीप पासवान के परिजनों की हालत बहुत खराब हो गई। पैसे के अभाव में हैदराबाद से उक्त जवान का शव देने से अस्पताल प्रबंधक मना कर दिया। ऐसी स्थिति में पुलिस जवान प्रदीप पासवान के परिवार वाले काफी घबरा गए एवं पलामू के पुलिस मेंस के सदस्यों से बात किया। पुलिस मेंस एसोसिएशन के सदस्यों के द्वारा तत्काल पलामू की पुलिस अधीक्षक को इसकी सूचना दिया । सूचना के उपरांत बिना विलंब किए अस्पताल में जमा करने वाला राशि 1,20000( एक लाख बीस हजार रुपये) तत्काल उपलब्ध कराया गया। इस महान कार्य के लिए पूरे पलामू पुलिस एवं पुलिस जवान प्रदीप पासवान का पूरा परिवार, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन का आभार जताया है। पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि कहा कि जब कभी पुलिस जवान पर संकट आता है तब पुलिस अधीक्षक खुद खड़ी होकर जवानों का मदद करती है। पुलिस जवान का पार्थिव शरीर पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस मेंस एसोसिएशन पलामू के सहयोग एवं पहल से आज सुबह उनके गांव कलशबारिया आ गया है। गांव में ही गढ़वा पुलिस एवं पलामू पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा पुलिस जवान के गांव गढ़वा जिला के कलश बारिया में सलामी दी गई। सलामी में मुख्य रूप से पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रदेश संयुक्त सहायक मंत्री लालेश्वर राम, पलामू जिला के मेंस एसोसिएशन के सचिव लालू उरांव, कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे, उपाध्यक्ष जयप्रकाश पुरी, संयुक्त मंत्री कृष्ण कुमार एवं अंकेक्षक सुनील राम शामिल हुए।वही माझियाव थाना प्रभारी एवं गढ़वा, पलामू जिला के कई पुलिसकर्मी कार्यक्रम में शामिल हुए। सलामी कार्यक्रम के बाद पुलिस मेंस एसोसिएशन पलामू के द्वारा तत्काल दाह संस्कार के लिए 25000 रुपए का सहयोग राशि भी उपलब्ध कराया गया।







### एसपी की संवेदनशीलता अमिट छाप छोड़ दिया : एसोशिएसन

पुलिस मैंस एसोशिएसन के सुशील सिन्हा, जय प्रकाश पुरी ने बताया कि एसपी रीष्मा रमेशन ने जो काम किया है। वह एसोशिएसन सदैव याद रखेगा। हैदराबाद में इलाज के दौरान जब आरक्षी की मौत हो गई और अस्पतला प्रबंधन परिजनों को शव देने से मना कर दिया। तब इसकी सूचना हमलोगों ने एसपी मैडम को दिया। एसपी ने तुरंत बिना देर किये। 1.2 लाख रु. व्यवस्था कर भेजवाया। यह पुलिस कर्मियों के प्रति उनकी संवेदनशीलता अमिट छाप छोड़ गया। एसोशिएसन उनका दिल से अभार व्यक्त करता है। सुशील सिन्हा ने बताया कि पलामू एसपी के रूप में उन्होंने अभिभावक की भूमिका निभायी है।

## एक नजर

### आंगनबाड़ी की सेविका निर्मला देवी का हुआ निधन


फाइल फोटो

**भवनाथपुर।** प्रखंड के बनसानी पंचायत के झगराखांड आंगनबाड़ी की सेविका निर्मला देवी का निधन रविवार की शाम अपने आवास में हो गई। निधन की सूचना मिलते ही लोगों ने श्रद्धांजलि दी। अंतिम संस्कार झगराखांड शमशान घाट पे किया गया। मुखाग्नी पति गोकुल पासवान ने दिए। इनके निधन से गांव में गमगीन माहौल बना हुआ है। निधन की सूचना मिलते ही झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, भाजपा नेता निरंजन पाठक, शशिकांत पासवान, चेतन पासवान, नीतीश पासवान, माणिकचंद पासवान, रामप्रवेश पासवान, कमलेश पासवान, जोखू राम, मनोज पासवान, अनोज पासवान, विष्णुकांत मेहता, अंजनी कुमार, दयाशंकर यादव,कामेश्वर ठाकुर, पंकज पासवान, अंकज पासवान, सतीश ठाकुर, रमेश पाठक, संजय वर्मा, रामनिवास साह, जनक राम सहित कई ग्रामीणों ने परिजनों से मिलकर ढाढस बांधा।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से महिला हुई घायल

**गढ़वा।** गढ़वा जाटा मार्ग पर मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय के पास एक महिला अज्ञात वाहन के चपेट में आने से घायल हो गई। घायल महिला उत्तर प्रदेश के दुद्धी थाना क्षेत्र के दोमुहान मोहल्ला निवासी दयानंद की पत्नी चंपा देवी बताया गया है। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि चंपा देवी की माईके जाटा गांव में है। अपनी मायके से गढ़वा स्टेशन ट्रेन पकड़ने के लिए जा रही थी। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन के चपेट में आ गई। इससे वह घायल हो गई। घटना के बाद साथ के परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया इस घटना में उसके पैर फैक्चर हो गया।

### सरकारी चापाकल बाउंड्री के अंदर करने पर किया विरोध

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड से महज दो सौ मीटर के दूरी पर स्थित एक सरकारी चापाकल को बाउंड्री के अंदर करने को लेकर ग्रामीणों के द्वारा वीडियो नंदजी राम को शिकायत कर बाउंड्री के बाहर कराने के मांग किया है दिए आवेदन में कहा है कि मुखिया मद से मटकोड़वा स्थल के नाम से आया था । जिसको पुटून रावत ने अपने घर के बगल में गड़वा लिया जब चापाकल सही से चलने लगा तो पुटून रावत के द्वारा चारो तरफ से दीवार खड़ा कर दरवाजा लगा दिया गया। जिस से मटकोड़वा करने जाने वाले लोग एवम आप पास के लोग को पानी के लिए काफी परेशानी हो रही है। इस संबंध में पूछे जाने पर वीडियो नंदजी राम ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है जांचो उपरांत नियमसंगत कारवाई किया जाएगा।

### भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**गढ़वा।** गढ़वा केतार थाना क्षेत्र के परती गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों में रामविलास प्रजापति का पुत्र मुन्नीलाल प्रजापति एवं बिशुन देव प्रजापति के नाम शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदन अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में मुन्नीलाल प्रजापति ने आरोप लगाया है कि रामलाल प्रजापति के साथ उसका भूमि का विवाद चल रहा था।

# जवान का शव घर आते ही मचा कोहराम, गांव में पसरा सन्नाटा

## पिछले कई महीनों से लीवर की समस्या से ग्रसित था जवान प्रदीप





### पलामू पुलिस ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

**प्रदीप पासवान की मौत के बाद पलामू पुलिस मेन्स एसोसिएशन के सदस्य एवं डाल्टनगंज से पुलिस के जवान उसके गांव पहुँचे। और मृतक के शव को सम्मान देते हुए गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा दो मिनट का मौन रहकर मृतक की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई।**

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

मझिआंव थाना क्षेत्र के तलसबरिया गांव निवासी कैलास पासवान के पुत्र पलामू पुलिस के जवान प्रदीप कुमार पासवान (आरक्षी1935)36वर्ष का शव सोमवार को शुबह में गांव पहुंचा। शव आते ही पूरे घर में कोहराम मच गया और घर वाले रोते रोते बेहाल हो गए, इस दौरान यह खबर पूरे गांव व आस पास में फैल गया और देखने वाले लोगों का तांता लगा रहा। मृतक के परिजनों ने बताया कि प्रदीप पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना के दंगवार पिकेट पर तैनात था। और पिछले कई माह से वह लिभर की समस्या से ग्रसित था। गढ़वा के चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि लिभर में खराबी आ गई है। इसके बाद उसे वाराणसी, दिल्ली एम्स आदि अस्पतालों में दिखाया गया। कोई फायदा नहीं होने पर उसे ए आई जी हॉस्पिटल हैदराबाद में ले जाया गया। जहां पर 25मई को उसकी मौत हो गई। मृतक प्रदीप अपने पीछे अपनी पत्नी बबिता देवी, ग्यारह वर्षीय नाबालिग पुत्र प्रियांशु,माता एवं पिता को छोड़ गया है। इस अवसर पर पलामू पुलिस परिवार के तरफ से मृतक के अंतिम संस्कार के लिए तत्काल नगद 25हजार रुपये प्रदान किये गए। तथा उसके परिजनों को ढांढस बंधाया गया। मौके पर मझिआंव थाना प्रभारी आकाश कुमार, पलामू मेंस एसोसिएशन के केंद्रीय संयुक्त मंत्री लालेश्वर राम, उपाध्यक्ष जयप्रकाश पुरी, मंत्री लालू उरांव, कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे, संयुक्त मंत्री कृष्णा कुमार,सुनील कुमार, सुनील प्रसाद, सुनील मेहता, समय राम, विनय कुमार एवं ईश्वर राम सहित अन्य कई पुलिस जवान उपस्थित थे।

# प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट पर दो पक्षों में जमकर मारपीट

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार प्रखंड सह अंचल कार्यालय के मुख्य गेट पर सोमवार को दो पक्षों के बीच खुनी संघर्ष में जमकर मारपीट हुई इस मारपीट की घटना में एक पक्ष के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार अंचल कार्यालय के द्वारा परती गांव के बघौता टोला निवासी पहले पक्ष के विष्णु देव प्रजापति और दुसरे पक्ष रामलाल प्रजापति के पास एक ही भूमि का दो केवला नहीं था इसी का जनसुनवाई के लिए नोटिस भेजकर भूमी विवाद निपटारा के लिए बुलाया गया था। अंचल कार्यालय में बीडीओ सह सीओ सावित्री कुमारी, सीआई नागेन्द्र पाठक और कर्मचारी प्रकाश कुमार ने जनसुनवाई किया। जनसुनवाई को दोनों पक्षों ने नहीं माना तत्पश्चात जनसुनवाई को सिविल कोर्ट में भेज दिया गया। जनसुनवाई के दौरान ही दोनों पक्षों में नोंक-झोंक होने लगी इसके बाद दोनों पक्ष जनसुनवाई से बहार निकले और मुख्य गेट पर ईंट - पत्थर चलाकर एक-दूसरे को मारपीट करना शुरू कर दिया। आस-पास के लोगों ने दोनों को छुड़ाया और इसकी जानकारी पुलिस को दी।इस मारपीट की घटना में पहले पक्ष के दो लोगों की हालत गंभीर है उन्हें इलाज के लिए एम्बुलेंस से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां डाक्टर ने गंभीर स्थिति देखकर सदर अस्पताल रेफर कर दिया।वहीं दुसरे पक्ष के भी लोगों को चोट लगी है। दुसरे पक्ष के राम लाल प्रजापति लखन प्रजापति जगरनाथ प्रजापति सहित दो अन्य को पुलिस घटनास्थल से उठाकर थाना ले गयी। इस घटना में ग्रामीणों और कर्मियों का करीब आधा दर्जन बाईक क्षतिग्रस्त हो गया।



### दुर्घटना को आमंत्रण दे रही पुलिया

**भवनाथपुर।** थाना मोड़ मुख्य पथ से भवनाथपुर थाना को जोड़ने वाली पथ पर स्थित वर्षों पुरानी पुलिया किसी बड़े दुर्घटना को आमंत्रित कर रही है। उक्त पुलिया का निर्माण करीब 50 वर्ष पूर्व कराया गया था, जो अब जीर्ण शीर्ण अवस्था में पहुँच गई है। पुल के नीचे से दोनों पिलर टूट चुकी है, साथ ही उक्त पुलिया के उपर की ढलाई टूटने से एक बड़ा सा होल बन चुका है। पुलिया जर्जर होने से पुलिस वाहन को भी बड़ी सावधानी से पुल से गुजरना पड़ता है, अगर पुलिस प्रशासन द्वारा किसी अवैध कार्य में संलिप्त बड़े वाहन को पकड़ा जाता है, तो उस वाहन को पुलिस द्वारा थाना मोड़ स्थित मुख्य पथ के किनारे ही खड़ा करना पड़ता है।

# विधायक की अनुशंसा पर खरौंधी पंचायत में लगा पांच चापाकल

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

खरौंधी पंचायत के बाजार क्षेत्र में प्रचंड गर्मी मे पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने विधायक भानु प्रताप शाही को अवगत कराया था।उक्त समस्या को देखते हुए विधायक ने तत्काल पीएचडी विभाग को नया बोर करते हुए चापाकल लगाने की अनुशंसा की ताकि बाजार क्षेत्र में लोगों को इस प्रचंड गर्मी में पीने का पानी उपलब्ध हो सके खरौंधी प्रखंड क्षेत्र में जलस्तर काफी नीचे चला गया है जिससे पीने के पानी की काफी समस्या हो गयी है।पीने के पानी की समस्या को देखते हुए विधायक भानु की अनुशंसा से पीएचडी विभाग के द्वारा सोमवार से खरौंधी पंचायत में युद्ध स्तर पर



चापाकल लगाने का कार्य जोरो पर जारी है मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा ने बताया की पीने के पानी की समस्या को दूर करने के लिए विधायक की अनुशंसा से खरौंधी में पांच चापाकल लगाया जा रहा है जिसमे खरौंधी पंचायत में धर्मेंद्र पासवान के घर के पास,शिवमंगल गुप्ता के घर के पास,निरंजन जायसवाल के घर के वास,चन्द्रावती देवी के घर के पास एवं स्नेही राम के घर के पास चापाकल लगाते हुए बाजारवासियों को हद तक इस प्रचंड गर्मी में पानी उपलब्ध कराया जा रहा है इस पुनीत कार्य मे विधायक भानु धन्यवाद के पात्र हैं जो जनता की समस्याओं में हरदम खरे उतरते हैं प्रखंड के सभी पंचायतों में पांच पांच चापाकल लगाते हुए हद तक पानी की समस्या को दूर करने का प्रयासः विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा तत्काल राहत प्रदान करेगा प्रखंड में जो भी चापाकल खराब है वह भी विधायक भानु प्रताप शाही के निर्देश पर ठीक कराया जा रहा है जल्द ही पानी की समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।चापाकल की बोरिंग होते ही लोगों में खुशी की लहर है मौके पर सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान,भाजपा नेता बुद्धनाथ गुप्ता,सुनील रौशन ,कलामुद्दीन अंसारी, उपेंद्र भारती, राजन जायसवाल, धर्मेंद्र पासवान पंकज बैठा,विनोद उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# व्यापार एवं सामाजिक कार्य में आगे रहने वाली 10 महिलाएं की गईं सम्मानित



**चैंबर महिला संगठन टीम गठित संयोजक बनीं संगीता**

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर**

नगर-फैन्सी मैरेज गार्डेन में रविवार की शाम चेम्बर महिला संगठन टीम गठित करने को लेकर चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा बैठक किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ चेम्बर के संरक्षक राम प्रसाद, डॉ धर्मचन्दलाल अग्रवाल,शमीम खान,उदय जायसवाल चेम्बर अध्यक्ष शम्भुनाथ सौदागर,सचिव गोपाल जायसवाल, मानद सदस्य रूपेश जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया।बैठक में आर्थिक रूप से कमजोर होने के बाद भी अपने व्यापार तथा सामाजिक कार्यों में अग्रसर रहने वाली 10 महिलाओं को चैम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा शॉल तथा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया इसके बाद चैम्बर महिला टीम संगठित करने के लिये चेम्बर महिला संयोजक संगीता कुमारी तथा सह संयोजक लवली आनन्द सहित 20 महिलाओं का चयन किया गया।बैठक में कहा गया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये इस कार्यक्रम की तैयारी किया गया था,ताकि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल सके बैठक में चैम्बर अध्यक्ष शम्भुनाथ सौदागर,सचिव गोपाल प्रसाद जायसवाल, मानद सदस्य डॉ धर्मचन्दलाल अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त किये।बैठक में चैम्बर उपाध्यक्ष उमेश कुमार,सह सचिव रंजन कुमार उर्फ छोटू,कोषाध्यक्ष आनन्द अग्रवाल, शमीम खान,कार्यकारिणी सदस्य विनोद कांस्यकर, दिलु चौबे, चन्द्र प्रकाश, मिक्की जायसवाल, राजीव सोनी, रूपेश कुमार,राकेश कुमार, शालू कुमार, आनन्द कुमार, रमेश कुमार, बिरेन्द्र कुमार, सत्यम,बिरेन्द्र, गोपाल प्रसाद, अरुण जी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व व्यवसायी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चैंबर उपाध्यक्ष हृदयानंद कमलापुरी ने किया।

# डीडीसी ने अबुआ आवास निर्माण में तेजी लाने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। केतार।**

प्रखंड कार्यालय केतार के सभागार कक्ष में सोमवार को उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्र ने प्रखंड कर्मियों और सभी मुखिया के साथ अबुआ आवास योजना और मनरेगा योजना की क्रियान्वयन को लेकर बैठक की। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त ने पंचायतवार सभी पंचायत कर्मियों से अबुआ आवास निर्माण की समीक्षा की। इसमें अबुआ आवास में प्लिंथ की स्थिति, पहली और दूसरी किश्त का भुगतान, मजदूरी भुगतान के बारे में प्रखंड कर्मियों और मुखिया से जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीण विकास योजना द्वारा संचालित योजना अबुआ आवास के निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश जनप्रतिनिधियों और मनरेगा कर्मियों को दिया। उन्होंने मनरेगा योजना से मिलने वाली मजदूरी की राशि का भुगतान कराने और सिंचाई कूप प्राक्कलन के अनुसार बरसात से पूर्व पुर्ण करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने उप विकास आयुक्त को गुलदस्ता , अंग वस्त्र और मां चतुर्भुजी का तस्वीर भेंटकर सम्मानित किया।इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी, पंचायत सचिव आदित्य कुमार, आयुषी चौबे, सुरेश राम नवल-किशोर यादव, जेई राजीव कुमार, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# नशीले पदार्थों के सेवन को रोकना हम सबका सामाजिक दायित्व : सिविल सर्जन

- **बच्चों को नशीले पदार्थों से दूर रखने में मुख्य भूमिका उनके अभिभावकों की है हमें अपने बच्चों पर नजर रखने की जरूरत है**

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में सोमवार को सदर अस्पताल में नशा उन्मूलन अभियान को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डा.अशोक कुमार उपस्थित थे। बता दें कि झालसा रांची के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। पीडीजे सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजेश शरण सिंह एवं सचिव रवि चौधरी के निर्देश पर गढ़वा शहर के स्कूलों,




बस अड्डा, रेलवे स्टेशन समेत सभी सार्वजनिक स्थानों पर लोगों के 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को नशीले पदार्थों के सेवन करने से रोकने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

सदर अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में सिविल सर्जन ने कहा कि बच्चों को नशीले पदार्थों से दूर रखने में मुख्य भूमिका उनके अभिभावकों की है। हमें अपने बच्चों पर नजर रखने की जरूरत है। जबकि हमारी जानकारी में भी कोई बच्चा यदि नशीले पदार्थों का सेवन कर रहा है या फिर वह ड्रग पैडलर का पोषित बन कर कार्य कर रहा है तो भी हमारी जिम्मेदारी बनती है कि उसे सही रास्ते पर लाएं। इसके लिए उसे नशा मुक्ति केंद्र में काउंसिलिंग कराने के लिए भेजा जाएगा। जरूरत पड़ने पर नशे का सेवन करने वाले लोगों को दवा के माध्यम से भी ठीक किया जाता है। उन्होंने कहा कि फिलवक्त पलामू स्थित मेदिनीराय मेडिकल कालेज हास्पिटल में नशा मुक्ति केंद्र संचालित है।

नशे के कारण समाज में कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। वैवाहिक संबंध टूट रहे हैं। नशे के कारण कई परिवार बर्बाद हो रहे हैं। नशा उन्मूलन में भागीदारी निभाना हम सबका सामाजिक दायित्व है। कार्यक्रम में पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने कहा कि नशीले लत से मुक्ति के लिए नशा मुक्ति केंद्र या मेडिकल ट्रीटमेंट की आवश्यकता वाले बच्चों को कानूनी रूप से सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार को पीएलवी के माध्यम से सूचना उपलब्ध कराया जाएगा।

नशीले पदार्थों की लत या उसे बेचने में संलिप्त बच्चों के निश्शुल्क कानूनी सहायता दिलाने के लिए हरसंभव मदद दिलाए जाएगी। कार्यक्रम में सदर अस्पताल गढ़वा के चिकित्सक डा. टी पीयूष, स्थायी लोक अदालत के सदस्य राकेश कुमार त्रिपाठी, अधिवक्ता राहुल ऋषि, जनक विकास धारा आगेनाईजेशन के सचिव रामाशंकर चौबे आदि ने भी विचार व्यक्त किए। मौके पर पीएलवी उमाशंकर द्विवेदी एवं संगीता सिन्हा , स्वास्थ्य विभाग के डीडीएम सुजीत कुमार मुंडा, विमलेश कुमार, संजय कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### श्राद्धकर्म में मुखिया ने सहयोग किया



**केतार।** केतार प्रखंड के मुकुन्दपुर गांव निवासी रामचंद्र बियार के मां का मृत्यु विगत दिनों हो गई थी, वो काफी दिनों से बिमार थी। मुखिया मुंगा साह मृतक के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त किया और श्राद्धकर्म करने के लिए 50 किलो आटा और नगद राशि देकर सहयोग किया। इस अवसर पर मुखिया मुंगा साह ने कहा की पंचायत के गरीब असहाय परिवार के सहयोग के लिए वो हमेशा तैयार रहते हैं। इस मौके पर वार्ड सदस्य धर्मेन्द्र सिंह, ओमनारायण गुप्ता, रमेश बियार, अंगद गुप्ता, रामनाथ बियार सुनील बियार, अरविंद गुप्ता, गोपाल बियार, उपेंद्र गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पंचायत सचिव पर कमीशन मांगने का आरोप, डीडीसी से की शिकायत

**केतार।** प्रखंड के परसोडीह गांव निवासी देव कुमार ठाकुर सोमवार को उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्र को आवेदन देकर पंचायत सचिव पर कमीशन मांगने का आरोप लगाया है। आवेदन में उल्लेख किया है की परसोडीह हाई स्कूल प्रांगण में अमृत वाटिका में गर्मी के दिनों में मजदूरों द्वारा पानी पटवन किया गया। इसका मजदुरी भुगतान के लिए मास्टर रौल निकाला गया था। पंचायत सचिव नवल किशोर यादव मास्टर रौल का भुगतान करने के बजाय अपने पास रख लिया बोले की भुगतान हो जायेगा लेकिन भुगतान नहीं हुआ और मास्टर रौल जीरो हो गया। पुछे जाने पर पंचायत सचिव द्वारा बताया गया की आपके पास एमबी नहीं है। मेरे पास एमबी पहले से ही है पंचायत सचिव के द्वारा भुगतान के लिए दस प्रतिशत कमिशन की मांग किया जा रहा है। डीडीसी ने इस मामले को बीडीओ को देखने का निर्देश दिया।

### लंगूर के आतंक से ग्रामीण परेशान



**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड के राजी, चंदनी, सुंडी सहित अन्य पंचायत में लंगूर(हनुमान) के आतंक से ग्रामीण परेशान है। हनुमान को प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के दर्जनों घरों के साथ साथ पेड़ पौधों पर भी घूमते हुए देखा जा रहा है। हनुमान से सबसे ज्यादा परेशानी खपरैल घर वाले को है। राजी के दर्जनों लोगो ने बताया कुछ दिन से लगभग तीन दर्जन हनुमान राजी बस्ती में डेरा डाले हुए है। हनुमान को राजी बस्ती में डेरा जमाने से कच्चे घर वालो को ज्यादा परेशानी हो रही है। वे खपरैल घर के छत पर उछल कूद करके खपरैल आदि को तोड़ दे रहे है। साथ ही अमरूद के कच्चे फलों को तोड़कर बरबाद कर दे रहे है। वही छत पर सूखने के लिए फैलाए गए अनाज को तहस नहस कर दे रहे है। साथ ही ग्रामीणों ने बताया खेत में लगे मूंग व हरे सब्जियों की डाली को उखाड़ दे रहे है। अगर ये सभी बरसात आने से पूर्व गांव छोड़कर जंगल को ओर नही गए तो लोगो की परेशानी बढ़ा देंगे।

### क्लीनिक सह अकीफा मेडिकल स्टोर सेंटर का हुआ उद्घाटन



**चिनिया।** चिनिया प्रखंड मुख्यालय स्थित न्यू बस स्टैंड के पास क्लीनिक सह अकीफा मेडिकल स्टोर का उद्घाटन समाजसेवी मोहम्मद फरीद ने फिता काट कर उद्घाटन किया इस मौके पर उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं खुलने से स्थानीय लोगों को काफी सहूलियत होगी मेडिकल संचालक नबीर अंसारी ने बताया कि 24 घंटा लोगों के लिए यहां सेवा उपलब्ध रहेगी यहां पर विभिन्न तरह के बीमारियों का इलाज किया जाएगा तथा सभी तरह के बीमारियों का दवा उपलब्ध है वहीं शुरुआती क्षेत्र में इस तरह के स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होने से लोगों में काफी खुशी है मौके पर मनोज प्रसाद डॉ अएनुल हक हेमंत कुमार मोहम्मद फरीद अब्दुल हामिद अंसारी नरेश यादव नबीर अंसारी नसरुल्लाह अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे ।

### स्वच्छता एवं शहर की सुंदरता पर करोड़ों खर्च के बावजूद न तो शहर स्वच्छ हुआ और न सुंदर



**श्री बंशीधर नगर।** नगर श्री बंशीधर शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहा है। यहां स्वच्छता एवं शहर की सुंदरता पर प्रति वर्ष करोड़ों रुपये खर्च किये जा रहे हैं। लेकिन अब तक न तो शहर स्वच्छ हुआ और न सुंदर। श्री बंशीधर नगर शहर का नाम श्री बंशीधर जी के नाम पर है। यहां विश्वविख्यात श्री बंशीधर मंदिर स्थित है। मंदिर में दर्शन पूजन को लेकर बाहर से प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु आते जाते हैं। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के गंभीर होने के बजाय नपं प्रशासन इसे हल्के में लिया। लिहाजा स्वच्छता और सुंदरता की प्राथमिकता पीछे छूट गयी कमीशनखोरी पहली प्राथमिकता बन गयी। स्वच्छता और सुंदरता के नाम पर पानी की तरह पैसे बहाये गये लेकिन धरातल पर अपेक्षाकृत बदलाव नहीं आया। उदाहरण के तौर पर नपं की ओर से शहर को सुंदर बनाने एवं रात्रि में दुधिया लाईट से जगमग करने के लिये करोड़ों रुपये खर्च कर कई राउंड में सोलर लाईट, इलेक्ट्रिक लाईट, झालर एवं सोलरयुक्त हाईमास्ट लाईट लगाया गया था। लेकिन घटिया लाईट लगाये जाने एवं नियमित देखभाल नहीं होने से शहर को सुंदर एवं जगमग करने का उद्देश्य अधूरा रह गया। करोड़ों की लगी लाईटें लगने के साथ ही आँख मिचौनी करने लगीं।

## एक नजर

### तीन बाइक सवार आपस में भिड़े, तीनों को लगी गंभीर चोट



**महुआडांड़।** प्रखंड के बोहटा नदी के समीप डाल्टनगंज महुआडांड़ मार्ग पर तीन बाइक आपस में भिड़ गए। जिसमें तीनों को लगी गंभीर चोट जिसमें समाजसेवी गोपाल कुमार के द्वारा सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जिसमें प्रभारी डॉक्टर अमित खलखो के द्वारा के द्वारा इलाज किया गया। एक युवक टीमकिटांड और दो बोहटा के युवक थे। घायलों में एक व्यक्ति के पैर फैक्चर व दो को घुटने चोट आई है। जिसमें विकास कुमार को बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया । और एक युवक को लातेहार रेफर कर दिया गया।

### जिपुआ ग्राम में सर्प दंश से बुजुर्ग महिला की हुई मौत

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मुरपा पंचायत अंतर्गत जिपुआ ग्राम में आज सोमवार को सर्प दंश के कारण एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। बुजुर्ग महिला जिपुआ ग्राम निवासी स्वर्गीय तुलसी यादव की पत्नी आशा मसोमात है। जिसे गंभीर अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर डॉक्टर ध्रुव कुमार ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची पर कर दिया, लेकिन रांची ले जाने के क्रम में रास्ते मे ही उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बुजुर्ग महिला अपने घर में कुछ जरूरी कार्यों का निपटारा कर रही थी इसी दौरान किसी विषैले सांप ने उसे डंस लिया। जिससे वह अचेत होकर गिर पड़ी और गंभीर व्यवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया।

# पत्नी बन रही थी प्यार में रोड़ा, भाभी के साथ मिलकर रास्ते से हटाया, दोनों गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददता। लातेहार**

लातेहार जिला के छिपादोहर थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज ममाला सामाने आया है। छिपा दोहर थाना क्षेत्र निवासी मनरूप कुमार सिंह ( 21वर्ष) पिता दिवाकर सिंह ने भाभी के साथ मिल कर अपनी ही पत्नी मोनिका देवी को दुपट्टे से गला घोटकर हत्या कर दी थी। साक्ष्य को छुपाने के लिए घर के पाटन से दुपट्टे से बांधकर लटका दिया था। जिसका लातेहार एसपी अंजनी अंजन द्वारा गठित डीएसपी बरवाडीह के नेतृत्व में छिपादोहर पुलिस ने मामले का उद्वेदन किया है। इस मामले को लेकर एसपी अंजनी अंजन ने लातेहार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेस वार्ता कर हत्या का उद्वेदन किया है।

एसपी ने बताया कि मृतका के पति मनरूप कुमार सिंह से पूछताछ करने पर उसने हत्या का कारण अपने भाभी कलावती से 2 वर्ष का प्रेम प्रसंग बतलाया है कहा अपने भाभी कलावती देवी उर्फ सुनैना देवी पति संदीप सिंह से पिछले दो वर्षों से प्रेम प्रसंग था और मनरूप कुमार की पत्नी कई बार अपने भाभी सुनैना के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख चुकी थी जिसका विरोध करने पर मनरूप और उसकी भाभी सुनैना ने मिलकर अपनी पत्नी का गला घोट कर हत्या कर दी और आत्महत्या का रूप देने के लिए घर के पाटन से दुपट्टा के सहारे गले में फंदा लगाकर टांग दिया था। जानकारी के अनुसार उनकी शादी एक माह पहले हुई थी।

इस मामले में पुलिस ने दोनों अभियुक्त मनरूप और सुनैना को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत लातेहार कारा भेज दिया है। साथ ही पुलिस ने हरा रंग का दुपट्टा भी बरामद किया है।इस छापेमारी टीम में बरवाडीह रेंज डीएसपी के अलावा छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह एसएसपी राजेश कुमार आईआरबी सत 143 सशस्त्र बल के जवान आदि शामिल रहे।




### कोयला वाहन दुर्घटनाग्रस्त, बाल बाल बचा चालक

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के बड़की नदी के समीप सोमवार सुबह कोलवाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें चालक बाल-बाल बच गया। घटना चालक के झपकी लग जाने के कारण हुई। बताया जाता है कि कोल वाहन टंडवा से कोयला लेकर कटकमसांडी डिपो जा रहा था। इसी क्रम में बड़की नदी के समीप कोल वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हालांकि इस घटना में किसी को कुछ नहीं हुआ। परंतु कोल वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह मौके पर पहुंचकर घटना की विस्तृत जानकारी ली। बताते चलें कि ज्यादा से ज्यादा ट्रिप लगाने के चक्कर में चालकों द्वारा काफी तेज गति से कोल वाहन को चलाया जाता है। वैसे में दिन प्रतिदिन कोल वाहनों की दुर्घटनाग्रस्त होने की संख्या निरंतर बढ़ रही है।

## न्यूज बॉक्स

### ट्रेनिंग पूरा होने पर सादे समारोह में प्रशिक्षु आईपीएस ललित मीना को दी गई विदाई



**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना प्रभारी रहे प्रशिक्षु आइपीएस ललित मीणा का तीन माह का प्रशिक्षण कार्यकाल पूरा होने पर थाना बरवाडीह पुलिस कर्मचारियों द्वारा रविवार शाम सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसडीपीओ वेंकटेश कुमार ने प्रशिक्षु आईपीएस को सम्मानित करते हुए कहा कि प्रशिक्षु एसपी ने तीन माह के प्रशिक्षण कार्यकाल के दौरान बरवाडीह थाना क्षेत्र में अपनी सेवाएं दी। उन्होंने अपनी मेहनत और ईमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन करते हुए जन समस्याओं को जाना और उन्हें दूर करने का पूरा प्रयास किया। वहीं एसपी ललित मीणा ने बताया कि जीवन में हर पल सिखने का अवसर आता है हमें अपने आसपास का सामाजिक पर्यावरण हर क्षण कुछ नया सिखने को देता है।बरवाडीह थाना क्षेत्र में काम करने का उनका सुखद अनुभव रहा और अपने सहयोगी पुलिस कर्मियों से उन्हे बहुत कुछ नया सिखने को मिला।वंही गांवों,पंचायतों,व्यापारी,दुकानदारों सहित सभी का उन्हें पूरा सहयोग मिला। एसपी ललित मीणा ने बताया कि बरवाडीह क्षेत्रवासियों के लिए उन्होंने पूरा समय दिया और उनकी समस्याओं को दूर करने का हरसंभव प्रयास किया।इसके साथ ग्रामीणों, युवाओं, अन्य सामाजिक,धार्मिक संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए एसपी ने कहा कि पुलिस के सहयोग से एक स्वच्छ समाज बनाने के लिए अपने प्रयास निरंतर करते रहे,हर पुलिसकर्मी समाज की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहता है। इस अवसर पर एसपी व अन्य पुलिस कर्मियों ने थाना परिसर में पौधारोपण भी किया।

## आग लगने से घर के बाहर खड़ा टेंपो जलकर खाक



**टेंपो मालिक ने जानबूझकर आग लगाने का जताया अंदेशा**

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत डुमारो के भरभरी टांड में रविवार की देर रात्रि घर के बाहर खड़ी एक टेंपो में आग लग गई।आग लगने से टेंपो पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है। वाहन मालिक ने कहा कि अज्ञात अपराधियों के द्वारा ही मेरे सीएनजी टेम्पो जेएच 01 एफजी 2702 में आग लगाया गया है । अगलगी की घटना के बाद टेम्पो में लगा सीएनजी का सिलेंडर ब्लास्ट कर गया, जिस कारण टेम्पो जलकर खाक हो गया। घटना के सम्बंध में भुक्तभोगी बिगन यादव ने चंदवा थाना में लिखित आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि रविवार की रात्रि टेम्पो को घर के बाहर खड़ा किया था, रात्रि लगभग साढ़े दस बजे अचानक से धमाका होने की आवाज सुनने के बाद घर से बाहर निकले तो देखा टेम्पो से आग की लपटें उठ रही थी। अनान-फानन में आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन जबतक आग पर काबू पाया जाता टेम्पो जलकर खाक हो चुका था। इन्होंने अंदेशा जताया है कि अज्ञात अपराधियों के द्वारा टेम्पो में लगे सीएनजी टैंक में आग लगाए जाने के कारण उक्त घटना हुई है। इधर चंदवा पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### पति-पत्नी में हुआ तू-तू मैं-मैं, सनकी पति ने की आत्महत्या

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के द्वारी में बीते देर रात महेश भुइयां 34 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक सदर थाना क्षेत्र के भगवानदास मुहल्ला निवासी व द्वारी गांव के दोदी भुइयां का दामाद बताया जा रहा है। घटना की सूचना सोमवार सुबह पुलिस को मिली तो पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक युवक अधिकांश ससुराल में ही रहता था। बीते रात युवक शराब का सेवन किया था और पत्नी को रात में ही चतरा चलने की जिद करने लगा। पत्नी सुबह जाने की बात कह रही थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच तू तू मैं मैं हुआ। इसके पश्चात सभी के सो जाने के बाद युवक ने पास के महुआ पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इधर पुलिस यूडी केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## बाइक को बोलेरो ने मारा धक्का, 2 आईआरबी जवान समेत चार घायल, 2 रिम्स रेफर



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

बालूमाथ टंडवा मार्ग पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के जर्री ग्राम स्थित पेट्रोल पंप के पास रविवार की रात करीब 8:00 बजे आगे आगे चल रही एक बाइक को बोलेरो वाहन ने पीछे से धक्का मार दी। जिसमे दो आईआरबी जवान समेत चार लोग घायल हो गए हैं। घायलों में बालूमाथ थाना क्षेत्र के नगड़ा ग्राम निवासी बाइक चालक रामेश्वर साव के पुत्र रामदयाल साव एवं बालूमाथ रेलवे स्टेशन के समीप स्थित पुलिस पिकेट में पदस्थापित आईआरबी जवान अमित हेरेंज पिता केनेथ हेरेंज, कुंदन कुमार भगत पिता रामानंद भगत तथा बालूमाथ थाना क्षेत्र के बसिया ग्राम निवासी बोलेरो वाहन का चालक बिट्टू यादव घायल हो गया ी जिसमें घायल बिट्टू यादव का इलाज निजी क्लीनिक में किया गया। जबकि शेष घायलों का इलाज बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर ध्रुव कुमार एवं डॉ सुरेंद्र कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से इलाज की गई लेकिन रामदयाल साव एवं आईआरबी जवान अमित हेरेंज की स्थिति को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया ी डॉक्टर ने घायल रामदयाल साहू का स्थिति नाजुक बताया है ी इधर बालूमाथ थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की वानबीन में जुट गई है।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

### आवश्यक सूचना (नोटिस)

नाम– (1) अजीत साव उर्फ छोटू, पिता–भिखारी साव, सा0–मथुरा बांध, थाना एवं जिला–गढ़वा एवं (2) बुक्की सोनी उर्फ मनु सोनी, पिता–विजय सोनी, सा0–सोनारी मुहल्ला, थाना–चैनपुर, जिला–पलामू, दोनों राज्य–झारखण्ड आपलोगों को सूचित किया जाता है कि आप दोनों गढ़वा थाना कांड सं0–85/24, दिनांक–13.02.2024, परिवर्तित धारा–394/411, भा0द0वि0 एवं 25(1–B)A/26/27/35/25(6)Arms Amedment Act-2019 के अप्रा0 अभियुक्त हैं, आप दोनों उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा आप दोनों के विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। जिसका विधिवत तामिला ढोल बाजे एवं माईक से एलाउन्स करते हुए दिनांक–19.05.2024 एवं 20.05.2024 को आपके घर पर इश्तिहार चिपकाकर किया गया है। परन्तु आप दोनों अपने–अपने स्थाई पता से भी फिरार है। अतः आप दोनों को सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आप दोनों अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक
गढ़वा

PR 325128 Police (24-25)_D

## रेलवे ब्रिज के पास हाइवा ने एक को लिया चपेट में, घायल रिम्स रेफर

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

बालूमाथ मुरपा मार्ग पर बसिया रेलवे ब्रिज के पास हाईवा वाहन की चपेट में आने से एक साइकिल सवार व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान बालूमाथ थाना क्षेत्र के नगड़ा ग्राम निवासी सुकन यादव के पुत्र बलकु यादव के रूप में हुई । जहां पर डॉक्टर ध्रुव कुमार के द्वारा इलाज किया गया ' मिली जानकारी के अनुसार घायल बलकु यादव बाइक द्वारा अपने घर से बालूमाथ रेलवे स्टेशन के पास कार्य करने आ रहा था कि ईसी दौरान हाइवा वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसके हाथ और शरीर में कई जगह पर चोट लगी है। फिलहाल बलकु यादव की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है । इधर इस घटना से आक्रोषित ग्रामीणों ने बालूमाथ टंडवा मार्ग पर नगड़ा ग्राम के ग्रामीणों ने लकी ढाबा के पास मुख्य मार्ग को जाम कर दिया जिस कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई और करीब 2 घंटे तक इस मार्ग पर कोयला परिवहन लगी वाहनों के साथ-साथ अन्य वाहनों का आवागमन ठाकुर गया । जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई वही जाम की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मियों ने आक्रोषित ग्रामीणों और घायल व्यक्ति को हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया। इसके पश्चात जाम हटा ली गई । मालूम हो कि रविवार की रात भी नागदा जर्री ग्राम स्थित पेट्रोल पंप के पास एक अनियंत्रित बोलेरो वाहन की चपेट में आने से नगड़ा ग्राम निवासी रामदयाल साव गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# पाइपलाइन बिछा दी, नल भी लगा दिया, पर नहीं आया पानी




**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

पाइप लाइन बिछा दी नल भी लगा दिया, पर जल गायब पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण महुआडांड़ प्रखंड में हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए साल 2018-19 में लोध ग्रामीण जलापूर्ति योजना शुरू हुई थी. योजना की कुल लागत 44 करोड़ रुपये थी। पांच साल गुजर जाने के बाद भी योजना पूरी नहीं हुई। योजना से प्रखंड के सात पंचायतों के 38 गांवों में जलापूर्ति करने का लक्ष्य रखा गया था। ग्रामीणों से कनेक्शन के नाम पर 100-100 रुपये भी लिये गये थे। लेकिन आज भी कई पंचायतों में पानी नहीं पहुंचा है। महुआडांड़ शहर के मुख्य बाजार से सटे दीपाटोली में आज भी आधा-अधूरा कनेक्शन किया गया है। दीपाटोली में आधी जगहों पर पानी की सप्लाई की जा रही है। वहीं आधी में पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। यहां करीब 120 घर हैं और आबादी तकरीबन 500 की है। ग्रामीण बताते हैं कि कई घरों में पाइप लाइन पहुंचा दिया गया है, लेकिन पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो पायी। तत्कालीन उपायुक्त अबु इमरान ने इस जलापूर्ति योजना का निरीक्षण किया था और इसे सुचारू रूप से चलाने का निर्देश दिया था। हामी पंचायत के मुखिया प्रदीप बड़ाईक ने कहा कि योजना अभी तक चालू नहीं हो सका है। ग्रामीण बार-बार मुझसे सवाल करते हैं कि कब तक पानी मिलेगा। मैंने कई बार विभाग से इस संबंध में बात की है, लेकिन हर बार टाल मटोल जवाब मिलता है।

### मवेशियों की चोरी की बढ़ रही वारदात सकते में ग्रामीण

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में इन दोनों मवेशियों की चोरी की वारदात बढ़ गई है। वैसे में किसान व ग्रामीण काफी सकते में हैं। बताया जाता है कि एक सप्ताह में करीब आधा दर्जन ग्रामीणों के मवेशियों की चोरी हो गई है। रविवार देर रात प्रखंड क्षेत्र के लुब्धिया गांव निवासी पूरन यादव के एक गाय व एक बैल की चोरी हो गई। इस प्रकार डगडगवा, कुरकुट्टा, गांगपुर सहित अन्य गांव से भी मवेशियों की चोरी होने की सूचना है। ग्रामीणों बताते है कि मवेशी चोर पिकअप वाहन से आते हैं और मवेशी को लाद कर ले जाते हैं। इधर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि मवेशियों की चोरी होने की सूचना ग्रामीण व किसानों द्वारा नहीं दिया गया है। इसके बावजूद भी मामले की तहकीकात करते हुए जल्द मामला उजागर किया जाएगा।

# आजादी के 75 वर्ष बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है माल्हन पंचायत का तेतरगढ़ा

## पहली बार मुखिया को देख उत्साहित दिखे ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड क्षेत्र के माल्हन पंचायत अंतर्गत ग्राम गनियारी के तेतरगढ़ा के ग्रामीण आजादी के 75 वर्ष के बाद भी पक्की सड़क समेत अन्य कई मुलभुत सुविधाओं से अबतक वंचित हैं। सड़क नहीं रहने के कारण बरसात में यहां के ग्रामीण अपने गांव से निकल नहीं पाते है। यही कारण है की बरसात के दिनों में ग्रामीणों का प्रखंड मुख्यालय से संपर्क कट जाता हैं। जब स्थानीय मुखिया जतरु मुंडा पहली बार तेतरगढ़ा पहुंचे तो ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी यहां के ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने के लिए पक्की सड़क तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन के उदासीन रवैये का खामियाजा यहां की जनता को भुगतना पड़ रहा है।बारिश के दिनों में बच्चे स्कूल नहीं जा पाते है।किसी की तबीयत खराब होने पर गांव में एंबुलेंस तक नहीं पहुंचती है उन्हें खाट पर उठाकर कर इलाज के लिए ले जाना पड़ता है। ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद मुखिया श्री मुंडा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया की लातेहार उपायुक्त को आवेदन देकर इस समस्या से जल्द ही अवगत कराया जायेगा। मुखिया के तेतरगढ़ा पहुंचने पर ग्रामीण काफी उत्साहित दिखे ग्रामीणों ने बताया कि पहली बार कोई मुखिया हमारे गांव में आया है। मुखिया जतरू मुंडा ने कहा कि उनकी पहल पर उक्त टोले में एक जलमीनार लगाया गया है। उन्होंने आगे कहा कि माल्हन पंचायत में खनन क्षेत्र से सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व प्राप्त हो रहा है लेकिन उसके बाद भी क्षेत्र में कोई भी विकास का कार्य नहीं किया जा रहा है। पंचायत में आज भी कई ऐसे क्षेत्र है जंहा जाने के लिए सड़क तक नहीं है। इस संबंध में मैंने कई बार जिला स्तरीय डीएमएफटी की बैठक में भी उठा चुका हूं लेकिन जिला प्रशासन की ओर से अब तक इस पर कोई पहल नहीं की गई है। मौके पर भुनेश्वर गंझू,सुगा देवी,गांगी देवी,जिरवा देवी,मंगरी देवी समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।



## नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट

पत्रांक–1284 | दिनांक– 25.05.2024

### अत्यावश्यक सूचना

नेतरहाट प्रवेश परीक्षा सत्र 2023–24 में सफल एवं तदुपरांत हुए चिकित्सीय जाँच के पश्चात चयनित छात्रों की सूची एवं औपबंधिक नामांकन कार्यक्रम निम्नवत् है:–

| तिथि, समय एवं स्थान | नेतरहाट प्रवेश परीक्षा क्रमांक | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 07.06.2024 ( 08:00 पूर्वाह्न से 11:00 पूर्वाह्न तक) अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, राँची | 1 | NET-2040138 | 26 | NET-3090034 | 51 | NET-2140004 | 76 | NET-2040125 |
| | 2 | NET-3090074 | 27 | NET-2040083 | 52 | NET-2040076 | 77 | NET-2020059 |
| | 3 | NET-2040145 | 28 | NET-1160150 | 53 | NET-2110026 | 78 | NET-2040089 |
| | 4 | NET-2040101 | 29 | NET-2110030 | 54 | NET-2040154 | 79 | NET-2020122 |
| | 5 | NET-2020030 | 30 | NET-3050071 | 55 | NET-2040014 | 80 | NET-2040047 |
| | 6 | NET-2040013 | 31 | NET-2040129 | 56 | NET-2040077 | 81 | NET-2020085 |
| | 7 | NET-2110028 | 32 | NET-2020145 | 57 | NET-4070042 | 82 | NET-2140011 |
| | 8 | NET-2040084 | 33 | NET-2040117 | 58 | NET-2040030 | 83 | NET-1160125 |
| | 9 | NET-2040012 | 34 | NET-2020151 | 59 | NET-3090088 | 84 | NET-2040074 |
| | 10 | NET-2040137 | 35 | NET-3050079 | 60 | NET-2040094 | 85 | NET-2040007 |
| | 11 | NET-2040006 | 36 | NET-2040153 | 61 | NET-3050066 | 86 | NET-2040045 |
| | 12 | NET-2040152 | 37 | NET-2020081 | 62 | NET-2040113 | 87 | NET-4180110 |
| | 13 | NET-2110078 | 38 | NET-2020082 | 63 | NET-2020064 | 88 | NET-2080002 |
| | 14 | NET-2110052 | 39 | NET-2110102 | 64 | NET-1160152 | 89 | NET-1160043 |
| | 15 | NET-2140053 | 40 | NET-1200115 | 65 | NET-3090050 | 90 | NET-5060072 |
| | 16 | NET-2040155 | 41 | NET-2020132 | 66 | NET-1160076 | 91 | NET-1160046 |
| | 17 | NET-2020100 | 42 | NET-4180132 | 67 | NET-1160023 | 92 | NET-2040034 |
| | 18 | NET-4180145 | 43 | NET-2140059 | 68 | NET-5220022 | 93 | NET-3170024 |
| | 19 | NET-1160056 | 44 | NET-2020166 | 69 | NET-5240008 | 94 | NET-2040039 |
| | 20 | NET-1160149 | 45 | NET-3090004 | 70 | NET-2020121 | 95 | NET-5240021 |
| | 21 | NET-2040108 | 46 | NET-2040144 | 71 | NET-2040109 | 96 | NET-2040059 |
| | 22 | NET-2040123 | 47 | NET-2040082 | 72 | NET-4150068 | 97 | NET-1100012 |
| | 23 | NET-2040111 | 48 | NET-2040008 | 73 | NET-3090049 | | |
| | 24 | NET-3090005 | 49 | NET-1160134 | 74 | NET-4070088 | | |
| | 25 | NET-2040116 | 50 | NET-3090010 | 75 | NET-2020127 | | |

उपरोक्त छात्रों को नामांकन सम्बन्धी पत्र भेजा जा रहा है। यदि किसी कारणवश छात्रों को पत्र ससमय प्राप्त न हो पाए तब भी छात्र निर्धारित तिथि एवं स्थान पर निम्नांकित प्रमाण पत्रों/दस्तावेजों की मूलप्रति एवं एक सेट स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ नामांकन हेतु उपस्थित होंगे।

| क्रमसंख्या | प्रमाणपत्र/दस्तावेज |
|---|---|
| 1. | प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, भुगतेय शाखा लोहरदगा, शाखा कोड संख्या–03534 के नाम भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत रू. 10,000/–(रू. दस हजार मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट |
| 2. | अनुमंडल पदाधिकारी/सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत झारखण्ड राज्य का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र |
| 3. | अनुमंडल पदाधिकारी/सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र/EWS प्रमाण पत्र (यदि आरक्षित श्रेणी के हों) |
| 4. | जन्म एवं मृत्यु पंजीयन 1969 के तहत जन्म मृत्यु निबंधक कार्यालय/नगर निगम/पंचायत द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र |
| 5. | सत्र 2022–23 या उस के पूर्व पांचवीं कक्षा उत्तीर्णता का प्रमाण पत्र |
| 6. | विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र की मूलप्रति (DEO/DSE/BEO द्वारा सत्यापित) |
| 7. | नेतरहाट प्रवेश परीक्षा सत्र 2023–24 का प्रवेशपत्र |
| 8. | माता–पिता एवं अभ्यर्थी का आधारकार्ड |
| 9. | प्रथम श्रेणी के दंडाधिकारी/नोटरी पब्लिक द्वारा शपथपत्र की मूलप्रति (दिए गए प्रारूप में जो वेबसाइट में उपलब्ध) |
| 10. | नमांकन हेतु छात्र द्वारा भरा गया आवेदन पत्र (दिए गए प्रारूप में जो वेबसाइट में उपलब्ध) |
| 11. | अभिभावक द्वारा भरा गया छात्र का व्यक्तिगत विवरण, दो प्रतियों में (दिए गए प्रारूप में जो वेबसाइट में उपलब्ध) |
| 12. | विद्यालय द्वारा भेजा गया शारीरिक जाँच में उपस्थित होने सम्बन्धी पत्र की मूल प्रति |
| 13. | छात्र का अद्यतन पासपोर्ट आकार का फोटो–06 प्रति |
| 14. | माता–पिता एवं अभ्यर्थी का सामूहिक फोटोग्राफ |
| 15. | अभ्यर्थी के नाम बैंक खाता का पासबुक |
| 16. | उपरोक्त समस्त प्रमाणपत्रों की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति का एक सेट |

ह०/–
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट

PR 325113 Human Resource Developement(24-25)#D

# आसमान से सूर्य देवता बरसा रहे आग के गोले

- *भीषण गर्मी ने ढाया कहर सड़कों पर पसरा सन्नाटा*
- *दस कदम चलते ही छूटने लगते है पसीने*




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा में गर्मी का सितम लगातार जारी है। सुबह दस बजे से लू के थपेड़ों का सिलसिला शुरू हो चुका है। गर्म हवाएं शरीर को झुलसा रहीं हैं। तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। गर्म हवाएं थोड़ी ही देर में पूरे शरीर को गर्म कर दे रही हैं। दोपहर को तेज धूप के कारण सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम भी कम हो गई है। लोग सूरज की तपिश व लू के थपेड़ों से बिलबिला उठे है। चिलचिलाती धूप और लू ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। सुबह दस बजे से गरमी ने कहर बरपाना शुरू हो गया। सूरज की आग उगलती किरणों को देख घरों से निकलने की हिम्मत न जुटा रहे हैं। खुद को लोगों ने घरों में कैद रखना मुनासिब समझ रहे है। जिनको मजबूरी में निकलना भी पड़ा वह फुल आस्तीन के शर्ट व पैंट पहनकर निकल रहे हैं। चेहरे व सिर को अंगौछे से ढके रहे है।

मई के अंतिम महीने में सूरज का ऐसा सितम देखकर अच्छे-अच्छों को पसीना आ रहा है। सूरज दहक रहा है, धरती तप रही है। आसमान की हिमाकत ऐसी की नजरें मिलाने की हिम्मत भी नहीं हो पा रही। गर्म हवा सांसों को जला रही है। जून महीने में तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। घर से निकलना मुश्किल हो चुका है। 10 कदम चलते ही गर्मी की वजह से पसीने छूटने लगते हैं। घर में भी आराम नहीं है। घर की दीवारे और छत तप रही है। हाल यह है कि एस्बेस्टस के मकानों में रहने वाले लोग अपने आप को कोस रहे हैं। गरीबों के लिए तो जैसे गर्मी कहर बरपा रही है। कुल मिलाकर हाल ऐसा है कि सुबह 9 बजे से शाम के साढ़े 5 बजे तक सड़कों में वीरानी छाई हुई है। दुकानदार अपनी दुकानों को खुला रख पाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। ग्राहकों की भला बात कौन करे। बाजार व्यवस्था पर भी मौसम का असर दिखाई दे रहा है। दो वक्त की रोटी की जुगाड़ में कड़ी धूप में भी मेहनत करने वाले मजदूर, सड़क पर दुकान लगाने वाले छोटे दुकानदार इस गर्मी का कहर झेलने को विवश हैं।

लोहरदगा जिले में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। आने वाले दिनों में तापमान में और भी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। कुल मिलाकर कहा जाए तो इस माह लोगों को गर्मी से राहत मिलती दिखाई नहीं दे रही है। गर्मी की वजह से परेशान लोगों के लिए पेयजल की समस्या और बिजली की आवाजाही ने उनकी परेशानियों को और भी बढ़ा दिया है। हालांकि लू के थपेड़े शाम तक महसूस किए जाते रहे। उमस भरी गर्मी में कूलर भी ज्यादा ठंडक न कर सके। फिलहाल मौसम के गर्म तेवर ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। दोपहर में गर्म हवाएं खासकर दोपहिया चालकों को पस्त कर रही है। लोग थोड़ी देर वाहन चलाते हैं और फिर कहीं पेड़ की छांव या किसी दुकानों में ठहर कर आराम कर लेते हैं। लू और भीषण गर्मी का कहर जारी है। तालाब, पोखर, आहार सूख रहे हैं।



*राजधानी रांची में झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लोहरदगा लोकसभा इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत, धनबाद इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह सहित प्रदेश के विधायक, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गण बैठक कर एक जून को होने वाले झारखंड के चुनाव में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने हेतु रणनीति पर चर्चा करते हुए।*

## एक नजर

### शोकाकुल परिवारों से मिले सुखदेव भगत

**गुमला।** सदर प्रखंड के ग्राम गंगुपाड़ा के रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता श्याम उरांव का भतीजा संतोष उरांव उम्र 24 वर्ष विगत रात्रि को सोते समय उसको सांप काट दिया था। परिजनों ने उसे लेकर सदर अस्पताल इलाज के लिए लाया था सदर अस्पताल ने बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर किया गया था जहां इलाजरत उसकी मृत्यु हो गया था। जानकारी मिलते ही झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लोहरदगा लोकसभा इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत गंगुपाड़ा गांव पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट किये तथा कहे की इस दुख के घड़ी में वे शोकाकुल परिवारों के साथ है। भगत ने कहा किआपदा विभाग से सांप काटने पर परिजनों को ₹4 लाख देने का प्रावधान है। उनके परिजनों को ₹4 लाख आपदा विभाग से दिलाया जाएगा।

### प्रेम प्रसंग में नाबालिग ने खाई कीटनाशक

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाके अलौदी पंचायत अन्तर्गत उरु तेतर टोली में रविवार को नाबालिक लड़की किसी बात को लेकर कीटनाशक दवा का सेवन कर ली। जिससे स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ने लगा। तभी लड़के के परिजनों द्वारा आनन फानन में 108 एम्बुलेंस के मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्वास्थ्य स्थिति चिंताजनक बताते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। वही बताया जाता है कि अलौदी गोसाई टोली निवासी धनेश्वर उरांव के 17 वर्षीय पुत्री अंजली कुमारी अपने घर से प्रेमी के घर उरु तेतर टोली जा कर रह रही थी. उसी क्रम में रविवार को किसी बात को लेकर विवाद हुआ तो अंजली कुमारी गुस्से में आकर कीटनाशक दवा का सेवन कर ली।

**आर्यवीर दल के सात दिवसीय चरित्र निर्माण शिविर का भव्य समापन**

# ऋषि-मुनियों के सानिध्य की शिक्षा बेहतर : मंत्री रामेश्वर

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा में सात दिवसीय युवा चरित्र निर्माण शिविर का भव्य समापन किया गया। बालवाड़ी संचालिकाओं द्वारा तिलक लगाकर मंत्री रामेश्वर उरांव, सांसद सुदर्शन भगत एवं अन्य आगत अतिथियों का किया गया। कार्यक्रम में संचलन, सर्वांग सुंदर व्यायाम, सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार, कराटे, लाठी संचालन, तलवार, तीर कमान, मुदगर, सरिया मोड़ना, पत्थर तोड़ना, डम्बल, भाला, आसन आदि का बेहतरीन प्रदर्शनी की गई। मुख्य अतिथि विधायक सह मंत्री रामेश्वर उराव ने कहा कि गुरुकुल प्रारम्भ से ही शिक्षा का केंद्र रहा है। जहा ऋषियों मुनियो के सानिध्य मे शिक्षार्थी शिक्षा ग्रहण करते है। आर्य वीर दल के शास्त्र चालन से प्रभावित हुए साथ ही आने वाले दिनों मे गुरुकुल शांति आश्रम मे हो रहे जल समस्या को भी दूर करने का आश्वासन दिया गया। सांसद सुदर्शन भगत ने गुरुकुलीय श्रेष्ठ शिक्षा दीक्षा दिए जाने पर आचार्य शरचचंद्र आर्य का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा की शांति आश्रम मौजूदा समय में ब्रम्हचारियों को संस्कार व आदर्श व्यक्तित्व बना रहा है। गुरुकुल द्वारा कार्यक्रम में मानसी भारती, कृष्ण चंद्र शास्त्री, खुशी भारती, रविंद्र दत्ता, भूषण प्रसाद साहू, अभय भारती, भुवनेश्वर प्रसाद, अर्जुन देव शास्त्री, आलोक महतो, आचार्य आशीष, आचार्य महादेव, सुरेंद्र दत्ता, नितेश उराव, रीमा केशरी, योगेंद्र उरांव के साथ रक्त बीर के सदस्यों को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन आचार्य शरतचंद आचार्य गुरुकुल आश्रम के द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रांतीय सर संघ संचालक लाल सच्चिदानंद अग्रवाल, वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह, पतंजलि योग समिति के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह, नवल किशोर सिंह, हनुमान राजगड़िया, कलावती देवी, अभय भारती, गुड्डस प्रसाद, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, अरुण वर्मा, जिला परिषद संदीप साहू आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# नहीं मिले अवैध खनिज ढुलाई के सबूत, जांच टीम बैरंग वापस

- *सेन्हा में रात भर चला खनन विभाग की छापामारी, हाथ कुछ नहीं लगा*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** बॉक्साइट, पत्थर, बालू समेत अन्य खनिजों के अवैध परिवहन और ढुलाई पर पूरी तरह पाबंदी लगाने को लेकर गत मध्य रात्रि जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद एवं सेन्हा थाना पुलिस टीम द्वारा संयुक्त छापामारी अभियान चलाया गया। स्थानीय स्तर पर खनिजों के अवैध ढुलाई कथित खनिज माफियाओं द्वारा किए जाने की लगातार शिकायत खनन विभाग को मिल रही थी। 26 मई की रात्रि सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव, कंडरा समेत जिले के सेन्हा स्थिति सीमाना सघन जांच और छापामारी किया गया। इस दौरान किसी प्रकार के खनिज लोडेड वाहन नहीं मिला। डीएमओ की अगुवाई में छापामारी दल घंटों सड़क पर खनिज के अवैध ढुलाई को लेकर खाक छानता रहा। रात में बॉक्साइट, बालू और पत्थर लोडेड वाहन का परिचालन नहीं देखा गया। लगातार प्रयास के बावजूद खनिज के अवैध ढुलाई नहीं देख डीएमओ की जांच टीम बैरंग वापस लौट गई।



### सेन्हा में 24 मामले दर्ज, 6 लाख राजस्व वसूली : डीएमओ

डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया कि, लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र में गत 23 अप्रैल से अब तक अवैध बालू खनन और परिवहन के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा कार्रवाई करते हुए अलग-अलग 24 एफआईआर थाना में दर्ज किया गया। अवैध बालू ढुलाई करते 71 ट्रैक्टर जप्त किया गया। खनन विभाग द्वारा इस निमित्त लगभग 5 लाख 93 हजार फाइन कर राजस्व की वसूली किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### जंगली हाथियों ने किसान के घर को किया ध्वस्त, अनाज कर गए चट

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के कातिंग गुणाटोली गांव में रविवार की रात जंगली हाथियों ने गांव के किसान निरंजन तिग्गा के घर को ध्वस्त कर दिया और चार में रखे धान को चट कर गए घटना के संबंध में पिड़ित किसान की पत्नी ने जानकारी देते हुए बताया की रात में करीब नौ बजे मैं खाना बना रही थी तभी जंगली हाथी गांव में प्रवेश कर गए और हमारे घर के दिवाल को गिराने लगे तभी हमलोग आवाज सुनकर किसी प्रकार अपनी जान बचाकर घर से भाग निकले और इसकी जानकारी गांव वालों को दी जिसके बाद कड़ी मशक्कत से हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा गया हाथियों ने मेरे घर के दिवाल को तोड़ कर घर में रखे धान को खा गए वहीं दिवाल गिरने से घर में रखे जरूरी समान भी नष्ट हो गया है बताते चलें कि कुछ दिनों से जंगली हाथियों का झुंड बेंदोरा और कातिंग क्षेत्र में लगातार उत्पात मचा रहे हैं और किसानों के खेत में लगी सब्जी सहित अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है लेकिन वन विभाग अभी तक हाथियों को खदेड़ने में कोई पहल नहीं कर रहा है जिससे किसानों में आक्रोश है।

### साइबर क्राइम का शिकार होते-होते बचा जगदेव उरांव

गुमला। गुमला जिला अंतर्गत स्थित भरनो थाना क्षेत्र के समसेरा करंज टोली गांव निवासी जगदेव उरांव आज साइबर क्राइम के शिकार होने से बाल-बाल बचा, जानकारी के अनुसार जगदेव उरांव को साइबर ठग ने मोबाइल नंबर 7766032461 से कॉल कर कहा कि मैं ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिस के तरफ से बोल रहा हूं। आपका पीएम किसान सम्मान निधि के तरफ से हर प्रखंड में सरकार द्वारा डीप बोरिंग दिया जा रहा है जिसमें आपका नाम चयनित किया गया है।

### गुहार : नतनी की गुमशुदगी को ले थाने में दिया आवेदन

**भंडरा।** नतनी की गुमशुदगी को लेकर नाना ने भंडरा थाने में आवेदन दिया है। पीड़ित नाना उदरंगी पंचायत के भैसमुंदो टंगरा टोली ग्राम के कंचन महली ने थाना में अपने गुमशुदा 12 वर्षीय नतनी आशा कुमारी को तलाश करने की गुहार लगाई है। आवेदन में जिक्र किया है कि आशा कुमारी 12 वर्ष पिता बजरंग महली ग्राम लकेया थाना सिसई की रहने वाले है पर काफी दिनों से आशा भैसमुंदो में अपने नाना के साथ रहती थी। बीते 24 मई को दोपहर 3 बजे बिना बताए घर से निकली थी। जो आजतक वापस नहीं लौटी है।

### सीएसआर की बैठक हुई संपन्न



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा अंचल अधिकारी के कार्यालय कक्ष में सीएसआर की बैठक सोमवार को अंचलाधिकारी आशीष मंडल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बीडियो दिनेश कुमार प्रखंड व अंचल कर्मी, हिंडाल्को के अभय भारती के अलावे प्रभावित क्षेत्र के मुखिया मौजूद थे। बैठक में सीएसआर मद से पूर्व में हुए कार्यों का समीक्षा किया गया साथ ही कई चीजों पर गंभीरता पूर्वक चर्चा की गई। जिसमें माइंस क्षेत्र में स्थिति स्कूल को दुरुस्त कर शिक्षकों की बहाली करना, ड्रॉप आउट बच्चों के लिए ट्यूशन की व्यवस्था करना, आंगनवाड़ी जो जर्जर हो गया है उनका मरम्मत कर रंग रोवन के साथ-साथ बच्चों को पढ़ाई से लेकर खेलने तक की किट की व्यवस्था करना, सेरेंगदाग से लेकर इटकीरी व देवाकी तक पानी का छिड़काव करना साथ अपनी छिड़काव की जानकारी संबंधित मुखिया को देने की बात कही गई। हिंडाल्को के कर्मियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि जो भी मूलभूत सुविधाएं जो नजर में दिखती है उसे तत्काल ठीक करें और लोगों को लाभ पहुंचाए। ऐसा नहीं की आंखों से खराबी दिख रही है और उसे नजरअंदाज किया जा रहा है ऐसा करने पर वरीय अधिकारियों को कार्रवाई के लिए अवगत कराया जाएगा।

# नौ करोड़ की योजना, नौ साल में नौ महीने भी नहीं बुझा सकी है प्यास

**ज्यादातर जलमीनार से जल गायब, सिर्फ मीनार बाकी**

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुडू -लोहरदगा।** कुडू प्रखंड क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। इस मई महीने में जहा अधिकतर कुआ, नदी, नाले, चुआ सुख चुके है। प्रखंड के आधे से अधिक चापाकल भी उचित रख-रखाव व मरम्मती के आभाव में बेकार पड़े है। शेष बचे अधिकतर चापाकल से भी सांसफुलाव हेंडिल मारने के बाद कतरा-कतरा पानी निकल रहा है। एक ओर लगभग नौ करोड़ रुपए की लागत से बने कुडू शहरी इलाके में लोगो के घरों तक पानी सप्लाई के लिए जलापूर्ति योजना नौ साल में नौ माह भी लोगो को पानी नही पिला सकी। पिछले लगभग दो वर्षों से पेयजलापूर्ति पूर्णतः ठप पड़ा हुआ है। तो वहीं प्रखंड में 14 वी और 15वी वित्त आयोग योजना से मुखियाओं और पेयजल व स्वच्छता विभाग द्वारा लगाए अधिकतर सोलर जलमीनार खराब हो सफेद हाथी साबित हो रहे है। विडम्बना यह है कि चुनाव आते ही राजनीतिक दल के नेताओं का कार्यकर्ताओं लोगों के घरों में जाकर अमुक प्रत्याशी को वोट देने और जीताने की अपील करते नजर आ रहे हैं लेकिन अब तक वर्षो से बंद पड़े जलापूर्ति योजना को चालू करने के लिए कोई नेता व जनप्रतिनिधियो ने कभी पहल नहीं की। परिणाम स्वरूप कुडू के लोगों को पेयजल के लिए पानी पानी होना पड़ रहा है और इस भरी गर्मी में लोगों के कंठ सूख रहे हैं।

# विभिन्न पंचायत स्तरीय पुस्तकालय संचालन व्यवस्था का डीसी ने लिया जायजा, दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**




**गुमला।** सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा खोरा, अरमई एवं वृन्दा पंचायत स्थित पंचायत स्तरीय पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से अंचल अधिकारी, पंयायत सेवक, मुखिया सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें। सर्वप्रथम उपायुक्त ने खोरा स्थित पंचायत स्तरीय पुस्तकालय का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां बने पुस्तकालय के संचालन को अविलंब शुरू करने हेतु निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त करने, साफ सफाई करने सहित पुस्तकालय में किताबों की संख्या को बढ़ाने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने न्यूजपेपर उपलब्ध कराने की भी बात कही। पंचायत स्तरीय पुस्तकालय भवन निर्माण करने का मुख्य उद्देश्य जिले के दूर दराज एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों व बच्चों के लिए पढ़ने हेतु सुविधा प्रदान किया जा सके एवं विद्यार्थियों को अपने नजदीकी पंचायत स्तर के पुस्तकालय में जाकर बिना किसी शुल्क के एक शांतिप्रद माहौल में ज्ञान अर्जित करने का मौका मिल सके। जिसके लिए उपायुक्त ने गांव के बच्चों को जागरुक कर पुस्तकालय में आने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात उपायुक्त ने अरमई पंचायत स्थित पंचायत स्तरीय पुस्तकालय का निरीक्षण किया। अरमई पंचायत के पुस्तकालय में दीवाल में पड़े सीलन को मुखिया द्वारा बनवाने का निर्देश दिया गया वहीं पुस्तकालय में ज्ञानवर्धी विषयों का दीवाल लेखन एवं सौंदर्यीकरण कराने की बात कही। पंचायत मुखिया को मुख्य रूप से जिम्मेदारी देते हुए वहां के विद्यार्थियों को पुस्तकालय में आने के प्रति प्रेरित करने की बात कही। इसके पश्चात उपायुक्त ने वृंदा पंचायत स्थित पंचायत स्तरीय पुस्तकालय भवन का भी निरीक्षण किया जहां सभी महत्वपूर्ण प्राथमिक सुविधाओं को दुरुस्त करने हेतु निर्देश दिया गया।

### बीडीओ ने की अबुआ आवास योजना की समीक्षा

**भंडरा।** प्रखंड कार्यालय में सोमवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने जनसेवकों के साथ अबुआ आवास योजना से संबंधित समीक्षा किया। बैठक में बीडीओ ने प्रखंड के सभी पंचायत में चल रहे अबुआ आवास योजना के कार्य प्रगति का जानकारी लिया। बीडीओ ने सभी जनसेवकों को निर्देश दिया कि लाभुकों का आधारकार्ड, बैंक खाता, जॉब कार्ड एवं जाति प्रमाण पत्र जल्द से जल्द अपलोड करने एवं पीलिंथ लेवल का कार्य कराकर जिओ टैग करने का निर्देश दिया।

**नगर परिषद उदासीन / स्वयंभू महादेव मंदिर जाने वाली सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी**

# नालियों से उत्पन्न बदबू से परेशान हैं लोग

- *पिछले तीन सालों से स्थिति ऐसी ही है, नप कर्मचारी सफाई करने में अक्षम*



**राहुल कौशल**

**लोहरदगा।** लोहरदगा नगरपरिषद क्षेत्र का शहर के लोहरदगा गुमला रोड का नजारा है बीआइडी का। जहाँ स्वयंभू महादेव मंदिर जाने की सड़क मे हमेशा नाली का गंदा पानी सड़क पर बहता हुआ रहता है। नगरपालिका के कर्मचारी इसकी सफाई करने में अपने को असक्षम मान रहे हैं। लोगबाग नालियों से उत्पन्न बदबू से परेशान होने को विवश है। आये दिन लोगो को नालियों के ऊपर से ही सड़क पार करके घर जाना पड़ता है जिससे वे हमेशा परेशान रहते हैं। वही राहगीर भी इससे खासे परेशान रहते हैं। लोहरदगा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 19 अंतर्गत छतर बगीचा मोहल्ला जाने वाली सड़क में नाली का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इस सड़क से ऐतिहासिक स्वयंभू महादेव मंदिर जाती है। इस रास्ते से मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्रद्धालु भक्त आसपास से मंदिर जाने के लिए स्वच्छ होकर आते हैं तो इस रास्ते पर नाली का गंदा पानी भरा होने के कारण उन्हें काफी परेशानियों से गुजरना पड़ता है। वही इस सड़क के आगे स्कूल भी है जहां जाने के लिए बच्चों को भी काफी परेशानी होती है।

दूसरी ओर जब भी सड़क से कोई वाहन निकलता है तो गंदा पानी या तो आसपास खड़े लोगों के उपर उछलता है या फिर मकानों की दीवारों पर जा गिरता है। ऐसी स्थिति में आए दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जा रही है। बस्ती की इस समस्या की ओर न तो नगर परिषद और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे हैं।

### मच्छर बढ़ने से रातों की नींद भी हराम

मच्छरों की तादाद बढ़ने से भी लोग रात भर चैन की नींद नहीं सो पाते। उन्होंने बताया कि पहले लोग गर्मी के मौसम में अपने छतों पर आराम से सोते रहते थे, लेकिन अब मच्छरों के कारण छतों पर सोना ही बंद कर दिया है। नगर परिषद द्वारा नालियों की समय पर सफाई न करने के कारण महीनों से मलवा फसा हुआ है। जिसके कारण लोगों के घरों से निकलने वाला गंदा पानी नालियों से ओवर फ्लो होकर बह रहा है। जिसके चलते स्थानीय लोग स्वयं ही नालियां साफ करते हैं, लेकिन नालियों में इतना अधिक मलवा भरा है कि वह सही तरीके से साफ नहीं हो पाती, जिससे एक-दो दिन में फिर से पानी सड़क पर बहने लगता है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस सड़क की हालत पिछले तीन साल से ऐसा ही है। कई बार नगर पालिका में शिकायत की गई है बावजूद कोई पहल नहीं कि गई। वही कुछ माह पूर्व नगर परिषद के नए प्रशासक को इस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित कराया गया था तो कुछ माह पहले नाली के ऊपर गार्डवाल/ बड़ा स्लैब निर्माण कराया गया। बावजूद लोगो को राहत नहीं मिल रही है। स्थानीय लोगों की मांग है कि नाली का गहरीकरण एवं साफ सफाई करवा दी जाए। लोगो ने बताया कि समस्त वार्ड का गंदा पानी यहीं से निकलता है लेकिन नाली चोक होने के कारण पानी सड़क पर ही भरा रहता है। जिससे आसपास के लोग बदबू के कारण परेशान रहते हैं। फिलहाल इस मामले में नगर परिषद प्रशासन पूरी तरह से उदासीन रवैया अपना रहा है जिस कारण लोग समस्या से जूझ रहे हैं।

# आठ साल से अधूरा पड़ा बैंक रोड आंगनबाड़ी भवन पूरी तरह से जर्जर

- *छोटे-छोटे नौनीहालों का भविष्य दाव पर लगा है*



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत छीनपतरा में संचालित बैंक रोड़ आंगनबाड़ी केंद्र भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है तथा अनहोनी को आमंत्रण दे रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र भवन के अंदर तथा बाहर गंदगी का अंबार शराबियों का अड्डा बन लगा हुआ है। विभाग की गलती है या फिर संवेदक की। आंगनबाड़ी केंद्र भवन का फर्श पूरी तरह से टूट चुका है। छत में लगी छड भी बाहर निकल गई है, तथा दीवारों पर दरारें साफ देखी जा सकती है, इतना ही नहीं इस आंगनबाड़ी केंद्र भवन में दरवाजा तक नहीं है। ऐसे में छोटे-छोटे नौनीहालो का भविष्य दाव पर लगा है, ना तो उनकी पढ़ाई समुचित रूप से हो पाती है और ना ही उन्हें पोषाहार सही तरीके से मिल पा रहा है। दर मामले में जब आंगनबाड़ी सेविका से पूछा गया तो उन्होंने कहा की इस संबंध में कई बार आवेदन दिया गया है यहां तक की सुपरवाइजर को भी परंतु अब तक कोई सुनवाई नहीं की गई है। मजबूरन उन्हें बच्चों को किराए के भवन में पढ़ना पड़ता है जिसका किराया आगनवाड़ी सेविका द्वारा दिया जाता है। परंतु यह कोई स्थाई समाधान नहीं है। मामले पर संबंधित अधिकारियों से अपील है कि जल्द से जल्द उक्त स्थल पर नए आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण उचित रूप से की जाए ताकि नोनीहालों का भविष्य सुरक्षित हो सके। इस संबंध में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चैनपुर बीडीओ यादव बैठा ने कहा कि भौतिक रूप से जांच कर उसे मामले की जानकारी लेकर यथाशीघ्र आंगनबाड़ी केंद्र को चालू कराया जाएगा।

# पिता-पुत्र के अंतिम संस्कार में नहीं शामिल हुए ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/कुंदा**

ग्रामीणों में दहस्त का आलम ऐसा था कि टीएसपीसी उग्रवादियों द्वारा मारे गए कुंदा थाना क्षेत्र के अति नक्सल प्रभावित हिंदियाकला निवासी पंकज बिरहोर व पिता बिफन बिरहोर के अंतिम संस्कार में ग्रामीण शामिल ही नहीं हुए। ज्ञात

## उग्रवादियों ने की थी हत्या, देर शाम दोनों का अंतिम संस्कार पूर्णापानी नदी स्थित श्मशान घाट पर किया गया

हो कि शनिवार रात दोनों की हत्या टीएसपीसी के उग्रवादियों द्वारा निर्ममतापूर्वक कर दी गई थी। रविवार को पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम कराने के उपरांत परिजनों को सौंप दिया। वहीं बीते देर शाम दोनों का अंतिम संस्कार घने जंगल स्थित पूणार्पानी नदी स्थित श्मशान घाट पर किया गया। दुसरी ओर अंतिम संस्कार में उग्रवादियों के भय से गांव तो दूर समाज के लोगों ने भी सहयोग नहीं किया। उग्रवादियों के खौफ का ही परिणाम था कि दोनो के अंतिम संस्कार में परिजन समेत लगभग एक दर्जन लोग ही शामिल थे। परिजनों का कहना था कि अंतिम संस्कार में बुलाने पर भी समाज व गांव के लोगों को नहीं शामिल हुए। कुछ ने तो बहाना बनाया, तो कई अंतिम संस्कार से पूर्व गांव छोड़ दुसरे गांव चले गये थे। ज्ञात हो कि हिंदियाकला गांव में बैगा बिरहोर समाज के करीब 150 लोगों के अलावे अन्य जाति के लोग निवास करते हैं।

# 17वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए समाजसेवी केशव दांगी



**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा (चतरा)**

सोमवार को पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित सुभाष चौक में दिवंगत समाजसेवी सह बरवाडीह निवासी केशव राम दांगी की 17 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न दलों के नेता, पंचायत प्रतिनिधि के साथ कई गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने बारी-बारी से दिवंगत के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इससे पूर्व दिवंगत के बड़े पुत्र महेंद्र कुमार दांगी ने अपने पिता के चित्र का विधिवत पूजा के बाद माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता ने कहा कि दिवंगत को हमसब बचपन से जानते थे, जब हम पत्थलगड़ा हाई स्कूल पढ़ने बारह किलोमीटर दूरी तय करके अपने घर तिलैया (गिद्धौर) से आया करते थे। दिवंगत सरफ स्वभाव के थे और विशेषकर सब्जी के व्यपार को एक नया आयाम देने में अहम भूमिका निभाया था। वहीं जिप सदस्य रामसेवक दांगी ने कहा कि दिवंगत सरल स्वभाव के धनी व्यक्ति थे, गरीबों को हमेशा मदद किया करते थे।

## कोयला वाहन दुर्घटनाग्रस्त, बची चालक की जान



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के बड़की नदी के समीप सोमवार सुबह कोलवाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें चालक बाल-बाल बच गया। घटना चालक के झपकी लग जाने के कारण हुई। बताया जाता है कि कोल वाहन टंडवा से कोयला लेकर कटकमसांडी डिपो जा रहा था। इसी क्रम में बड़की नदी के समीप कोल वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हालांकि इस घटना में किसी को कुछ नहीं हुआ। परंतु कोल वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह मौके पर पहुंचकर घटना की विस्तृत जानकारी ली। बताते चलें कि ज्यादा से ज्यादा ट्रिप लगाने के चक्कर में चालकों द्वारा काफी तेज गति से कोल वाहन को चलाया जाता है। वैसे में दिन प्रतिदिन कोल वाहनों की दुर्घटनाग्रस्त होने की संख्या निरंतर बढ़ रही है। वाहनों के तेज गति पर नियंत्रण नहीं किया गया तो, कभी भी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## टंडवा के काढमदिरी में मृतक के आश्रितों को मिला 4 लाख का चेक



**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के काढमदिरी गांव में करीब एक साल पहले जंगली हांथी द्वारा मारे गये मृतक के आश्रितों को वन विभाग ने आपदा राहत कोष से निर्धारित राशि मुहैया कराई है। सोमवार को रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना के निर्देश पर वनरक्षी सत्यनारायण रविदास ने मृतक के आश्रित तीन बेटों कुलदीप गंझू, कमल गंझू व शेखर गंझू की मौजूदगी में संयुक्त रूप से चार लाख रुपए का चेक सौंपा। वहीं मृतक के पुत्र कुलदीप गंझू ने बताया कि उक्त मुआवजा प्राप्त करने हेतु वांछित दस्तावेजों को तैयार कराने में अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि रमेश राणा का बड़ा योगदान रहा है, जिसके लिए सभी ने आभार व्यक्त किया।

## पिता-पुत्र हत्याकांड में आक्रमण और आरिफ सहित 30 उग्रवादियों पर मामला दर्ज

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के हेंदीया कला गांव निवासी पंकज बिरहोर व पिता महेन्द्र बिरहोर उर्फ दीपन बिरहोर हत्या काण्ड में टीएसपीसी के आक्रमण उर्फ रविन्द्र गंझू, शशिकान्त उर्फ आरिफ, कुणाल उर्फ पत्थर उर्फ कुलदीप गंझू, मुकदेव यादव, हरेन्द्र, इरफान, सहेन्द्र, चनेशर, ईश्वरी सहित 25-30 अज्ञात उग्रवादियों के खिलाप मामला दर्ज किया गया है। मामला मृतक पंकज के भाई विधायक बिरहोर द्वारा दिए गए आवेदन पर कुंदा थाने में दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी नितेश कुमार प्रसाद ने बताया कि उपरोक्त उग्रवादियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर धर पकड़ के लिए अभियान तेज कर दिया गया है।

## मवेशियों की चोरी की बढ़ रही वारदात सकते में ग्रामीण

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में इन दोनों मवेशियों की चोरी की वारदात बढ़ गई है। वैसे में किसान व ग्रामीण काफी सकते में हैं। बताया जाता है कि एक सप्ताह में करीब आधा दर्जन ग्रामीणों के मवेशियों की चोरी हो गई है। रविवार देर रात प्रखंड क्षेत्र के लुब्धिया गांव निवासी पूरन यादव के एक गाय व एक बैल की चोरी हो गई। इस प्रकार डगडगवा, कुरकुट्टा, गांगपुर सहित अन्य गांव से भी मवेशियों की चोरी होने की सूचना है। ग्रामीणों बताते है कि मवेशी चोर पिकअप वाहन से आते हैं और मवेशी को लाद कर ले जाते हैं। इधर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि मवेशियों की चोरी होने की सूचना ग्रामीण व किसानों द्वारा नहीं दिया गया है। इसके बावजूद भी मामले की तहकीकात करते हुए जल्द मामला उजागर किया जाएगा।

## पति-पत्नी में हुआ तू-तू मैं-मैं, सनकी पति ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के द्वारी में बीते देर रात महेश भुइयां 34 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक सदर थाना क्षेत्र के भगवानदास मुहल्ला निवासी व द्वारी गांव के दोदी भुइयां का दामाद बताया जा रहा है। घटना की सूचना सोमवार सुबह पुलिस को मिली तो पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक युवक अधिकांश ससुराल में ही रहता था। बीते रात युवक शराब का सेवन किया था और पत्नी को रात में ही चतरा चलने की जिद करने लगा। पत्नी सुबह जाने की बात कह रही थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच तू तू मैं मैं हुआ। इसके पश्चात सभी के सो जाने के बाद युवक ने पास के महुआ पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इधर पुलिस यूडी केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## चोरी होने से बचा पिकअप वाहन, पहले से जला हुआ था कलच प्लेट

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के गांगपुर गांव निवासी लक्ष्मण साव के पिकअप वाहन को अज्ञात चोर चोरी कर भाग रहे थे। परंतु वाहन के कलच प्लेट जले होने के कारण वाहन को चोरों ने गांव से बाहर कटकमसांडी थाना क्षेत्र के बहेरवा नाला के समीप छोड़कर भाग गए। घटना तड़के दो बजे की बताई जा रही है। वाहन घर के समीप लगा हुआ था। सोमवार की सुबह परिजन उठे तो, देखा वाहन नहीं है। जिसके बाद परिजन वाहन की खोज में लग गए, तभी गांगपुर गांव के एक ग्रामीण हजारीबाग जा रहे थे। इसी दौरान वाहन को बहेरवा नाला के समीप खड़ा होने की सूचना दिया। इसके बाद वाहन को परिजन ले आए। लक्ष्मण साव ने बताया कि यदि गाड़ी का कलच प्लेट जला नहीं होता, तो चोर गाड़ी लेकर फरार हो जाते।


## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, चतरा (प्रशिक्षण कोषांग)

### प्रेस विज्ञप्ति, सूचना

चतरा जिलान्तर्गत केन्द्र सरकार/केन्द्रीय लोक उपक्रम/राज्य सरकार के विभागों/कार्यालयों के पदाधिकारियों/ कर्मियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार लोकसभा आम चुनावः– 2024 के सफल मतदान दिनांक :– 20.05.2024 को पूर्ण होने के पश्चात दिनांकः– 04.06.2024 को सफल मतगणना हेतु माईक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांकः– 29.05.2024 एवं दिनांकः– 31.05.2024 को जिला खनिज कौशल विकास केन्द्र (DMFT) भवन, चतरा में 02:00PM से 05:00PM तक आयोजित किया जाता है, प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु प्रशिक्षणार्थियों का विवरणी निम्नवत् हैः–

| SL NO. | NAME | PIN_NO | DESIG | OFF_NAME |
|---|---|---|---|---|
| 1 | SUKHDEW BARA | 341701948 | OVERMAN | CCL PURNADIH PROJECT TANDWA |
| 2 | NAGESHWAR SAHU | 341702075 | SR.CLERK | CCL PURNADIH PROJECT TANDWA |
| 3 | VIKRAM MINZ | 341702114 | OVERMAN | CCL PURNADIH PROJECT TANDWA |
| 4 | SASANKO SARKAR 12071907 | 341702347 | Accounts O.S | GM OFFICE PIPARWAR TANDWA |
| 5 | KRISHNA KUMAR MISTRY 12118667 | 341702352 | OFFICE SUPRINTENDENT GR-A | GM OFFICE PIPARWAR TANDWA |
| 6 | PARIMAL PATRA 12118758 | 341702354 | OFFICE SUPRINTENDENT GR-A | GM OFFICE PIPARWAR TANDWA |
| 7 | SURAJ KANT SINGH 12119038 | 341702359 | SUPERVISOR/TELE GRADE-A | GM OFFICE PIPARWAR TANDWA |
| 8 | KRISHNA MURARI PATHAK 12119285 | 341702373 | Sr. Clerk | GM OFFICE PIPARWAR TANDWA |
| 9 | RABINDRA KUMAR SINGH 12119376 | 341702376 | OFFICE SUPERINTENDENT | GM OFFICE PIPARWAR TANDWA |
| 10 | SITARAM KESHRI 12119863 | 341702384 | OFFICE SUPRINTENDENT GR-A | GM OFFICE PIPARWAR TANDWA |
| 11 | ERIC TIRKEY BARLA 12119871 | 341702388 | OFFICE SUPERINTENDENT | GM OFFICE PIPARWAR TANDWA |
| 12 | PAPINDER KUMAR SINGH 14473383 | 341702545 | Stenographer Gr-I | GM OFFICE PIPARWAR TANDWA |
| 13 | JAY JAGANNATH SINGH 12117792 | 341702597 | OFFICE SUPERINTENDENT | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 14 | RAJU SAW | 341702637 | MINING SIRDAR | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 15 | SHAYMOHAN MISHRA 12122610 | 341702640 | TECHNICAL INSPECTOR | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 16 | SANJAY KUMAR 12123568 | 341702648 | MINING SIRDAR | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 17 | PRAYAG MISTIRI 12123709 | 341702661 | OFFICE SUPERINTENDENT | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 18 | ANIT KUMAR 12123865 | 341702666 | SR.OVERMAN | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 19 | SURENDRA RAM 13000815 | 341702723 | OFFICE SUPERINTENDENT | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 20 | BAYAKUL SETH 13091095 | 341702733 | MINING SIRDAR | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 21 | PRADEEP MUKUL LAKRA 14560536 | 341702740 | OVERMAN | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 22 | ASWANI KUMAR SANDIL 14563134 | 341702751 | OVERMAN GR-B | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 23 | SUNIL KUMAR CHUBEY 14326458 | 341702779 | OVERMAN | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 24 | VUYYALA PAVAN KUMAR 14585194 | 341702860 | MINING SIRDAR | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 25 | NAND KISHOR .24906059 | 341702961 | OVERMAN(MINING NON EX) | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 26 | BIRENDRA KUMAR MAHTO 12119095 | 341703105 | OFFICE SUPERINTENDENT T&S GR-A | GM OFFICE PIPARWAR TANDWA |
| 27 | UMESH KUMAR SHARMA 12118907 | 341703149 | TECHNICAL INSPECTOR | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 28 | SAURABH KUMAR SINGH - 14531578 | 341703241 | MINING SIRDAR | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 29 | RAJENDRA KUMAR DHAR | 341703358 | SR OVERSEER | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 30 | DEBABRATA MUKHERJEE 14437644 | 341703372 | MINING SIRDAR | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 31 | JITENDRA KUMAR - 14547822 | 341703430 | MINING SIRDAR | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 32 | ANIL KUMAR 14473391 | 341703444 | MINING SIRDAR | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 33 | KAYUM ANSARI 12070637 | 341703521 | OFFICE SUPERINTENDENT | CHP-CPP PIPARWAR TANDWA |
| 34 | LAKHAN DAS 12070736 | 341703539 | OFFICE SUPERINTENDENT | CHP-CPP PIPARWAR TANDWA |
| 35 | DASRATH TATWA 12073342 | 341703543 | OFFICE SUPERINTENDENT | CHP-CPP PIPARWAR TANDWA |
| 36 | KHIROO DAS 12073904 | 341703548 | OFFICE SUPERINTENDENT | CHP-CPP PIPARWAR TANDWA |
| 37 | JAMUNA MAHTO 12108163 | 341703556 | OFFICE SUPERINTENDENT | CHP-CPP PIPARWAR TANDWA |
| 38 | SATISH KUMAR PANDEY - 14351332 | 341703591 | ASST/ ACCOUNTS ASST. | CHP-CPP PIPARWAR TANDWA |
| 39 | SUJEET KUMAR PATTANAYAK 14563126 | 341703595 | OVERMAN | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 40 | HAIDAR ALI 12118865 | 341703596 | OFFICE SUPERINTENDENT | CHP-CPP PIPARWAR TANDWA |
| 41 | BALJIVAN SHARMA 12119731 | 341703604 | OFFICE SUPERINTENDENT | CHP-CPP PIPARWAR TANDWA |
| 42 | RAJEEV HANSDA 14582316 | 341703618 | MINING SIRDAR | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 43 | RISHI PAL SINGH 14582324 | 341703620 | MINING SIRDAR | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 44 | RAMPAL PAIKRA 14582332 | 341703624 | MINING SIRDAR | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 45 | BRIJ MOHAN TIWARY 12122560 | 341703651 | OFFICE SUPERINTENDENT | CHP-CPP PIPARWAR TANDWA |
| 46 | SUNIL SINGH 12122602 | 341703658 | OFFICE SUPERINTENDENT | CHP-CPP PIPARWAR TANDWA |
| 47 | AHSAN 14356182 | 341703668 | MINING SIRDAR | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 48 | PRAMOD KUMAR GUPTA - 14351819 | 341703701 | ASST. FOREMAN E&M | CHP-CPP PIPARWAR TANDWA |
| 49 | SUMANT KUMAR THAKUR 12123360 | 341703715 | OFFICE SUPERINTENDENT | CHP-CPP PIPARWAR TANDWA |
| 50 | R O TIGGA 12124152 | 341703718 | SR. SURVEYOR | CHP-CPP PIPARWAR TANDWA |
| 51 | DYUTI NATH MAHTO 12653184 | 341703719 | OFFICE SUPERINTENDENT | CHP-CPP PIPARWAR TANDWA |
| 52 | SURENDRA PRASAD 14437669 | 341703761 | MINING SIRDAR | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA |
| 53 | SURESH KUMAR 11134046 | 341703773 | OVERMAN | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 54 | ASHOK KUMAR VISHWAKARMA 13173117 | 341703775 | ASST. FOREMAN (E&M) | CHP-CPP PIPARWAR TANDWA |
| 55 | RUPLAL KUMAR MAHTO - 14507644 | 341703814 | ASST. FOREMAN E&M | CHP-CPP PIPARWAR TANDWA |
| 56 | KULDEEP SINGH 12117784 | 341703897 | OFFICE SUPERINTENDENT | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 57 | AJAY KUMAR SINGH 12117826 | 341703898 | OFFICE SUPERINTENDENT | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 58 | RAJ NATH CHOUDHARY 12117875 | 341703899 | OFFICE. SUPP GR-A | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 59 | BINOD KUMAR MUNJAN 12118139 | 341703904 | O/S GR - A | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 60 | ALOK KUMAR SINGH 12118147 | 341703905 | O.S -A | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 61 | ABHAY KUMAR SINGH 12118162 | 341703906 | O.S -A | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 62 | DIPAK URAON 13097381 | 341703960 | OVERMAN GR.B | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 63 | SHAILENDRA KUMAR RAY 14437651 | 341704009 | OVERMAN | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 64 | VIKRANT KUMAR - 14588123 | 341704084 | OVERSEER | CHP-CPP PIPARWAR TANDWA |
| 65 | RAJIV RANJAN YADAV 14343859 | 341704159 | ASST. FOREMAN (E&M) | CHP-CPP PIPARWAR TANDWA |
| 66 | RUPLAL MAHTO - 11134038 | 341704257 | OVERMAN | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 67 | MANOJ KUMAR SINGH - 11135902 | 341704266 | OVERMAN | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 68 | KARIM KHAN - 12121885 | 341704285 | OVERMAN | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 69 | PRADEEP KUMAR TOPPO - 14139513 | 341704308 | MINING SIRDAR | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 70 | BIRENDRA CHOUHAN 14491823 | 341704317 | MINING SIRDAR | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 71 | DHANANJAY MUNDA 14511638 | 341704364 | OVERMAN | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 72 | NIWAS PRASAD - 14496848 | 341704444 | OVERMAN | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 73 | RAVI KUMAR RAVIDAS - 14532592 | 341704485 | OVERMAN GR-B | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 74 | SHIBA SINGH - 14532600 | 341704488 | OVERMAN GR-B | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 75 | BHUBANESWAR ORAON 14532634 | 341704510 | OVERMAN B | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 76 | JAIPRAKASH TIGGA - 14575443 | 341704517 | OVERMAN | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 77 | VIKASH KUMAR BHAGAT 14556641 | 341704616 | OVERSEER (CIVIL) | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 78 | MANISH BODRA 14561732 | 341704639 | OVERMAN B | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 79 | JULIUS TOPNO 14561740 | 341704643 | MINING SIRDAR | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 80 | RAVINDRA KUMAR SINGH 14561757 | 341704645 | OVERMAN B | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 81 | JOHNSAN VICKEY TIRKEY 14533399 | 341704669 | MINING SIRDAR | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA |
| 82 | RAGHUNATH MARANDI 14540009 | 341704718 | OVERSEER (CIVIL) | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 83 | RAJENDRA PRASAD SHARMA 12070496 | 341704755 | SR SURVEYER MINE | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 84 | DEONARAYAN RANA 12117818 | 341704759 | OFFICE SUPTD. | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 85 | PRADEEP KUMAR 12118568 | 341704763 | OFFICE SUPTD. | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 86 | GANGO MAHTO - 14452734 | 341704840 | MINING SIRDAR | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 87 | NIRAJ KUMAR SINGH - 14506612 | 341704864 | OVERMAN | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 88 | RAJESH KUMAR PRAJAPATI - 14534754 | 341704922 | SURVEYOR MIN. | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 89 | PRAKASH SAHOO 14548184 | 341704937 | OVERMAN | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 90 | Sri Ghanshyam Vishwakarma 14565030 | 341704949 | Surveyor (Min) | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 91 | Soumyajit Nandi 14568992 | 341705064 | Surveyor (Min) | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 92 | JAGGU KUMAR RAM 14581664 | 341705115 | MINING SIRDAR | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 93 | RAVI SINGH 14582985 | 341705140 | MINING SIRDAR | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 94 | SHANKAR RAJAK 14582993 | 341705144 | MINING SIRDAR | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 95 | MANISH SINGH BARWA 14583009 | 341705149 | MINING SIRDAR | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 96 | SURAJ TIWARI 14583025 | 341705154 | MINING SIRDAR | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 97 | NIKHLESH UIKEY 14583033 | 341705160 | MINING SIRDAR | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 98 | DASMAT MANDI 14583603 | 341705195 | MINING SIRDAR | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 99 | ANAND MOHAN SOREN 14583611 | 341705197 | OVERMAN | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 100 | UMAKANT TIWARY 14588511 | 341705235 | OVERMAN | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 101 | GANESH JEE 14591580 | 341705352 | OVERMAN | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 102 | SANTOSH MUNDA 14596571 | 341705379 | MINING SIRDAR | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 103 | GUDDU KUMAR 14597918 | 341705381 | MINING SIRDAR | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 104 | NITESH RANJAN SAHU 14598510 | 341705388 | MINING SIRDAR | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 105 | NAGENDRA KUMAR DAS 26194001 | 341705395 | SURVEYOR (MIN) | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 106 | MITHLESH KUMAR 135877 | 341708173 | OVERMAN | AMRAPALI OC TANDWA |
| 107 | UMESH KUMARR SINGH 12044657 | 341708184 | SR SURVEYOR | AMRAPALI OC TANDWA |
| 108 | HAKIM MINYA 12116141 | 341708186 | OFFICE SUPERINTENDENT | AMRAPALI OC TANDWA |
| 109 | KAMESHWAR MAHTO 12119269 | 341708187 | OFFICE SUPERINTENDENT | AMRAPALI OC TANDWA |
| 110 | PRABHU MAHTO 12119830 | 341708188 | OFFICE SUPERINTENDENT | AMRAPALI OC TANDWA |
| 111 | SATRUDHAN THAKUR 12122735 | 341708192 | OFFICE SUPERINTENDENT | AMRAPALI OC TANDWA |
| 112 | GULAM MURTAZA | 341708206 | SR. SURVEYOR | AMRAPALI GM TANDWA |
| 113 | MD. ASLAM AZAD | 341708207 | ENGINEERING ASSISTANT | AMRAPALI GM TANDWA |
| 114 | MUJIBUR RAHMAN | 341708208 | SR. TECHNICAL INSPECTOR | AMRAPALI GM TANDWA |
| 115 | VIJAY KUMAR | 341708287 | OVERMAN | AMRAPALI OC TANDWA |
| 116 | NIRAJ ORAON | 341708288 | OVERMAN | AMRAPALI OC TANDWA |
| 117 | URBANDAN KHAKHA | 341708290 | OVERMAN | AMRAPALI OC TANDWA |
| 118 | SWARAJ KUMAR MUNDA | 341708291 | OVERMAN | AMRAPALI OC TANDWA |
| 119 | SHYAM SUNDAR SADIMA | 341708292 | OVERMAN | AMRAPALI OC TANDWA |
| 120 | SANJAY KUMAR | 341708293 | OVERMAN | AMRAPALI OC TANDWA |
| 121 | CHAND BABU | 341708296 | MINING SIRDAR | AMRAPALI OC TANDWA |
| 122 | ROSHAN PRASAD | 341708297 | MINING SIRDAR | AMRAPALI OC TANDWA |
| 123 | DHRUV KUMAR LOKPRIYA | 341708298 | MINING SIRDAR | AMRAPALI OC TANDWA |
| 124 | NEELKANTH KUMAR MANDAL | 341708299 | OVERMAN | AMRAPALI OC TANDWA |
| 125 | RAVINDRA KUMAR | 341708300 | MINING SIRDAR | AMRAPALI OC TANDWA |
| 126 | DUMAR CHAND MANDAL | 341708301 | MINING SIRDAR | AMRAPALI OC TANDWA |
| 127 | RAVI PRAKASH SINGH | 341708302 | OVERMAN | AMRAPALI OC TANDWA |
| 128 | LALJEET MANDAL | 341708306 | MINING SIRDAR | AMRAPALI OC TANDWA |
| 129 | RISHI RAJ 14585368 | 341708462 | OVERSEER GR.-B | AMRAPALI OC TANDWA |
| 130 | SHAUVIK DAS | 341708609 | SERVEYOR | AMRAPALI OC TANDWA |
| 131 | RANJEET KUMAR | 341708756 | CUSTOMER ASSISTANT | SBI MAIN BRANCH CHATRA |
| 132 | BUDHRAM SANGA | 341708761 | CUSTOMER ASSISTANT | SBI MAIN BRANCH CHATRA |
| 133 | NISHANT PRAKASH | 341708763 | SENIOR ASSOCIATE | SBI MAIN BRANCH CHATRA |
| 134 | BIPENDRA KUMAR | 341708765 | SENIOR ASSOCIATE | SBI MAIN BRANCH CHATRA |
| 135 | APURV PRATEEK BARA | 341708769 | CLERK | BOI SHAHARJAM ITKHORI |
| 136 | RAJIV DAS | 341708773 | CLERK | BANK OF BARODA, CHATRA |
| 137 | AJAY KUMAR RAM | 341708774 | CLERK | BANK OF BARODA, CHATRA |
| 138 | DEVBRAT MUNDA | 341708776 | SINGLE WINDOW COUNTER | SBI KANHACHATTI |
| 139 | ALLEN ALLOYSIUS EKKA | 341708779 | CLERK | BOI PRATAPPUR |
| 140 | ASHISH BENJAMIN TOPPO | 341708780 | CLERK | BOI PRATAPPUR |
| 141 | MUKUT GARIMA LAKRA | 341708781 | CLERK | BOI PRATAPPUR |
| 142 | AMRENDRA KUMAR | 341708783 | CUSTOMER ASSISTANT | SBI UNTAMORE CHATRA |
| 143 | HIMALAYA SHRESTHA | 341708785 | SWO | BOI NAWADIH, PATHALGADA |
| 144 | AVINAV PRASHANT DUNGDUNG | 341708786 | SWO | BOI NAWADIH, PATHALGADA |
| 145 | ARUN KUMAR | 341708787 | CUSTOMER ASSISTANT | SBI PATHALGADA |
| 146 | UDAY KUMAR YADAV | 341708916 | CLERK | BOI CHATRA |
| 147 | NOEL SANGA | 341708917 | SUB STAFF | BOI CHATRA |
| 148 | SANJAY KUMAR SINHA | 341708919 | CLERK | BOI CHATRA |
| 149 | ATUL PANDEY | 341708921 | CLERK | BOI CHATRA |
| 150 | TUNTUN RAM | 341708922 | SUB STAFF | BOI CHATRA |
| 151 | VIVEK KUMAR | 341708925 | CLERK | BOI BAGRAMORE, SIMARIA |
| 152 | DHIRAJ KUMAR | 341708926 | CLERK | BOI JORI, HUNTERGANJ |
| 153 | SHASHI SHEKHAR KUMAR | 341708928 | CLERK | BOI JORI, HUNTERGANJ |
| 154 | BIPUL KUMAR | 341708929 | CLERK | BOI JORI, HUNTERGANJ |
| 155 | RAJNISH KUMAR BHARTI | 341708933 | CLERK | PUNJAB NATIONAL BANK, CHATRA |
| 156 | RAVI KUMAR | 341708939 | CLERK | PUNJAB NATIONAL BANK, CHATRA |
| 157 | SANJAY KUMAR KALINDI | 341708940 | CLERK | PUNJAB NATIONAL BANK, CHATRA |
| 158 | KEDAR NATH PANDEY | 341709306 | SR OFFICE SURVEY | AMRAPALI OC TANDWA |
| 159 | RITESH RAJ | 341709541 | MINING SIRDAR | OFFICE OF THE PROJECT OFFICER, MAGADH OCP |
| 160 | BIRANEEM BAXLA | 341709542 | MINING SIRDAR | OFFICE OF THE PROJECT OFFICER, MAGADH OCP |
| 161 | AKHILESH | 341709543 | MINING SIRDAR | OFFICE OF THE PROJECT OFFICER, MAGADH OCP |
| 162 | ABHAY ABHISHEK XALXO | 341709544 | MINING SIRDAR | OFFICE OF THE PROJECT OFFICER, MAGADH OCP |
| 163 | HEMANT KARMALI | 341709546 | MINING SIRDAR | OFFICE OF THE PROJECT OFFICER, MAGADH OCP |
| 164 | DINESH PRASAD | 341709547 | MINING SIRDAR | OFFICE OF THE PROJECT OFFICER, MAGADH OCP |
| 165 | DURGESHWAR KUMAR SINGH | 341709548 | MINING SIRDAR | OFFICE OF THE PROJECT OFFICER, MAGADH OCP |
| 166 | BHARAT KUMAR DHURVEY | 341709549 | MINING SIRDAR | OFFICE OF THE PROJECT OFFICER, MAGADH OCP |
| 167 | BINOD MOHALI | 341709550 | MINING SIRDAR | OFFICE OF THE PROJECT OFFICER, MAGADH OCP |
| 168 | VISHWAJIT BEDIYA | 341709551 | MINING SIRDAR | OFFICE OF THE PROJECT OFFICER, MAGADH OCP |
| 169 | YUVRAJ KHAIRWAR | 341709552 | MINING SIRDAR | OFFICE OF THE PROJECT OFFICER, MAGADH OCP |
| 170 | YUVRAJ KHAIRWAR | 341709553 | MINING SIRDAR | OFFICE OF THE PROJECT OFFICER, MAGADH OCP |
| 171 | RAJESH KUMAR | 341709554 | MINING SIRDAR | OFFICE OF THE PROJECT OFFICER, MAGADH OCP |
| 172 | UMESH KUMAR PASWAN | 341709555 | MINING SIRDAR | OFFICE OF THE PROJECT OFFICER, MAGADH OCP |
| 173 | ROHIT HEMBROM | 341709556 | MINING SIRDAR | OFFICE OF THE PROJECT OFFICER, MAGADH OCP |
| 174 | BANOTHU RAJKUMAR | 341709557 | MINING SIRDAR | OFFICE OF THE PROJECT OFFICER, MAGADH OCP |
| 175 | SHANKAR LAL KOL | 341709558 | MINING SIRDAR | OFFICE OF THE PROJECT OFFICER, MAGADH OCP |
| 176 | KAILASH KUMAR | 341709560 | MINING SIRDAR | OFFICE OF THE PROJECT OFFICER, MAGADH OCP |
| 177 | BHUKYA NARENDER | 341709561 | MINING SIRDAR | OFFICE OF THE PROJECT OFFICER, MAGADH OCP |
| 178 | BANOTHU PRAVEEN SAGAR | 341709562 | MINING SIRDAR | OFFICE OF THE PROJECT OFFICER, MAGADH OCP |
| 179 | JITENDRA KUMAR | 341709563 | MINING SIRDAR | OFFICE OF THE PROJECT OFFICER, MAGADH OCP |
| 180 | JITENDRA KUMAR | 341709564 | OVERMAN | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 181 | PIYUSH TIWARI | 341709565 | OVERMAN | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 182 | GANESH LAKRA | 341709566 | MINING SIRDAR | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 183 | SHIVSHAKTI BHAGAT | 341709567 | MINING SIRDAR | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 184 | PRAVIN KUMAR | 341709568 | MINING SIRDAR | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 185 | DEEPAK KUMAR | 341709569 | MINING SIRDAR | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 186 | NISHANSHU KUMAR | 341709570 | MINING SIRDAR | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 187 | RISHABH NAGWANSHI | 341709571 | MINING SIRDAR | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |
| 188 | PRAVEEN KUMKAR KESHRI | 341709572 | MINING SIRDAR | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA |

इस निर्धारित प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने वाले मतगणना कर्मियों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपने बैंक खाता संख्या एवं **IFSC Code** उपस्थिति पंजी में दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, चतरा

PR.NO.325121 Election(24-25):D

# भीषण गर्मी से बिजली की रिकॉर्ड मांग

**झारखंड** सहित देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहा है। राजस्थान के फलोदी में पारा 49 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो इस साल देश में दर्ज अब तक का सबसे अधिक तापमान है। आधिकारिक आंकड़ों से पता चला है कि पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात और मध्यप्रदेश में कम से कम 23 स्थानों पर शुक्रवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज किया गया। बढ़ते तापमान के कारण भारत की बिजली की मांग गुरुवार को इस मौसम की नई ऊंचाई 239.96 गीगावॉट पर पहुंच तक गई है। ऐसा अनुमान लगाया है कि इस गर्मी के मौसम में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावॉट तक पहुंच सकती है। दूसरी तरफ, गर्मी के कारण जल स्तर में भी गिरावट देखी जा रही है। 150 प्रमुख जलाशयों के भंडारण स्तर में लगातार गिरावट जारी है। 25 मई से नौतपा शुरू हो गया है। यह 2 जून तक रहेगा। इस दौरान देश के कुछ हिस्सों में तापमान 49 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मौसम विभाग ने आज दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के लिए लू (हीट वेव) का रेड अलर्ट जारी किया है। उत्तर भारत में शुक्रवार को औसत अधिकतम तापमान 49 और न्यूनतम 31 डिग्री सेल्सियस रहा। राजस्थान में गर्मी से गुरुवार को नौ, शुक्रवार को पांच और शनिवार को चार मौतें हुईं। राज्य में तीन दिन में यह आंकड़ा 18 हो गया है। कश्मीर घाटी में भी तापमान बढ़ा है। यहां 23 मई को अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह 11 साल में सबसे ज्यादा रहा। 25 मई 2013 को 32.2 डिग्री सेल्सियस था। इस बीच जम्मू-कश्मीर समेत उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। मध्यप्रदेश, पंजाब और दिल्ली में डॉक्टरों ने मरीजों और बुजुर्गों से दिन में यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। दूसरी तरफ, शुक्रवार को देश की पावर डिमांड बढ़कर इस सीजन के सबसे ऊंचे स्तर 239.96 गीगावॉट पर पहुंच गई। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, गुरुवार को पावर डिमांड 236.59 गीगावॉट, बुधवार को 235.06 गीगावॉट थी। पिछले साल पावर डिमांड का ऑल टाइम हाई 243.27 गीगावॉट सितंबर 2023 में रिकॉर्ड किया गया था। इस साल गर्मी के मौसम में यह रिकॉर्ड टूटने की संभावना है। बिजली मंत्रालय ने मई के लिए दिन के दौरान 235 गीगावॉट और शाम के समय 225 गीगावॉट और जून, 2024 के लिए दिन के दौरान 240 गीगावॉट और शाम के समय 235 गीगावॉट की अधिकतम बिजली मांग का अनुमान लगाया था। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि मई में बिजली की मांग पहले से ही 240 गीगावॉट के स्तर के आसपास है, जिसका अनुमान बिजली मंत्रालय ने जून महीने के लिए लगाया था। बिजली की मांग और बढ़कर सर्वकालिक उच्च स्तर को पार कर सकती है। इसके अलावा, बिजली मंत्रालय ने यह भी अनुमान लगाया है कि इस गर्मी के मौसम में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावॉट तक पहुंच सकती है। गर्मी में बिजली की मांग बढ़ने से किल्लत भी शुरू हो गई है। यूपी के कानपुर में गुरुवार को 584 बार शटडाउन लिया गया। राज्य में बिजली की डिमांड 28 हजार मेगावाट से ज्यादा है। एमपी के ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर जिले के ग्रामीण इलाकों में 6 से 7 घंटे बिजली कटौती हो रही है। दिल्ली और एनसीआर में कई इलाकों में 2 से 5 घंटे की कटौती हो सकती है। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा के ग्रामीण इलाकों में भी बिजली कटौती की जा रही है। भीषण गर्मी के कारण जल स्तर में भी गिरावट देखी जा रही है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के मुताबिक देश में भीषण गर्मी के बीच 150 प्रमुख जलाशयों के भंडारण स्तर में लगातार गिरावट जारी है और यह कुल भंडारण क्षमता का 24 फीसदी गया है। पिछले वर्ष समान अवधि के दौरान के जल स्तर के मुकाबले मौजूदा जलस्तर में 21 फीसदी की कमी दर्ज की गई है।

जनजागरण

# महिला सम्मान के प्रवर्तक राजा राममोहन राय





डॉ. जंग बहादुर पाण्डेय

**तीन सजावत देश को, सती संत और शूर। तीन लजावत देश को कपटी, कायर क्रूर।** भारतवर्ष भूलोक का गौरव शाली देश रहा है। तीन के कारण यह देश विश्व में संपूजित हुआ और वे हैं सती संत और शूर। तीन के कारण यह देश लज्जित हुआ, वे हैं कपटी कायर और क्रूर। भारतवर्ष को सुसंस्कारित करने वाले अनेक समाज सुधारक हुए, उनमें राजा राम मोहन राय का नाम प्रथम पांक्तेय है। बंगाल के हुगली जिलातंर्गत राधानगर के एक कायस्थ परिवार में राजा राम मोहन राय का जन्म 22 मई 1772 को हुआ था। 61 साल की उम्र में 27 सितंबर 1833 को वे दिवंगत हो गये थे। उनको भारतीय पुनर्जागरण का अग्रदूत और आधुनिक भारत का जनक कहा जाता है। इनके पिता का नाम रमाकांत राय तथा माता का नाम तारिणी देवी और दादाजी का नाम कृष्णकांत बंदोपाध्याय था। भारतीय सामाजिक और धार्मिक पुनर्जागरण के क्षेत्र में उनका विशिष्ट स्थान है। वे ब्रह्म समाज (1828 में स्थापित) के संस्थापक, भारतीय भाषायी प्रेस के प्रवर्तक, जनजागरण और सामाजिक सुधार आंदोलन के प्रणेता तथा बंगाल में नव- जागरण युग के पितामह थे। जनैक राघव सिंह राठौर के कुशल संयोग ने ही, उनको भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम और पत्रकारिता क्षेत्रों में आगे बढ़ने की सफलता प्रदान की थी। उनके आन्दोलनों ने जहाँ पत्रकारिता को चमक दी, वहीं उनकी पत्रकारिता ने आन्दोलनों को भी सही दिशा दिखाने का कार्य किया। इस कारण से राम मोहन राय को 'राजा' की उपाधि मिली थी। राजा राम मोहन राय ने सबसे पहले ब्रह्म समाज की स्थापना की। इनको भारत का प्रथम आधुनिक पुरुष माना जाता है। इनकी समाधि ब्रिस्टल (इंग्लैंड) में है। उनकी जीवनी के अनुसार 15 वर्ष की आयु तक उन्हें बंगाली, संस्कृत, अरबी तथा फारसी का ज्ञान हो गया था। किशोरावस्था में उन्होने काफी भ्रमण किया था। उन्होने 1809-1814 तक ईस्ट इंडिया कम्पनी के लिए भी काम किया था। उन्होने ईष्ट इंडिया कंपनी की नौकरी छोड़कर अपने आपको राष्ट्र सेवा में झोंक दिया था। ब्रह्म समाज की स्थापना की तथा इंग्लैण्ड और फ्रांस का भी भ्रमण किया। वे भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के आंदोलन के अलावा और भी दोहरी लड़ाई लड़ रहे थे। दूसरी लड़ाई उनकी अपने ही देश के नागरिकों से थी, जो अंधविश्वास और कुरीतियों में जकड़े थे। आधुनिक भारत निर्माण में प्रमुख भूमिका लेकर राजा राममोहन राय ने देश के नागरिकों को झकझोरने का काम किया। बाल-विवाह, सती- प्रथा, जातिवाद, भ्रामक कर्मकांड, पर्दा प्रथा आदि का उन्होंने भरपूर विरोध किया। उनके उद्यम के फल स्वरूप सन 1929 में समग्र भारत से सती- प्रथा का सम्पूर्ण उछेद सम्भव हुआ था। ब्रह्म- समाज के धर्म प्रचार के क्षेत्र में अलेक्जेंडर डफ्फ ने उनकी काफी सहायता की थी। देवेंद्र नाथ टैगोर उनके सबसे प्रमुख अनुयायी थे। राजा राम मोहन राय ने ऐसी सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर इतिहास के पन्नों को स्वर्णिम किया था। भारतीय समाज में अन्तर्राष्ट्रीय भाषा के तौर पर अंग्रेजी, आधुनिक चिकित्सा प्रौद्योगिकी और विज्ञान के अध्ययन को लोकप्रिय करने के लिए राजा राम मोहन राय ने ही विभिन्न बदलाव की वकालत की थी। उन्होंने 'ब्रह्ममैनिकल मैग्जीन', 'संवाद कौमुदी 1821', मिरात- उल- अखबार 1822 , बंगदूत जैसे स्तरीय पत्रों का संपादन- प्रकाशन किया था। बंगदूत एक अनोखा पत्र था। इसमें बांग्ला, हिन्दी और फारसी भाषा का प्रयोग एक साथ किया जाता था। उनके जुझारू और सशक्त व्यक्तित्व का इस बात से अंदाज लगाया जा सकता है कि सन 1821 में अँग्रेज जज द्वारा एक भारतीय प्रताप नारायण दास को कोड़े लगाने की सजा दी गई और फलस्वरूप उसकी मृत्यु हो गई थी। इस बर्बरता के खिलाफ राजा राम मोहन राय के एक लेख लिखने के बाद, 1823 में ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रेस पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून (प्रीवी काउंसिल) का विरोध किया गया था। भारतीय इतिहास के पृष्ठों में राजा राम मोहन राय का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। भारत मां के ऐसे समाज सुधारकों के तप त्याग और सहिष्णुता को नमन एवं वंदन करते हुए राष्ट्र कवि दिनकर ने लिखा है **कि:-**

**चरण धूलि दो शीश लगा लूं,**
**जीवन का बल तेज जगा लूं।**
**मैं निवास जिस मूक स्वप्न का,**
**तुम उसके सक्रिय अवतार।**
**नमन उन्हें मेरा शतबार**

**पूर्व अध्यक्ष हिंदी विभाग**
**रांची विश्वविद्यालय, रांची**

## आपकी बात

# सावधान धर्म गुरूओं के वेश में छिपे हैं कालनेमि दुराचारी!



मनोज कुमार अग्रवाल

**उत्तर** प्रदेश के गाजियाबाद में छोटा हरिद्वार के नाम से मशहूर गंगनगर घाट पर महिलाओं के चेंजिंग रूम में सीसीटीवी मिलने से हड़कंप मच गया है। ये सीसीटीवी महिलाओं के चेंजिंग रूम में लगा हुआ था। इस मामले में गंगनहर घाट पर स्थित प्राचीन शनि मंदिर के महंत मुकेश गोस्वामी के खिलाफ शिकायत दर्ज कर ली गई है। मामले का खुलासा होने के बाद आरोपी फरार हो गया है। संत-महात्मा देश और समाज को मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, परंतु इन दिनों कलियुग का प्रभाव सिर चढ़कर बोल रहा है और संत पुजारी-महात्मा और बाबा के वेश में कुछ अपराधिक प्रवृति वाले लोग धार्मिक चोला पहन कर अनुचित व समाज विरोधी कार्य को अंजाम दे रहे हैं ये असामाजिक तत्व धर्म की आड़ में धर्म के विपरीत आचरण करके असली संत- महात्माओं की बदनामी का कारण बन रहे हैं। जैसा कि आप जानते हैं कि आसाराम बापू, फलाहारी बाबा, कृपालु, गुरमीत राम रहीम सिंह, 'लिंगायत साधु शिवमूर्ति मुरुघा शरणारू' तथा जलेबी बाबा आदि को महिलाओं और बच्चियों के यौन शोषण आदि के आरोपों में गिरफ्तार किया जा चुका है, कई अभी भी जेल में बंद हैं जबकि ऐसे बाबाओं के विरुद्ध शिकायतों का सिलसिला लगातार जारी है,आए दिन ऐसे मामलों की झड़ी लगी है जिसमें इन धार्मिक चोला धारी गुंडों की करतूत सामने आ रही है। पिछले दिनों उत्तराखंड में हत्या के आरोप में फरार आरोपी उत्तर प्रदेश के एक मंदिर में साधु बनकर छुपा हुआ था। जिसे उत्तराखंड एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। यह मामला 2018 का है, जहां पर मनीष गुप्ता नाम के युवक ने अपनी बहन के साथ छेड़छाड़ का विरोध किया था तो इस हत्या आरोपी वीर सिंह सैनी ने मनुष्य गुप्ता के सिर पर कुल्हाड़ी मार कर उसकी जान ले ली थी। फिर भाग कर उत्तर प्रदेश चला गया था और उत्तर प्रदेश के एक मंदिर में छुपकर साधु बना बैठा था जिसे उत्तराखंड एसटीएफ ने गिरफ्तार किया। इसी तरह 30 जून 23 को गुजरात की सूरत पुलिस ने लीक से हटकर पुलिसिंग को अंजाम देते हुए हत्या के मामले में वांछित एक मोस्ट वांटेड को 23 साल बाद पकड़ा है। सूरत के उधना क्षेत्र में हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी साधु बन गया था। सूरत पुलिस ने इस मोस्ट वांटेड को पकड़ने के लिए साधु का रूप धारण किया और फिर उत्तर प्रदेश के मथुरा से अरेस्ट किया। इतने सालों से पुलिस को चकमा दे रहे इस हत्यारोपी पर पुलिस ने 45 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था। 12 मार्च, 2024 को पुलिस ने बेंगलुरू में एक 50 वर्षीय महिला को विवाह तथा आर्थिक लाभ का झांसा देकर उससे बलात्कार करने के आरोप में एक गिरजाघर के पादरी राजशेखर (58) के विरुद्ध केस दर्ज किया। महिला का आरोप है कि चर्च में आने के पहले दिन से ही यह पादरी उसका शोषण करता आ रहा था और उसे आर्थिक लाभ दिलाने का झांसा देकर राजशेखर ने उससे लगभग 35 लाख रुपए भी ठग लिए। महिला द्वारा अपनी रकम वापस मांगने पर यह पादरी उसे जान से मारने की धमकियां देने लगा। फिलहाल पादरी फरार है। 5 मई को राजस्थान के पाली जिले में एक मौलवी अब्दुल गनी द्वारा मस्जिद के अंदर एक 19 वर्षीय युवती से बलात्कार किए जाने के संबंध में पीड़िता के परिजनों ने पुलिस में शिकायत लिखवाई। युवती ने आरोप लगाया कि अब्दुल गनी ने मुंह खोलने पर उसे जान से मारने की भी धमकी दी थी। मौलवी के विरुद्ध पुलिस में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से वह फरार है। 11 मई को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में एक मौलवी द्वारा मस्जिद में पढ़ने वाली एक युवती के साथ बलात्कार करने और उसका वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के आरोप में पीड़िता के परिजनों ने मसूरी थाना में शिकायत दर्ज करवाई। 13 मई को चेन्नई में धोखे से एक महिला को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाकर उससे बलात्कार करने के आरोप में एक धर्मस्थल के पुजारी 'कार्तिक मनुसामी' के विरुद्ध पुलिस ने केस दर्ज किया। उक्त पुजारी ने महिला के गले में माला पहनाकर उसके साथ रिश्ता कायम करके जिंदगी शुरू करने का वायदा किया था परंतु उसे गर्भवती करने के बाद पहले तो उसका गर्भपात करवा दिया और फिर उसे अपने मित्र के साथ भी सैक्स करने के लिए मजबूर किया। 24 मई को गाजियाबाद के मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने अपने भाई के ससुर और साली के उत्पीड़न से तंग आकर दोनों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि जब वह नहा रही थी, तब उसके भाई के ससुर ने छिपकर उसकी वीडियो बना ली। बाद में उसके आधार पर उसने पीड़िता के साथ जबरदस्ती की और जबरदस्ती करने के भी फोटो खींच लिए। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि अब इन वीडियो और फोटो के आधार पर पिता- पुत्री दोनों ही उसे ब्लैकमेल कर उससे रकम ऐंठने में लगे हैं। 17 साल से साधु का वेश धारण कर चकमा दे रहे ब्रह्मगिरी को यूपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हापुड़ और मथुरा पुलिस ने इस फर्जी बाबा को लूट के मामले के तहत हिरासत में लिया है। यह फर्जी बाबा अजय शर्मा ब्रह्मगिरी नाम बदल कर मथुरा में अपराध कर हापुड़ जनपद में थाना पिलखुवा के सिखेड़ा गांव के शिव मंदिर में साधु बनकर रह रहा था। वहीं सबसे ताजा घटनाक्रम के मुताबिक गाजियाबाद के थाना मुरादनगर क्षेत्र में गंगनहर घाट है, इसे छोटा हरिद्वार भी कहा जाता है, जहां बड़ी संख्या में लोग आते हैं।

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

सावरकर की जयंती पर विशेष

# स्वराष्ट्र के लिए जो जिए और मरे वही है-वीर सावरकर



डॉ. आनंद सिंह राणा

**स्व** के आलोक में तप, त्याग और तितिक्षा जैसे गौरवशाली भारतीय मूल्यों को मिट्टी में गूंथकर यदि एक हिंदुत्व की मूर्ति गढ़ी जाए, तो उस मूर्ति का नाम होगा 'वीर विनायक दामोदर सावरकर परंतु वीर सावरकर का नाम आते ही रंगे सियारों और लाल श्वानों में दहशत का वातावरण निर्मित हो जाता है और हृदय की धड़कन तेज हो जाती हैं। कतिपय लोगों की तो हृदय गति ही रुकने लगती है। प्रकारांतर से वीर सावरकर के स्वतंत्रता संग्राम योगदान और उनकी पवित्र आहुतियों पर बिना विचार विमर्श किए, तथाकथित रंगे सियार और लाल श्वानों की जमात नकारात्मक विचार बनाते हुए आलोचना कर देते हैं, परंतु दुर्भाग्य का विषय यह भी है कि मर्सी पिटिशन का क्या आशय है? और मर्सी पिटिशन क्यों लगाई गई? किसने लगवाई? इसे बिना जाने और समझे यह आरोप मढ़ दिया जाता है कि वीर सावरकर ने माफी मांग ली थी, परंतु सच तो यह है कि गाँधी जी ने एक कूटनीतिक चाल के चलते विनायक दामोदर सावरकर को मर्सी पिटीशन के लिए तैयारी करवाई थी क्योंकि गांधी जी असहयोग आंदोलन की सफलता चाहते थे। ऐसे में एक यक्ष प्रश्न यही उठता है कि केवल सावरकर के माफीनामे का ही क्यों उल्लेख कर उनके प्रति तिरस्कृत व्यवहार किया जाता है? दया याचिका या 'रॉयल क्लेमेंसी' अंग्रेजों द्वारा हिरासत में लिए गए आरोपी द्वारा अपनाई जाने वाली एक प्रक्रिया के अलावा और कुछ नहीं थी यह एक विशिष्ट प्रारूप था, जिसे प्रत्येक हिरासत में लिए गए व्यक्ति को अपनी रिहाई के लिए आवेदन करते वक्त जरूरत पड़ती थी। स्वघोषित इतिहासकार भी इस ऐतिहासिक किंतु शाब्दिक तथ्य से अच्छे से परिचित हैं, फिर भी अपमान और केवल वीर सावरकर का ही किया जाता है। यदि स्पष्टतः कहा जाए तो वीर सावरकर ने कभी भी अंग्रेजों से माफी नहीं मांगी थी। जिस महापुरुष ने दस साल सेलुलर जेल की अमानवीय यातनाएं सही हों, उसके विषय में 'माफीनामा' या 'दया याचिका' बात करना आश्चर्यजनक लगता है। वास्तविकता यह है कि आज तक हमें जिस माफीनामे के बारे में बताया जाता रहा है, वह केवल एक सामान्य सी याचिका थी, जिसे दाखिल करना राजनीतिक कैदियों के लिए एक सामान्य कानूनी विधान था।


> **जिस महापुरुष ने दस साल सेलुलर जेल की अमानवीय यातनाएं सही हों, उसके विषय में 'माफीनामा' या 'दया याचिका' बात करना आश्चर्यजनक लगता है।**

**(ये लेखक निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## X-से




# मध्य प्रदेश की मोहन सरकार, हर क्षेत्र में विकास अपार



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**मध्य** प्रदेश में नई सरकार के गठन और उसके बाद प्रदेश को मुखिया के रूप में मिले डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री के पद पर रहते अभी पूरे छह माह भी नहीं बीते हैं कि एक के बाद एक उनके निर्णयों ने हर क्षेत्र में राज्य की गति को ऊंचाईयों तक पहुंचा दिया है। यह स्वभाविक है कि किसी भी राज्य के विकास में सबसे अहम भूमिका, शासन, प्रशासन और जनता के बीच के समन्वय की होती है । लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा तब तक सफल नहीं होती, जब तक कि ये तीनों ही आपस में समन्वय के साथ कार्य करते हुए नहीं दिखते हैं। जब ये तीनों के बीच समन्वय होता है तो देश एवं प्रदेश की आर्थिक उन्नति होती है और आर्थिक गति आने से राज्य के हर नागरिक के जीवन में भौतिक सुख एवं उससे मिलनेवाले आध्यात्मिक सुख की वृद्धि होती है। मध्य प्रदेश में आज जो नई भाजपा की मोहन सरकार में दृश्य उभरा है, वह राज्य के नागरिक की जेब से जुड़ा हुआ है, बाजार से आप कोई वस्तु एक उपभोक्ता के रूप में तभी खरीदते हैं, जब आपकी पॉकेट इसकी अनुमति देती है। यदि आपका कोई आर्थिक संग्रह नहीं या आपकी आय पर्याप्त नहीं है तब आप चाहकर भी कोई वस्तु स्वयं के लिए और अपने परिवार जन, कुटुम्ब, बन्धु-बान्धवों के लिए नहीं खरीद पाते हैं, किंतु इस संदर्भ में मध्य प्रदेश में जो खुशी की बात वर्तमान में है, वह यह है कि राज्य में निवास कर रहे लोग खुलकर बाजार से खरीदारी कर रहे हैं और प्रदेश की सकल घरेलू आय (जीडीपी) बढ़ाने में अपना भरपूर योगदान दे रहे हैं। स्वभाविक है यदि राज्य में सरकार की सोच एवं कार्य लोककल्याणकारी नहीं होते तथा रोजगार के पर्याप्त अवसर मुहैया कराने के साथ लगातार नवाचार करने में यदि भाजपा की मोहन सरकार कहीं कमजोर होती तो आज यह दृष्य उभरकर कभी सामने नहीं आता। यही कारण है कि देश में आज मध्य प्रदेश अपनी बड़ी आबादी के बाद भी उच्च पूंजीगत व्यय में या कहना होगा कि लग्जरी वस्तुओं की अधिक खपत के कारण राज्य माल और सेवा कर (एसजीएसटी) संग्रह में, कहीं अधिक वृद्धि करने में भारत के सभी राज्यों में सबसे आगे रहने में कामयाब हुआ है। भारत में विनिर्माण के लिए पीएलआई, राज्य प्रोत्साहन, विदेशी व्यापार नीति के तहत लाभ जीएसटी, केंद्रीय उत्पाद शुल्क, सेवा कर और वैट कानूनों सहित अधिकांश करों पर ग्राहकों को पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से सलाह दे रहे केपीएमजी संस्थान के राष्ट्रीय प्रमुख अभिषेक जैन की इस संबंध में कही बातों पर हमें गौर करना चाहिए, वे कहते है कि किसी राज्य के जीएसटी की वृद्धि और गिरावट का सटीक कारण बताना कठिन है, कर संग्रह दरों को प्रभावित करने के लिए कई कारक जिम्मेदार हो सकते हैं। चूंकि जीएसटी एक उपभोग-आधारित कर है, इसलिए एसजीएसटी दरें उपभोग पैटर्न में बदलाव से प्रभावित हो सकती हैं। उच्च आर्थिक क्रय शक्ति वाले राज्य और जनसंख्या आमतौर पर एसजीएसटी संग्रह को प्रभावित करने वाले कारक हैं। कई अन्य कारक भी एसजीएसटी में योगदान दे सकते हैं, जैसे सरकारी नीतियों या विनियमों में बदलाव जो राज्य में निवेश को गति देता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## बोधि वृक्ष

# स्वर्ण मंदिर अमृतसर का इतिहास और अन्य जानकारी



**यहां** दो हॉल हैं, जहां एक बार में 5 हजार लोग साथ में बैठकर लंगर खा सकते हैं। साफ सफाई का प्रमाण इसी बात से मिलता है कि हर बर्तन को पांच अलग-अलग बार धोया जाता है। बता दें कि सिख लंगर का चलन सिखों के पहले गुरू गुरूनानक ने शुरू किया था। इस गुरूद्वारे में किसी भी व्यक्ति के तीन दिन तक रहने की पूरी व्यवस्था है। यहां कई कमरे और हॉल बने हैं, जहां सोने के लिए तकिया, कंबल और चादर की सुविधा दी जाती है। अगर आप भी स्वर्ण मंदिर घूमने जाएं, तो आराम से यहां तीन दिन तक ठहर सकते हैं।


**4. स्वर्ण मंदिर में दर्शन करने का सही समय –**

वर्ण मंदिर में दर्शन के लिए आपको लंबी लाइन में लगना ही होगा। जल्दी दर्शन के लिए ऑनलाइन बुकिंग जैसी कोई चीज यहां नहीं है। फिर भी आप लंबी लाइन से बचना चाहते हैं तो सुबह 4 बजे से लाइन में खड़े हो सकते हैं, आपका नंबर जल्दी आ जाएगा। मंदिर में दर्शन सुबह 3 बजे से रात 10 बजे तक होते हैं। वीकेंड्स पर मंदिर के दर्शन अवॉइड करें। क्योंकि लंबी लाइन के चलते आपका नंबर तीन से चार घंटे में भी नहीं आएगा। इसलिए अगर आप अच्छे से दर्शन करना चाहते हैं तो शनिवार-रविवार को छोड़कर किसी भी दिन आ जाएं।

**(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# गूगल ने किया बड़ा अपडेट



जबकि कार्यक्षमता वर्तमान में क्रोम के मोबाइल संस्करण पर उपलब्ध है, ऐसा लगता है कि क्रोम के डेस्कटॉप संस्करण को अभी तक अपडेट नहीं मिला है। Google के अनुसार, जब आप Google पासवर्ड मैनेजर में परिवार के किसी सदस्य के साथ पासवर्ड साझा करते हैं, तो उन्हें इसकी एक प्रति उनके Google पासवर्ड मैनेजर में मिल जाएगी, जिसका उपयोग सेवा या वेबसाइट पर लॉग इन करने के लिए किया जा सकता है। नवीनतम अपडेट में कई नई सुविधाएं भी शामिल हैं, जैसे माता-पिता को अलग-अलग समय सीमा सेटिंग्स में बच्चों के ऐप उपयोग की निगरानी करने की अनुमति देना, Google मीट जैसे ऐप में वीडियो कॉल पर दो डिवाइसों के बीच स्विच करना और भुगतान कार्ड सुझाव फील्ड में अपने कार्ड का नाम देखना।

**(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# आज का राशिफल

**मेष** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृषभ** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी व अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**मिथुन** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**कर्क** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें, व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

**सिंह** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**कन्या** शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**तुला** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपये पैसों की सुविधा मिल जाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे।

**वृश्चिक** स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**धनु** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग बना है। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**मकर** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। खान-पान में सावधानी रखें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**कुम्भ** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीन** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा।

## सपा विधायक रफीक अंसारी गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ से समाजवादी पार्टी के विधायक रफीक अंसारी को 1995 के एक आपराधिक मामले में गैर-जमानती वारंट का पालन नहीं करने पर लखनऊ में गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। एसएसपी ने विधायक की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्राधिकारी (सीओ) सिविल लाइन के नेतृत्व में एक टीम गठित की थी।



- तूफान ने बुनियादी सरंचनाओं और संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचाया
- राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की 14 टुकड़ियां तैनात की गई

# 'रेमल' से बंगाल में भारी तबाही

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में चक्रवाती तूफान 'रेमल' के पहुंचने के एक दिन बाद सोमवार को भारी तबाही का मंजर दिखा। तूफान के यहां पहुंचने पर बीती रात 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली थीं। इस चक्रवाती तूफान ने बंगाल के सागर द्वीप और बांग्लादेश के खेपुपारा के बीच के तटीय इलाकों पर भारी तबाही मचाई। रेमल के पहुंचने की प्रक्रिया की शुरूआत रविवार रात साढ़े आठ बजे से शुरू हुई थी। तूफान ने बुनियादी सरंचनाओं और संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचाया है। रेमल से तटीय इलाकों को हुई क्षति को साफ तौर पर देखा जा सकता है। झोपड़ियों की छत हवा में उड़ गयीं। पेड़ उखड़ गये और बिजली के खंभे गिर गये। इसके चलते कोलकाता सहित राज्य के कई हिस्सों में बिजली की आपूर्ति प्रभावित हुई। राहत और बचाव कार्य के लिए प्रभावित इलाकों में एनडीआरएफ की 14 टुकड़ियां तैनात की गई हैं।

कई इलाकों से जलभराव से लोगों की मुश्किलें और बढ़ गयीं हैं। तूफान के कारण भारी बारिश हुई जो सोमवार सुबह भी जारी रही। लोगों के घरों एवं खेतों में पानी भर गया। सुंदरवन के गोसाबा इलाके में मलबे में दबने से एक व्यक्ति घायल हो गया। कोलकाता के बिबी बागान इलाके में लगातार बारिश के कारण एक दीवार गिरने से एक व्यक्ति घायल हो गया।



## एक लाख से अधिक लोगों को बाहर निकाला गया

पश्चिम बंगाल सरकार ने चक्रवाती तूफान के आने से पहले संवेदनशील इलाकों से एक लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया था। सागर द्वीप, सुंदरबन और काकद्वीप सहित दक्षिण 24 परगना जिले से लोगों को मुख्य रूप से बाहर निकाला गया। लोगों को बाहर निकालने से निश्चित रूप से हजारों जिंदगियां बच गईं लेकिन संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। उत्तर-दक्षिण 24 परगना और पूर्वी मेदिनापुर जिलों में भारी नुकसान की सूचना है। चक्रवाती तूफान के कारण दीघा, काकद्वीप और जयनगर जैसे इलाकों में बारिश हुई और हवाएं चलीं, जो सोमवार को तेज हो गईं। सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयास जारी हैं।

1


2


### कोलकाता हवाई अड्डे पर 21 घंटे बाद विमान सेवाएं फिर से शुरू

**कोलकाता।** बंगाल की खाड़ी में उत्पन्न हुए चक्रवाती तूफान 'रेमल' के मद्देनजर कोलकाता हवाई अड्डे पर 21 घंटे तक विमानों की आवाजाही रद्द रहने के बाद सोमवार को फिर से उड़ान सेवाएं शुरू की गईं लेकिन स्थिति सामान्य होने में कुछ और समय लगेगा। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह 8:59 बजे इंडिगो के कोलकाता-पोर्ट ब्लेयर विमान ने यहां उड़ान भरी।

# नगर निगम को हाईकोर्ट की जमकर फटकार

एजेंसी

**अहमदाबाद।** राजकोट गेमिंग जोन अग्निकांड का स्वतः संज्ञान लेते हुए सोमवार को गुजरात हाईकोर्ट ने राजकोट नगर निगम को जमकर फटकार लगाई। साढ़े चार घंटे चली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने निगम के अधिकारियों से कहा कि तीन साल से भी अधिक समय से यहां अवैध रूप से गेम जोन का संचालन हो रहा था, लेकिन आप लोग सोए थे या अंधे हो गए थे।

हाईकोर्ट ने घटना के लिए राजकोट नगर निगम व आयुक्त को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि इस लापरवाही के लिए इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि इस कांड में मृतकों की संख्या 32 हो गई है। कोर्ट ने कहा कि नगर निगम, पुलिस और सड़क एवं भवन विभाग के अधिकारियों की निगरानी में गेम जोन चलता था।



फाइल फोटो

## राजकोट गेम जोन हादसे में सात अधिकारी निलंबित

टीआरपी गेम जोन हादसे में दो पुलिसकर्मियों समेत कुल सात अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद सख्त कार्रवाई का पहले ही संकेत दे दिया था। इससे पहले गेम जोन के संचालकों समेत छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना के लिए जिम्मेदार राजकोट महानगर पालिका (आरएमसी) के असिस्टेंट टाउन प्लानर गौतम डी जोशी, असिस्टेंट इंजीनियर जयदीप चौधरी, डिप्टी कार्यपालक इंजीनियर पारस एम कोठिया, राजकोट महानगर पालिका के फायर एंड इमरजेंसी सर्विसिस के स्टेशन ऑफिसर रोहित विगोरा, आर एंड बी विभाग के डिप्टी इंजीनियर एमआर सुमा को निलंबित किया गया है।

## पीएम और कांग्रेसी नेताओं ने पंडित नेहरू को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार सुबह स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पर लिखा, "मैं पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।" वहीं कांग्रेस के प्रमुख नेता पंडित जवाहर लाल नेहरू को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजिल देने शांति वन पहुंचे और पुष्पांजलि अर्पित की। इन नेताओं में सोनिया गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अजय माकन प्रमुख हैं। इस मौके पर राहुल गांधी ने एक्स हैंडल पर लिखा, "आधुनिक भारत के शिल्पकार, देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन।

## सीएम व आरोपी के सीडीआर की जांच करें : एनडब्ल्यूसी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी से राज्य सभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट

**मालीवाल मामला**

मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने सोमवार को दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र लिख कर आरोपितों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने पुलिस आयुक्त से आरोपित के साथ मुख्यमंत्री सहित सभी संबंधित व्यक्तियों की कॉल डीटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की जांच करने को भी कहा है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने सोमवार को ट्वीट करके कहा कि स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट मामले का आयोग ने संज्ञान लिया है। सोमवार को आयोग ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिख कर मामले के आरोपित



दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने वालों पर करें कार्रवाई

बिभव और मुख्यमंत्री केजरीवाल सहित सभी संबंधित लोगों की सीडीआर की जांच करने को कहा है और स्वाति मालीवाल के साथ दुष्कर्म और जान से मारने की धमकियों की जांच करने के साथ आरोपितों के साथ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

## फिर लिथुआनिया के राष्ट्रपति बने नौसेदा

**विनियस।** निवर्तमान राष्ट्रपति गितानस नौसेदा रविवार को हुए चुनाव में इंग्रिडा सिमोनीटे को हराकर एक बार फिर लिथुआनिया के राष्ट्रपति चुने गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने देश के चुनाव आयोग के हवाले से बताया है कि नौसेदा को 74.43 प्रतिशत मत मिले, वहीं सिमोनीटे 24.06 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। नौसेदा ने विनियस में कहा, लिथुआनिया के लोगों ने मुझ पर विश्वास जताया है। मैं उनके विश्वास को संजोकर रखूंगा। अपनी इस जीत के साथ नौसेदा एक बार फिर पांच साल तक लिथुआनिया के राष्ट्रपति बने रहेंगे। बीएनएस ने बताया कि वर्तमान प्रधानमंत्री सिमोनीटे ने अपनी हार स्वीकार कर ली है और नौसेदा को उनकी जीत पर बधाई दी है इसके पहले 12 मई को हुए चुनाव में पहले दौर में किसी भी उम्मीदवार को आधे से अधिक मत नहीं मिला था।

**ब्रह्मा कुमारी** की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बोलीं राष्ट्रपति : स्वस्थ समाज ही विकास का आधार

# आध्यात्मिक सशक्तीकरण ही वास्तविक सशक्तीकरण : मुर्मू

*एक सच्चा स्वस्थ व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक तीनों आयामों को पूरा करता है।*

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आध्यात्मिक मूल्यों को विकसित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आध्यात्मिक सशक्तीकरण ही वास्तविक सशक्तीकरण होता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक मूल्य सभी धर्मों के लोगों को एक-दूसरे से जोड़ते हैं। राष्ट्रपति सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में ब्रह्मा कुमारी संस्थान द्वारा आयोजित स्वच्छ और स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तीकरण कार्यक्रम के राष्ट्रीय शुभारंभ पर सभा को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि विश्व इतिहास के स्वर्णिम अध्याय और राष्ट्रों का इतिहास सदैव आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित रहे हैं। विश्व इतिहास इस बात का साक्षी है कि आध्यात्मिक मूल्यों की उपेक्षा करके केवल भौतिक प्रगति का मार्ग अपनाना अंततः विनाशकारी सिद्ध हुआ है। स्वस्थ मानसिकता के आधार पर ही समग्र कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि एक सच्चा स्वस्थ व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक तीनों आयामों को पूरा करता है। ऐसे व्यक्ति ही एक स्वस्थ समाज, राष्ट्र एवं विश्व समुदाय का निर्माण करते हैं।

उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक सशक्तीकरण ही वास्तविक सशक्तीकरण होता है। जब किसी धर्म और पंथ के मानने वाले अध्यात्म के मार्ग से भटक जाते हैं तो वे धर्मान्धिता (कट्टरता) का शिकार हो जाते हैं और अस्वस्थ मानसिकता से ग्रस्त हो जाते हैं। आध्यात्मिक मूल्य सभी धर्मों के लोगों को एक-दूसरे से जोड़ते हैं।



### आंतरिक आध्यात्मिकता की सामाजिक अभिव्यक्ति

राष्ट्रपति ने कहा कि स्वार्थ से ऊपर उठकर लोक कल्याण की भावना के साथ काम करना, आंतरिक आध्यात्मिकता की सामाजिक अभिव्यक्ति है। जनता की भलाई के लिए दान करना सबसे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक मूल्यों में से एक है। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में भय, आतंक और युद्ध को बढ़ावा देने वाली ताकतें बहुत सक्रिय हैं। ऐसे माहौल में ब्रह्माकुमारी संस्था ने 100 से अधिक देशों में कई केंद्रों के माध्यम से मानवता के सशक्तीकरण के लिए एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराया है।

## भारतीय सेना को मिली हाइड्रोजन बस 250-300 किमी का है माइलेज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना को हाइड्रोजन ईंधन सेल प्रौद्योगिकी वाली पहली बस मिली है। हाइड्रोजन से चलने वाली यह बस हाइड्रोजन ईंधन के 30 किलो के टैंक पर 250-300 किमी का प्रभावशाली माइलेज देती है। बस में कुल 37 यात्रियों के बैठने की क्षमता है। ऐसी कुल 15 बसें आ रही हैं। सेना इनमें से एक बस का परीक्षण करेगी। हाइड्रोजन ईंधन सेल तकनीक इलेक्ट्रो-रासायनिक प्रक्रिया के माध्यम से हाइड्रोजन गैस को बिजली में परिवर्तित करती है। यह एक स्वच्छ और कुशल ईंधन का विकल्प प्रदान करती है। यह प्रक्रिया जलवाष्प को एकमात्र



बाई प्रोडक्ट के रूप में छोड़ती है, इस प्रकार यह शून्य उत्सर्जन सुनिश्चित करती है। गौरतलब है कि 21 मार्च 2023 को, भारतीय सेना ने उत्तरी सीमा पर ग्रीन हाइड्रोजन आधारित माइक्रोग्रिड पावर प्लांट की स्थापना के लिए नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड के साथ समझौता किया था। सेना ऐसा करने वाली पहली सरकारी इकाई थी।

# टी२० विश्व कप २०२४ से पहले न्यूयॉर्क पहुंची भारतीय क्रिकेट टीम



भारतीय टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज

रिजर्व : शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और अवेश खान।

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

टी20 विश्व कप 2024 से पहले संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए रवाना हुए भारतीय खिलाड़ियों का पहला जत्था आगामी आईसीसी इवेंट में हिस्सा लेने के लिए न्यूयॉर्क पहुंच गया है। इससे पहले शनिवार को कप्तान रोहित शर्मा, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और नंबर एक टी20आई बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव सहित भारतीय क्रिकेटर संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए रवाना हुए। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर आगामी टी20 विश्व कप के लिए खिलाड़ियों के अमेरिका पहुंचने की एक क्लिप साझा की। वीडियो में भारतीय क्रिकेटर न्यूयॉर्क के एयरपोर्ट से निकलते और टीम बस में चढ़ते हुए कैद हुए। बीसीसीआई ने एक्स पर लिखा, 'न्यूयॉर्क पहुंचे! टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप के लिए पहुंच गई है।' भारत का टी20 वर्ल्डकप अभियान 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ न्यूयॉर्क में नवनिर्मित नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला 9 जून को होगा। इसके बाद वे टूर्नामेंट के सह-मेजबान यूएसए (12 जून) और कनाडा (15 जून) के साथ अपने ग्रुप ए मैच खेलेंगे। टूर्नामेंट में भारत का लक्ष्य आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म करना होगा।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने अर्जेंटीना को 5-4 से हराया

**एजेंसी। एंटवर्प**

हरमनप्रीत सिंह की हैट्रिक की बदौलत भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण के अपने चौथे मैच में अर्जेंटीना के खिलाफ 5-4 से जीत दर्ज की।

भारत के लिए, अरजीत सिंह हुंदल (7'), गुरजंत सिंह (18') और हरमनप्रीत सिंह (29', 50' और 52') ने, जबकि अर्जेंटीना के लिए, फेडेरिको मोंजा (3'), निकोलस कीनन (24'), तादेओ मारुची (54') और लुकास मार्टिनेज (57') ने गोल किये।

भारत ने मैच में अच्छी शुरूआत की, पहले क्वार्टर में अधिकांश समय गेंद अपने पास रखी और सटीक पास देकर अर्जेंटीना के स्ट्राइकिंग सर्कल में अपनी जगह बनाई। हालाँकि, मैच के तीसरे मिनट में फेडेरिको मोंजा ने गोल कर अर्जेंटीना को 1-0 की बढ़त दिला दी। जवाब में, भारत ने अरिजीत सिंह हुंदल (7') के शानदार फील्ड गोल से जल्द ही बराबरी कर ली। एक मिनट शेष रहते भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सका। पहला क्वार्टर 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। भारत ने दूसरे क्वार्टर की शानदार शुरूआत की। गुरजंत सिंह ने मैच के 18वें मिनट में बेहतरीन फील्ड गोल कर भारत को 2-1 से आगे कर दिया।




**भारत ने मैच में अच्छी शुरुआत की, पहले क्वार्टर में अधिकांश समय गेंद अपने पास रखी और सटीक पास देकर अर्जेंटीना के स्ट्राइकिंग सर्कल में अपनी जगह बनाई।**

मैच के 24वें मिनट में निकोलस कीनन ने गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। हालाँकि, भारत ने एक मिनट शेष रहते ही पेनल्टी कॉर्नर अर्जित कर लिया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह (29') ने कोई गलती नहीं की और गोल कर भारत को 3-2 से आगे कर दिया। हाफ टाइम तक भारत अर्जेंटीना से 3-2 से आगे था। तीसरा क्वार्टर मनोरंजक था, जिसमें दोनों टीमों ने तेज-तर्रार हॉकी का प्रदर्शन करते हुए आक्रमण की गति तेज कर दी। भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसे गोल में नहीं बदल सका क्योंकि हरमनप्रीत के शॉट को अर्जेंटीना के गोलकीपर ने रोक दिया। दोनों टीमों की रक्षापंक्ति मजबूत होने के कारण तीसरा क्वार्टर गोलरहित रहा और 3-2 से बराबरी पर समाप्त हुआ। चौथा क्वार्टर शानदार खेला गया और भारत टॉप गियर में आ गया। उन्होंने अर्जेंटीना को गलतियाँ करने के लिए प्रेरित किया, जिसके कारण टीम को 10 मिनट शेष रहते हुए पेनल्टी कॉर्नर मिला और कप्तान हरमनप्रीत सिंह (50') ने इस मौके का फायदा उठाते हुए गोल कर भारत को 4-2 से आगे कर दिया। दो मिनट बाद, भारत को एक और पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे कप्तान हरमनप्रीत सिंह (52') ने फिर से गोल में बदलते हुए टीम को 5-2 से बढ़त दिला दी।

## देवरक उरांव मेमोरियल वुडबॉल प्रतियोगिता संपन्न



**प्रतियोगिता के परिणाम**

**बालक वर्ग**

प्रथम - बंटी टोप्पो
द्वितीय - राजू गोप
तृतीय -शुभम कुमार शर्मा

**बालिका वर्ग**

प्रथम - नेहा कुमारी
द्वितीय - प्रभा मांझी
तृतीय - नीरा कुमारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी के जयपाल सिंह स्टेडियम में रांची जिला वुडबॉल संघ की ओर से सोमवार को एकदिवसीय स्व देवराज उरांव मेमोरियल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। इस इंडीविजुवल टूर्नामेंट में 30 वुडबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पिठौरिया बाडू की संचालिका बीके (ब्रह्माकुमारी) राजमती बहन एवं झारखंड राज्य वुडबॉल संघ के अध्यक्ष राज कुमार पोद्दार उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा के कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, झारखंड राज्य वुडबॉल संघ के सचिव गोविंद झा, दीपक वर्मा, अंश वर्मा आदि कई लोग उपस्थित थे। सभी ने संयुक्त रूप से विजेता एवं उप विजेता बालक व बालिका खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर बीके ज्योति, बीके प्रकाश समेत कई गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। यह जानकारी अमन ने दी।

## न्यूज बॉक्स

### टी20 विश्व कप : ऑस्ट्रेलिया के अभ्यास मैचों में नहीं खेलेंगे कमिंस, स्टार्क और हेड

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप 2024 टीम के मुख्य सदस्य पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और ट्रैविस हेड अपनी राष्ट्रीय टीम के वार्म-अप मैचों में हिस्सा नहीं लेंगे, क्योंकि वे मेगा इवेंट से पहले एक छोटा ब्रेक लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया वापस जाएंगे।रविवार के आईपीएल फाइनल में भाग लेने के बाद, कमिंस, हेड और स्टार्क विश्व कप टीम में फिर से शामिल होने से पहले ऑस्ट्रेलिया वापस जाएंगे। घर पर समय बिताने वालों में ग्लेन मैक्सवेल और कैमरून ग्रीन भी शामिल हैं, जो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के प्लेऑफ दौर का हिस्सा थे। इन पांचों के 5 जून को ओमान के खिलाफ टीम के शुरूआती ग्रुप मैच में जुड़ने की उम्मीद है, जो बारबाडोस में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के हवाले से कहा, लचीला होना महत्वपूर्ण है। लोग आईपीएल में रहे हैं। वे बहुत अधिक क्रिकेट खेल रहे हैं इसलिए हमने उन्हें घर पर कुछ दिन बिताने, उनके परिवार को देखने, तरोताजा होने और इस टूनार्मेंट के लिए लंबा खेल खेलने को प्राथमिकता दी है। यह वास्तव में महत्वपूर्ण है कि हम उन्हें छुट्टी दें, भले ही वह घर पर कुछ दिनों के लिए ही क्यों न हो।

### ग्राउंड्समैन, क्यूरेटर प्रत्येक को दिए जाएंगे 25 लाख रुपये : जय शाह



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने सोमवार को घोषणा की है कि 10 नियमित आईपीएल स्थानों पर ग्राउंड्समैन और क्यूरेटर प्रत्येक को 25 लाख और तीन अतिरिक्त स्थानों के ग्राउंड स्टाफ को 10 लाख रुपये मिलेंगे। आईपीएल का 17वां संस्करण रविवार को संपन्न हुआ जब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को आठ विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपना तीसरा खिताब जीता। शाह ने एक्स पर लिखा, ह्हमारे सफल टी20 सीजन के गुमनाम नायक अविश्वसनीय ग्राउंड स्टाफ हैं जिन्होंने कठिन मौसम की स्थिति में भी शानदार पिचें प्रदान करने के लिए अथक प्रयास किया। हमारी सराहना के प्रतीक के रूप में, 10 नियमित आईपीएल स्थानों पर ग्राउंड्समैन और क्यूरेटर को प्रत्येक को 25 लाख रुपये मिलेंगे, और 3 अतिरिक्त स्थानों पर प्रत्येक को 10 लाख रुपये मिलेंगे। आपके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद!।"इस साल का आईपीएल दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स द्वारा अपने शेड्यूल में एक अतिरिक्त घरेलू स्थल जोड़ने के बाद देश भर के 13 स्थानों पर खेला गया। दिल्ली ने अपने कुछ मैच नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम के अलावा विशाखापत्तनम में खेले, पंजाब ने मुल्लांपुर के अलावा धर्मशाला में खेले जबकि राजस्थान ने जयपुर के बाद गुवाहाटी को अपना दूसरा घरेलू मैदान चुना।

### आईसीसी टी-20 विश्व कप से बाहर हुए वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जेसन होल्डर

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज को अपने टी20 विश्व कप अभियान से पहले उस समय करारा झटका लगा जब ऑलराउंडर जेसन होल्डर चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा सीरीज खेल रहे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ओबेद मैककॉय को होल्डर के प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया है। होल्डर को काउंटी चैम्पियनशिप में वॉर्सेस्टरशायर के लिए खेलते समय चोट लगी थी। हालाँकि, क्रिकेट वेस्टइंडीज की विज्ञप्ति में चोट की प्रकृति या उनके ठीक होने की समयसीमा के बारे में नहीं बताया गया है। मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा, जेसन हमारे सेट-अप में एक अनुभवी खिलाड़ी हैं। उनकी अनुपस्थिति निस्संदेह मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह महसूस की जाएगी। हम उम्मीद करते हैं कि जेसन जल्द ही पूरी तरह से फिट होकर हमारे पास आएंगे। उन्होंने आगे कहा, ह्हालांकि जेसन जैसी क्षमता वाले खिलाड़ी को खोना दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन हमें ओबेद मैककॉय की क्षमताओं पर भरोसा है। ओबेद ने अपने प्रदर्शन में उल्लेखनीय कौशल और वादा दिखाया है, और यह अवसर उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने की अनुमति देगा।

## एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय जिमनास्ट बनीं दीपा

**नई दिल्ली।** दीपा करमाकर ने रविवार को ताशकंद में चल रहे एशियाई महिला कलात्मक जिमनास्टिक चैंपियनशिप के वॉल्ट स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके साथ ही वह एशियाई महिला कलात्मक जिमनास्टिक चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय जिमनास्ट बन गईं। 30 वर्षीय दीपा, जो क्वालिफिकेशन में 12.650 के साथ आठवें स्थान पर थीं, ने फाइनल में अपने दो प्रयासों में कुल मिलाकर 13.566 का स्कोर बनाया। उनके बाद दो उत्तर कोरियाई, किम सोन ह्यांग (13.466, 0.100 की पेनल्टी के बाद) और जो क्योंग ब्योल (12.966) थीं। 2015 में हिरोशिमा में कांस्य (14.725) के बाद यह दीपा का चैंपियनशिप में दूसरा पदक था। आशीष कुमार (फ्लोर एक्सरसाइज, कांस्य, सूरत, 2006) और प्रणति नायक (वॉल्ट, उलानबटार, 2019 और दोहा, 2022 में कांस्य पदक) अन्य भारतीय हैं, जिन्होंने एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीते हैं।



## उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए भारतीय महिला फुटबॉल टीम घोषित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए सोमवार को 23 सदस्यीय भारतीय सीनियर महिला टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम वर्तमान में हैदराबाद में डेरा डाले हुए है, जहां वे ताशकंद में दो आगामी मैचों की तैयारी कर रही है, जो 31 मई और 4 जून को खेले जाएंगे।

30 संभावितों के साथ भारतीय टीम ने श्रीनिदी डेक्कन एफसी के घरेलू मैदान, डेक्कन एरेना में दो सप्ताह तक प्रशिक्षण लिया, इसके बाद मुख्य कोच लंगम चाओबा देवी ने 23 की अंतिम टीम घोषित की, जो बुधवार 29 मई को ताशकंद रवाना होगी। इस साल की शुरूआत में, भारतीय टीम चार देशों के टूर्नामेंट तुर्की महिला कप में कोसोवो से हारकर उपविजेता रही थी, टूर्नामेंट में दो अन्य देश एस्टोनिया और हांगकांग थे।

**टीम इस प्रकार है**

**गोलकीपर : श्रेया हुडा, मैबाम लिनथोइनगांबी देवी, मोइरांगथेम मोनालिसा देवी।**


**डिफेंडर : लोइटोंगबम आशालता देवी, संजू, हेमम शिल्की देवी, जूली किशन, अस्तम ओरांव, अरुणा बैग, सोरोखैबम रंजना चानू, वांगखेम लिन्थोइंगंबी देवी।**

**मिडफील्डर : कार्तिका अंगमुथु, कविया, नाओरेम प्रियंगका देवी, नेहा, संध्या रंगनाथन, संगीता बासफोर, सौम्या गुगुलोथ, अंजू तमांग।**

**फॉरवर्ड : काजोल डिसूजा, करिश्मा शिरवोइकर, प्यारी जाक्सा, सेर्टो लिंडा कॉम।**

## भारत के हेड कोच बन सकते हैं गंभीर!

**एजेंसी। नई दिल्ली**



आईपीएल में कोलकाता को चैंपियन बनाने वाले गौतम गंभीर खिताबी जीत के बाद बेहद भावुक नजर आए। इस दौरान बॉलीवुड किंग शाहरुख खान ने गंभीर के माथे को खुशी से चूम लिया। कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार रात आईपीएल 2024 के खिताबी मुकाबले में एकतरफा अंदाज में सनराइजर्स हैदराबाद को हराते हुए तीसरी बार आईपीएल ट्रॉफी अपने नाम की। इस जीत में पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर की मेंटरशिप का अहम योगदान रहा। अपनी कप्तानी में पहले ही कोलकाता के लिए दो ट्रॉफी जीत चुके गौतम गंभीर ने एक बार फिर बतौर मेंटर अपनी टीम को एक दशक बाद ट्रॉफी दिलाई। इस जीत के बाद गौतम गंभीर टीम इंडिया के हेड कोच बनेंगे, ऐसी खबरें और तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि गंभीर इस दौर में सबसे आगे हैं। हालांकि, सवाल यह उठता है कि क्या इस सीजन में मेंटर के तौर पर कोलकाता में वापसी करने वाले गंभीर भारतीय टीम के मुख्य कोच बनने के लिए फ्रेंचाइजी छोड़ देंगे?

कोलकाता को तीन बार आईपीएल ट्रॉफी जीताने और लखनऊ को दो बार प्लेऑफ में पहुंचाने के ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, गंभीर की नेतृत्व क्षमता ने क्रिकेट जगत का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है।

2012 और 2014 में कोलकाता को दो आईपीएल खिताब दिलाने वाले गंभीर ने बड़े मौकों पर टीम को जीत दिलाने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### जिप इलेक्ट्रिक ने जुटाया 15 मिलियन का फंड

**नई दिल्ली।** ईवी टेक कंपनी जिप इलेक्ट्रिक ने सोमवार को कहा कि कंपनी ने 15 मिलियन डॉलर का निवेश जुटाया है। इसकी मदद से कंपनी अपनी फ्लीट को 21,000 से बढ़ाकर 2,00,000 करेगी। इसके साथ ही कंपनी अपने ऑपरेशन का विस्तार 2026 तक 15 शहरों में करेगी। कंपनी की ओर से ये फंडिंग बड़े जापानी निवेश एनियोस और कंपनी के मौजूदा निवेशक 9 यूनिकॉर्न्स, आईएएन फंड, वेंचर कैटालिस्ट और डब्ल्यूएफसी एवं अन्य से जुटाया गया है। जिप इलेक्ट्रिक के सीईओ और सह-संस्थापक, आकाश गुप्ता ने अपने बयान में कहा कि हमारा उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन को कम करना है। इसके साथ हम अपने डिलीवरी पार्टनर की लाइफ को आसान बना रहे हैं और ग्राहक भी हमारे साथ मजबूती से बने हुए हैं। इस फंड के जरिए हम कंपनी की ग्रोथ पर फोकस करेंगे और ईबीआईटीडीए को मुनाफे में लाने की कोशिश करेंगे। कंपनी की ओर से बताया गया कि 15 मिलियन डॉलर की इक्विटी फंडिंग जिप द्वारा सीरीज सी1 फंडिंग राउंड में जुटाई गई 50 मिलियन डॉलर की राशि का हिस्सा है। इस राउंड में 40 मिलियन डॉलर का धन इक्विटी के रूप में और 10 मिलियन डॉलर का धन डेट के रूप में जुटाया गया है।एनियोस की ओर से कहा गया कि जिप प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ ईवी मोटरसाइकिल डिलीवरी बाजार में एक अग्रणी कंपनी है और इस कारण फंड ने कंपनी में निवेश किया है। कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक, जिप एक टेक इनेबल्ड ईवी-एस-ए-सर्विस प्लेटफॉर्म है।

### मस्क की कंपनी एक्सएआई ने जुटाया 6 अरब डॉलर का फंड

**नई दिल्ली।** एलन मस्क की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनी एक्सएआई की ओर से सोमवार को कहा गया कि उसने भविष्य की टेक्नोलॉजी के विकास और रिसर्च के लिए 6 अरब डॉलर की पूंजी जुटाई है। मस्क की एआई कंपनी की ओर से ये जानकारी सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर दी गई। कंपनी के पोस्ट के जवाब में एलन मस्क ने लिखा कि आने वाले समय में हम कई और घोषणाएं करने वाले हैं। मस्क ने कंपनी के फंडिंग जुटाने को लेकर एक अन्य पोस्ट के जवाब में कहा कि इसका प्री-मनी वैल्यूएशन 18 अरब डॉलर था। कंपनी ने बताया कि 'सीरीज बी' में जुटाई गई इस फंडिंग का इस्तेमाल एक्सएआई के पहले उत्पादों को बाजार में उतारने और एडवांस इन्फ्रास्ट्रक्चर को बनाने में उपयोग किया जाएगा। कंपनी ने अपनी ब्लॉग पोस्ट में कहा कि एक्सएआई का पूरा ध्यान एक एडवांस एआई सिस्टम बनाने को लेकर है। सही, सक्षम और मानवता को अधिक से अधिक फायदा पहुंचाने वाला होगा। कंपनी का मिशन यूनिवर्स के सही अर्थ को जानना है। एक्स एआई की ओर से एआई चैटबॉट 'ग्रॉक' को पेश किया गया है। इसमें वेलोर इक्विटी पार्टनर्स, वीवाई कैपिटल, आंद्रेसेन होरोविट्ज, सिकोइया कैपिटल, फिडेलिटी मैनेजमेंट, रिसर्च कंपनी, प्रिंस अलवलीद बिन तलाल और किंगडम होल्डिंग आदि ने निवेश किया हुआ है। इसके अलावा एक्सएआई ने कहा कि वह आने वाले समय में नए टेक्नोलॉजी अपडेट्स और उत्पाद पेश करेंगे।

# मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में बजट को नया रूप दिया : सीतारमण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने विगत 10 वर्षों में केंद्रीय बजट को खर्चों के रिकॉर्ड से बदलकर समान विकास के लिए एक रणनीतिक खाके में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि हम अपने करदाताओं से एकत्र किए गए प्रत्येक रुपये का विवेकपूर्ण और कुशल उपयोग करते हैं, उन्हें सार्वजनिक वित्त की पारदर्शी तस्वीर देते हैं।

सीतारमण ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में अपनी उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि कांग्रेस की अगुवाई वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की ऑफ-बजट उधारी और ऑयल बॉन्ड जारी करने और घाटे को छिपाने की दोहराई जाने वाली प्रथा के बिल्कुल विपरीत है, जिसने कुछ हद तक राजकोषीय बोझ को भविष्य की पीढ़ियों पर स्थानांतरित कर दिया। संप्रग के तहत बजट आंकड़ों को अनुकूल दिखाने के लिए मानक राजकोषीय प्रथाओं को नियमित रूप से बदला गया।



**कांग्रेस की अगुवाई वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की ऑफ-बजट उधारी और ऑयल बॉन्ड जारी करने और घाटे को छिपाने की दोहराई जाने वाली प्रथा के बिल्कुल विपरीत है,**

सीतारमण ने कहा कि हमारी सरकार ने केंद्रीय बजट को केवल खर्चों के रिकॉर्ड से बदलकर समान विकास के रणनीतिक खाके में बदल दिया है। हम अपने करदाताओं से एकत्र किए गए प्रत्येक रुपये का विवेकपूर्ण और सही इस्तेमाल करते हैं...सार्वजनिक वित्त की पारदर्शी तस्वीर पेश करते हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि केंद्र सरकार राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सरकारों के जरिए 108 केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) का संचालन करती है, जिसका बजट वित्त वर्ष 2024-25 के लिए करीब 5.01 लाख करोड़ रुपये है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए यह 4.76 लाख करोड़ रुपये थे।

वित्त मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करने, पारदर्शिता बढ़ाने और विकसित भारत की मजबूत नींव रखने के लिए चल रहे सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही हम करदाताओं की मेहनत की कमाई के मूल्य और प्रभाव को अधिकतम करना जारी रखेंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि इसका सभी के लाभ के लिए सर्वोत्तम संभव उपयोग किया जाए।


## फोनपे के पिनकोड ने ग्राहकों तक पहुंच बढ़ाने के लिए सिंपली नामधारी के साथ की साझेदारी

**एजेंसी। बेंगलुरु**

फोनपे के घरेलू स्टोर-फर्स्ट कॉमर्स ऐप पिनकोड ने सोमवार को घोषणा की कि उसने एक नया समझौता किया है। कंपनी ने कहा कि ऑनलाइन ग्राहकों तक पहुंच बनाने के लिए भारत के एकमात्र 100 प्रतिशत शाकाहारी ओमनी-चैनल रिटेलर सिंपली नामधारी के साथ हाथ मिलाया है।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि इसके जरिए बेंगलुरु निवासियों को पिनकोड ऐप पर किराने का सामान, ताजे फल और सब्जियां और अन्य प्रमुख एफएमसीजी उत्पाद आसानी से प्राप्त हो सकेंगे।

पिनकोड के सीईओ विवेक लोहचेब ने कहा, ₹नामधारी भारत में ताजे फलों और सब्जियों के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक के रूप में जाना जाता है, और अब उनके उत्पाद पिनकोड पर भी उपलब्ध हैं। पिनकोड ई-कॉमर्स बूम के साथ-साथ स्थानीय व्यवसायों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहा है।




लोहचेब ने कहा, हमारे साथ साझेदारी करके, व्यापारी अपनी दुकानों को बिना किसी बाधा के डिजिटल कर सकते हैं, क्योंकि हम उन्हें ऑनलाइन मांग बढ़ाने के लिए हमारे व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाते हुए ऑनलाइन होने को सभी आवश्यक सहयोग प्रदान करते हैं। उनके अनुसार, पिनकोड के दो मिलियन से अधिक रजिस्टर्ड यूजर्स हैं, अब तक 1.5 मिलियन से अधिक ऑर्डर निपटाए जा चुके हैं।

## रियलमी के 'टॉप परफॉर्मर' जीटी 6टी की बढ़ रही डिमांड, आज अर्ली एक्सेस अमेजन सेल

**नई दिल्ली।** रियलमी जीटी सीरीज नए रियलमी जीटी 6टी के साथ चर्चाओं में बना हुआ है। पावरफुल चिपसेट, सुपर-फास्ट चार्जिंग और अपने सेगमेंट में सबसे बड़े वीसी कूलिंग सिस्टम के फीचर्स के साथ, रियलमी ने इसे ₹टॉप परफॉर्मिंग ट्रियोर करार दिया है। रियलमी ने 22 मई को ऑफिशियल डिवाइस को लॉन्च किया, जिससे अपकमिंग पहली सेल के लिए फैंस काफी एक्साइटेड है।



रियलमी ने पिछले शनिवार को अहमदाबाद में अपने फ्लैगशिप स्टोर पर एक स्पेशल पॉप-अप इवेंट को होस्ट किया, जिसमें डिवाइस के ऑफिशियल लॉन्च से पहले एक्सक्लूसिव फर्स्ट लुक से पर्दा हटाया गया।

600 से ज्यादा फैंस चिलचिलाती गर्मी के बावजूद स्टोर में आए, जिससे यह साबित हुआ कि जीटी 6टी का क्रेज कितना है। रियलमी ने पहले आने वाले 150 लोगों को मिस्ट्री बॉक्स दिए, जबकि पहले 10 लकी कस्टमर्स को और भी बड़े अवॉर्ड जीतने का मौका देने के लिए खास 'रियलमियाओ' लेगो बॉक्स और स्क्रैच कार्ड मिले।

पॉप-अप इवेंट को जबरदस्त सफलता मिली, इसमें जीटी 6टी डिवाइस का पूरा स्टॉक पूरी तरह से बिक गया। यह जबरदस्त रिस्पॉन्स साफ तौर से रियलमी की लेटेस्ट ऑफर्स को लेकर लोगों के क्रेज को दिखाता है।

एक्साइटमेंट को जारी रखने के लिए, रियलमी ने 28 मई से अमेजन पर जीटी 6टी के लिए अर्ली एक्सेस सेल की घोषणा की है। सेल दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक सीमित समय के लिए चलेगी, जिससे लोगों को बढ़ती डिमांड वाले डिवाइस को खरीदने का एक और मौका मिलेगा।

अहमदाबाद में पॉप-अप इवेंट को मिला जबरदस्त रिस्पांस स्मार्टफोन मार्केट में क्रांति लाने की रियलमी जीटी 6टी की क्षमता का बयां करता है। जैसा कि हम अर्ली एक्सेस सेल के लिए तैयार हैं, यह कहना सही होगा कि 'टॉप परफॉर्मर' रियलमी जीटी 6टी ने लोगों में एक्साइटमेंट को बढ़ाया है।




# टेंडर कमीशन घोटाले में कई नेता-अधिकारी भी रडार पर

**उपेंद्र गुप्ता। रांची**

झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) नए-नए घोटालों की परतें खोलने में जुटी है। एक घोटाले की जांच कर रही है,तो दूसरी की जानकारी मिल रही है। एक को पकड़ रही है, तो दूसरे का नाम सामने आ रहा है। घोटालों के इसी फेहरिस्त में टेंडर कमीशन घोटाला एक नया अध्याय जुड़ा है। चीफ इंजीनियर की गिरफ्तारी के बाद जांच की आंच मंत्री और सचिव तक पहुंच गया है। ग्रामीण विकास मंत्री मंत्री आलमगीर आलम गिरफ्तार हो चुके हैं और अब मंगलवार को विभाग के पूर्व सचिव मनीष रंजन को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इसके बाद भी कई नेता और अधिकारी ईडी के रडार पर है, जिन्हें बहुत जल्द समन भेज कर बुलाया जा सकता है।




## दो मंत्री की भूमिका भी संदेह के घेरे में



टेंडर कमीशन घोटाले में राज्य के दो और मंत्रियों कृषि मंत्री बादल पत्रलेख और अल्पसंख्यक कल्याण, युवा कार्य एवं पर्यटन विभाग के मंत्री हफीजुल हसन की भी भूमिका संदेह के घेरे में है। इन दोनों मंत्रियों पर आरोप है कि इन्होंने अपने लोगों को टेंडर दिलवाया और उसके बदले में कमीशन वसूला। दोनों मंत्रियों की भूमिका की जानकारी अब तक गिरफ्तार पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम, मंत्री आलमगीर आलम, उनके निजी सचिव संजीव लाल ने पूछताछ में दी है। साथ ही संबंधित कुछ दस्तावेज भी ईडी के हाथ लगे हैं, जिसके सत्यापन के बाद इन दोनों मंत्रियों के नाम सामने  रहे हैं। दोनों मंत्रियों को ईडी जल्द समन भेजेगी और उनसे पूछताछ भी करेगी।

## पूर्व सचिव और कई अधिकारियों से भी होगी पूछताछ

ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, उनके पीएस संजीव लाल से पूछताछ और कई दस्तावेजों की बरामदगी के बाद ईडी ने विभाग के पूर्व सचिव मनीष रंजन को भी पूछताछ के लिए 28 मई को बुलाया है। पूर्व सचिव मनीष रंजन पर टेंडर में कमीशन के पैसों में हिस्सेदारी का आरोप हैं।इधर ईडी को 27 मई को मंत्री आलमगीर आलम से पूछताछ के लिए फरि से तीसरी बार तीन दिन के लिए रिमांड मिला हैं। इस दौरान ईडी आलमगीर और मनीष रंजन को



आमने-सामने बिठा कर पूछताछ कर सकती है। मंत्री के सरकारी पीएस के नौकर जहांगीर के फ्लैट से जो कागजात हाथ लगे हैं, उनमें लेन-देन का हिसाब कोड वर्ड में लिखा है। संजीव लाल, जहांगीर और मंत्री आलमगीर से पूछताछ में ईडी इन्हें डिकोड कर चुकी है। अब उसके पास कमीशन घोटाले में संलिप्त लोगों के नामों का पता चल चुका है। इसलिए मनीष रंजन के बाद कई और अफसरों को ईडी पूछताछ के लिए नोटिस जारी कर सकता है।

## वर्तमान सरकार ने की एसीबी की कार्रवाई की अनदेखी

पूर्व सीएम रघुवर दास के कार्यकाल में एसीबी की टीम ने जमशेदपुर में दस हजार रूपए रिश्वत लेते एक जूनियर इंजीनियर सुरेश राम को रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। उसी जूनियर इंजीनियर ने पूछताछ में चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम का नाम लिया था, एसीबी ने सुरेश राम को लेकर वीरेंद्र राम के आवास पर छापेमारी की तो करीब 2.66 करोड़ कैश मिले थे। इसी के बाद ईडी ने इस मामले को अपने हाथों में ले लिया। लगभग चार साल चुप्पी के बाद ईडी ने फरवरी 2023 में वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की, तो काफी मात्रा में कैश और जेवरात मिले साथ उनकी 100 करोड़ रुपये से अधिक की चल-अचल संपत्ति की भी जानकारी मिली। ईडी ने उनसे लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। ईडी फिर एक साल तक शांत रही।

## गिरफ्तारी के बाद भी नहीं रुकी कमीशन खोरी

ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर की गिरफ्तारी के बाद भी विभाग में कमीशनखोरी को धंधा रूकने के बजाय परवान चढ़ता गया। ईसी साल मई के शुरूआत में ईडी ने लोकसभा चुनाव के दौरान ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के सरकारी पीएम संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के फ्लैट पर छापेमारी की, जहां नोटों का पहाड़ मिला। नौकर के फ्लैट और कुछ अन्य जगह से कुल मिलाकर 37 करोड़ कैश बरामद हुए। ईडी ने पीएस और नौकर को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो मंत्री का नाम सामने आया और मंत्री भी गिरफ्तार कर लिए गए, अब इसी पूछताछ और जांच के क्रम में विभाग के पूर्व सचिव मनीष रंजन भी आ गए।

# जनता मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के कार्य में लग गई : बाउरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**साहिबगंज (झारखंड)।** राजमहल लोकसभा क्षेत्र के श्रीधर दियारा मैदान के कार्यक्रम में भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड सहित देश की 140 करोड़ जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का कार्य में लग गई है। श्रीधर दियारा की जनता जो पहले पाकिस्तान और बांग्लादेश के नागरिक थे, वहां से प्रताड़ित होकर अपने देश वापस आए हैं। पड़ोसी देशों में हिंदुओं की संख्या 22 प्रतिशत थी, वहीं अब घट कर मात्र दो प्रतिशत हो गई। आज हमारे सनातन धर्म की धरोहर इन देशों में लुप्त हो गई है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में हिंदुओं के लिए मात्र एक देश भारत ही है जहां वे सब शरण ले सकते हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकता संशोधन कानून लाकर दूसरे देशों में बसे और प्रताड़ित हो रहे हिंदुओं को वापस भारत में नागरिकता देने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ष

> *विश्व में हिंदुओं के लिए मात्र एक देश भारत ही है, जहां वे सब शरण ले सकते हैं।*

2047 तक विकसित भारत की बनाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं इंडी गठबंधन देश को इस्लामिक देश बनाने के प्रयास में है। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठिए हमारे बहू, बेटियों, बहनों पर अत्याचार कर रहे हैं।रुबिका पहाड़िया को एक बांग्लादेशी मुस्लिम के प्रेम प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करने के कारण काट दिया जाता है और झारखंड सरकार ऐसे घुसपैठियों को संरक्षण देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री और मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद हैं। उनके घरों से करोड़ों रुपये बरामद किए गए। कांग्रेस, राजद और झामुमो की गठबंधन वाली सरकार झारखंड के खनिज संपदा को लूटने का काम कर रही है।

# संताल के सभी इंडी गठबंधन प्रत्याशी को समर्थन देगा ओबीसी मोर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा**

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के गोड्डा से प्रदीप यादव ,राजमहल से विजय हांसदा और दुमका लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी नलिन सोरेन के नाम समर्थन पत्र कल्पना सोरेन व प्रदीप यादव को सौंपा। मौके पर पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, संजय यादव (पूर्व विधायक गोड्डा) प्रमुख रूप से उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि समर्थन पत्र में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने के लिए विस्तृत रूप से विवरण दिया गया है। क्योंकि गठबंधन ने देश में जाति जनगणना करने ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने सहित ओबीसी मोर्चा के प्रमुख मांगों को अपने घोषणा पत्र में शामिल किया है। जेएमएम नेता कल्पना सोरेन और कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव ने समर्थन दिए जाने पर प्रतिनिधिमंडल के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि आपकी जो भी प्रमुख मांग है उसको हम लोग पूरा करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोफेसर प्रेमनंदन मंडल, जिला अध्यक्ष राजकुमार भगत, गिरिजा भूषण ठाकुर प्रदीप विद्यार्थी अरुण शाह आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

## न्यूज | बॉक्स

### पं. जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि कांग्रेस भवन में मनायी गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं बन्ना गुप्ता कांग्रेस नेता एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनको श्रद्धांजली दी गई। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू न सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री थे बल्कि वे आधुनिक भारत के निमार्ता थे। उन्होंने स्वतंत्र स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 11 वर्ष जेल में बिताये। आजादी के बाद उन्होंने देश का निर्माण किया। देश में ओद्यौगिकरण, कृषि क्रांति के माध्यम से एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए आधारशीला रखा।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को दस साल की सजा

**रांची।** पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने सोमवार को नाबालिग से दुष्कर्म मामले के दोषी मिथुन महतो को दस साल की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर दस हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर उसे छह माह की सजा काटनी होगी । पूर्व में कोर्ट ने मिथुन महतो को दोषी करार दिया था। मामले में अभियोजन पक्ष ने सात गवाह पेश किया था। आरोपित मिथुन और नाबालिग पीड़िता दोनों एक मिठाई के दुकान में काम करते थे। इसी दौरान दोनों में दोस्ती हुई थी। इसके बाद आरोपित ने नाबालिग से संबंध बनाया था। पीड़िता के परिजनों को इसकी जानकारी तब हुई जब वह गर्भवती हो गई।

### गोड्डा में जनसंपर्क अभियान के लिए कांग्रेस की टीम आज होगी रवाना

**रांची ।** राज्य के अंतिम चरण के चुनावों में कांग्रेस ने पूरी मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतर चुकी है। इस बाबत झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बन्ना गुप्ता सहित बोर्ड-निगमों के चेयरमैन भी 28 मई 2024 को देवघर के लिए रवाना होंगे, जहॉ गोड्डा लोकसभा के अन्तर्गत सभी विधानसभा में जन-सम्पर्क अभियान चलाकर राहुल गॉधी के पॉच न्याय और पचीस गारंटी को लेकर जनता के साथ सीधा संवाद करेंगे और कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लेकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील करेंगे।

### मतगणना के लिए आज मिलेगा मतगणकों को प्रशिक्षण

**पलामू।** लोकसभा आम चुनाव के लिए मतगणना की तिथि चार जून को निर्धारित है। पलामू लोकसभा क्षेत्र की मतगणना गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज के परिसर में होनी है। इसी के निमित इलेक्ट्रानिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम (ईटीपीबीएस) के तहत आने वाले ई पोस्टल मतों की गणना कैसे की जाए, इसको लेकर सोमवार को जिला सूचना व विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह ने समाहरणालय सभागार में काउंटिंग सुपरवाइजरों व काउंटिंग असिस्टेंट को प्रशिक्षण दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के आदेशानुसार सटीक, नियमित, निष्पक्ष और पारदर्शी मतगणना के लिए प्रशिक्षकों की तैयार टीम 28 मई को गिरिवर 2 उच्च विद्यालय में मतगणकों को प्रशिक्षण देगी। इसके लिए सोमवार को समाहरणालय के ब्लॉक ए के सभागार में मास्टर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

### प्रचार के दौरान गीता कोड़ा पति के साथ पहुंचीं बाबानगरी

**देवघर।** सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा अपने पति पूर्व सीएम मधु कोड़ा के साथ इन दिनों संताल के दौरे पर हैं, जहां वे भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जगह-जगह जनसंपर्क अभियान कर लोगों से वोट देने की अपील कर रही है। इसी क्रम में गीता कोड़ा सोमवार को बाबानगरी देवघर पहुंची और बाबा बैद्यनाथ के दर्शन कर और मंदिर में पूजा-अर्चना की। सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर ही वे कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुई है। आदिवासियों और झारखंड के हित में पीएम मोदी काफी अच्छा काम किया है। जिस ओर सरकार में रहने के बावजूद भी कांग्रेस ने आदिवासियों और राज्य हित के प्रति कोई काम नहीं किया।

# मरांडी और मुंडा ने ओबीसी के आरक्षण में कटौती की : कैलाश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने भारतीय जनता पार्टी को दलित पिछड़ा आदिवासी अल्पसंख्यक विरोधी बताया है । 15 नवंबर 2000 को झारखंड गठन के बाद राज्य के प्रथम तत्कालीन मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल मरांडी ने ओबीसी का 27 से 14 एवं अनुसूचित जाति का 15 से 10 फीसदी आरक्षण में कटौती कर अपनी ओछी मानसिकता का बेहद ही शर्मनाक परिचय दिया था । जबकि राज्य निर्माण के लगभग 25 वर्षों में 17 वर्षो तक सबसे अधिक शासनकाल बीजेपी आजसू गठबंधन एनडीए की रही है।इसके बावजूद बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, सुदेश महतो जैसे नेताओं ने आरक्षण सीमा बढ़ाने के बजाय कटौती किया और विगत वर्ष 2013-14 में बीजेपी आजसू संयुक्त सरकार के कार्यकाल दौरान सैकड़ों पिछड़ी जाति को परिसीमन में शामिल

> *राज्य गठन के लगभग 25 वर्षों में 17 वर्षों तक सबसे लंबा शासनकाल एनडीए गठबंधन का रहा है।*

कर उसके समुचित विकास कार्यों को बाधित कर दिया । इसलिए राज्य के बहुसंख्यक समाज अब बीजेपी आजसू के झांसे में नहीं आयेगी और इनके खिलाफ लोकसभा में वोट करेगी। विदित है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने आप को ओबीसी समाज का होने का दावा करते हैं जबकि केंद्र में 10 वर्षो से मोदी सरकार सत्तासीन है लेकिन इस दौरान देश के लगभग 85 फीसदी बहुसंख्यक वर्ग एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक को एक भी सरकारी नौकरी नहीं मिल पाया और न हीं किसी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को आरक्षण का लाभ मिल सका।

# जो चोरी करेंगे, उनको जेल जाना पड़ेगा : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस और राजद ने काम करने के लिए नहीं कमाने के लिए सरकार बनाई है। इन्होंने इतना कमाया कि उनके घर को तो छोड़ दीजिए। इनके नौकर के घर से भी करोड़ों रुपये के नोटों का पहाड़ मिलता है। इसी कारण आज हेमंत सोरेन और आलमगीर आलम जेल में बंद हैं। कई और लोग जेल में जाएंगे। जो चोरी करेंगे और चोरी कराएंगे, उनको जेल जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि गोड्डा में एक जून को चुनाव होना है। कमल छाप पर बटन दबाकर गोड्डा से डॉ निशिकांत दुबे को सांसद बनाना है। देश में नरेन्द्र मोदी को एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सोमवार को गोड्डा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत पोरैयाहाट विधानसभा क्षेत्र के धराबंध में पार्टी प्रत्याशी निशिकांत दुबे के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबों के लिए काम किया। महिलाओं के लिए काम किया। किसानों के लिए काम किया। मजदूरों के लिए काम किया। गांव वालों के लिए काम किया। आदिवासियों के लिए काम किया। दलितों के लिए काम किया। कमजोर वर्गों के लिए काम किया है। आज तक कोई भी प्रधानमंत्री इतना काम नहीं किया, जितना कम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के गरीबों को घर देने का काम किया। पिछले 10 वर्षों में चार करोड़ से अधिक पक्के मकान बना कर दिए। साथ ही मोदी ने वादा किया है कि जिन गरीबों को घर नहीं मिल पाया है, तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर उन गरीबों को भी घर उपलब्ध कराया जाएगा। मोदी ने घर के साथ गैस कनेक्शन और चूल्हा भी दिए।



## बासुकीनाथ के आशीर्वाद से मोदी तीसरी बार बनेंगे पीएम : बीडी शर्मा

दुमका । मध्यप्रदेश के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा लोकसभा चुनाव में 400 पार का लक्ष्य हासिल करेगी। उप राजधानी दुमका के बासुकीनाथ में सोमवार को भाजपा नेता वीडी शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जनता जनार्दन और बाबा बासुकीनाथ का आशीर्वाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिल चुका है। संथाल परगना की तीन सीटों सहित झारखंड की सभी 14 सीटों पर भाजपा की जीत होगी। इसके पूर्व मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने दुमका के बाबा बासुकीनाथ मंदिर पहुंचकर षोडशोपचार विधि से पूजा-अर्चना की। पुरोहित पंडित मणिकांत झा उर्फ मन्नो बाबा सहित अन्य पुरोहितों ने विधि-विधान पूर्वक बाबा बासुकीनाथ, माता पार्वती, माता काली, शत्रु संहारिणी बगलामुखी माता की पूजा-अर्चना और आरती कराई। वीडी शर्मा ने बाबा बासुकीनाथ की पूजा कर मंगलकामना की। पूजन के बाद वीडी शर्मा ने बासुकीनाथ नगर में स्थानीय भाजपा नेताओं और कार्यकताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने गोड्डा लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे की जीत को लेकर मंत्रणा की।मौके पर पूर्व राज्यसभा सदस्य अभयकांत प्रसाद सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# संताल का सियासी रण, एनडीए और इंडी एलांयस में घमासान

**ब्यूरो रिपोर्ट । रांची**

झारखंड में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में संताल परगना की 3 सीटों पर चुनाव 1 जून को होना है। संताल की तीनों सीट गोड्डा, दुमका व राजमहल में एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच जबरदस्त घमासान मचा है। दोनों गठबंधन के छोटे-बड़े नेता जीत के लिए पूरी ताकत लगा रहे हैं। इसी क्रम में संताल परगना के अलग-अलग जगहों पर पीएम नरेंद्र मोदी 28 मई को, तो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 29 मई को और राहुल गांधी 30 मई को चुनावी सभा को चुनाव सभा को संबोधित करेंगे। दोनों गठबंधन के बड़े नेताओं के दौरे को देखते हुए स्थानीय नेता और कार्यकर्ता संताल परगना में जोर लगा रहे हैं।



## मोदी 6 और राहुल 2 चुनावी सभा में हुए शामिल

झारखंड में लोकसभा प्रचार के लिए पीएम नरेंद्र मोदी अब तक 6 चुनावी सभा को संबोधित कर चुके हैं। जबकि राहुल गांधी सिर्फ एक बार फिर झारखंड आए और दो चुनावी सभा को ही संबोधित किया है। इस बार पीएम मोदी दुमका में  28 मई को भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वहीं राहुल गांधी 30 मई को दुमका में ही इंडी गठबंधन के प्रत्याशी नलिन सोरेन के लिए वोट देने की अपील करेंगे। इसी क्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 29 मई को देवघर में 3 चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।



## भाजपा और झामुमो की प्रतिष्ठा है दांव पर

संताल परगना की तीनों सीट पर झामुमो और भाजपा दोनों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। दुमका लोकसभा सीट सोरेन परिवार का परंपरागत सीट माना जाता है, लेकिन इस बार सोरेन परिवार का की सदस्य झामुमो के चुनाव चिन्ह पर मैदान में नहीं है, बल्कि शिबू सोरेन के वफादार नलिन सोरेन को मैदान में उतारा गया है। जबकि भाजपा ने दुमका में झामुमो की जमीन पर कब्जा करने के लिए सोरेन परिवार में सेंधमारी करते हुए बड़ी बहू सीता सोरेन को मैदान में उतार दिया है। एक तरह से सोरेन परिवार के वफादार और बहू के बीच ही मुकाबला होगा।

## राजमहल भी फतह करना चाहती है भाजपा

दुमका की तरह राजमहल में भी भाजपा की नजरें टिकी है। पिछले दो बार से मोदी लहर के बावजूद भी राजमहल पर भाजपा कब्जा नहीं कर पायी है। इसलिए भाजपा के नेता -कार्यकर्ता राजमहल में भी खूब पसीना बहा रहे हैं। झामुमो के सीटिंग सांसद विजय हांसदा को अपने ही पार्टी के विधायक लोबिन हेम्ब्रम के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। लोबिन हेम्ब्रम निर्दलीय चुनाव मैदान में है और उनके निशाने पर भाजपा के बजाय विजय हांसदा ही है। जिससे भाजपा को इसका फायदा मिल सकता है। भाजपा ने अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी पर भरोसा जताया है।

# मतदान में तेजी लाने के लिए चेन सिस्टम के तहत पीठासीन पदाधिकारी कराएं मतदान : के. रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि राजमहल, दुमका एवं गोड्डा लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान एक जून को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। पदाधिकारी मतदान प्रक्रिया में शिथिलता नहीं बरतें। चेन सिस्टम के माध्यम से पीठासीन पदाधिकारी मतदान प्रक्रिया में तेजी लाएं। मतदाताओं को क्रमबद्ध मतदान कक्ष में प्रवेश कराते हुए मतदान कराना सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान केंद्र से दुरस्थ मतदाताओं के लिए वाहन की टैगिंग करें, ताकि मतदाताओं को मतदान केन्द्रों पर लाया जा सके। वहीं शहरी क्षेत्रों में दिव्यांग



एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सोमवार को निर्वाचन सदन से ऑनलाइन सातवें चरण के मतदान के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक बुलाने के लिए माइक्रो कॉल सेंटर भी स्थापित कराएं और मतदाताओं को कॉल कर भी बुलाएं। उन्होंने कहा कि 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों पर रोशनी की सुविधा के लिए जेनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि मतदान में देरी होने पर मतदाता एवं मतदान कर्मियों को कोई असुविधा नहीं हो।

उन्होंने सभी को रियल टाइम डाटा अपडेट करने का भी निर्देश दिया। साथ ही मतदान प्रक्रिया में गति लाने के लिए संबंधित पदाधिकारी को प्रशिक्षण देने एवं साइलेंस पीरियड में भी मतदाता जागरूकता संबंधित माईकिंग कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर प्रयास करते हुए मतदान प्रतिशत में वृद्धि लाना सुनिश्चित करें।





# 4 जून को एनडीए की विजय सुनिश्चित है : अमित शाह

एजेंसी

**कुशिनगर/ बलिया।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कुशीनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 4 जून को मोदी की, भाजपा की व एनडीए की विजय सुनिश्चित है। 4 जून की दोपहर को आप देख लेना कि राहुल बाबा के लोग प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और कहेंगे कि ईवीएम के कारण हम चुनाव हारे हैं। हार का ठीकरा भी खरगे साहब पर फूटेगा। 4 जून को राहुल बाबा की पार्टी 40 भी पार नहीं कर पाएगी और अखिलेश बाबू 4 भी पार नहीं कर पाएंगे। देश की जनता ने तय किया है कि अगले 5 साल नरेन्द्र मोदी ही प्रधानमंत्री रहेंगे। छह चरण का मतदान समाप्त हो चुका है। मेरे पास 5 चरण का आंकड़ा है। 5 चरण में मोदी जी 310 सीटें पार कर चुके हैं। छठा चरण हो चुका है, सातवां होने वाला है, जिसमें आप लोगों को 400 पार कराना है।

वहीं बलिया में अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी व अखिलेश यादव आरक्षण के नाम पर जनता में भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं भरोसा दिलाता हूँ कि जब तक नरेन्द्र मोदी हैं, पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता। हम इस देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं आने देंगे। मुस्लिम आरक्षण संविधान के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कर्नाटक और हैदराबाद में जो किया है, बंगाल में भी वही किया था, लेकिन वहां हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। अपने वोटबैंक को खुश करने के लिए ये मुस्लिम आरक्षण की बात करते हैं। जिसका सीधा खामियाजा पिछड़े वर्ग को उठाना पड़ता है।



- 4 जून को राहुल बाबा की पार्टी 40 व अखिलेश 4 भी पार नहीं कर पाएंगे
- मेरे पास 5 चरण का आंकड़ा है, 5 चरण में राजग 310 सीटें पार कर चुका है

**ये भी कहा**

**85** हजार करोड़ का सहारा का घपला किसके समय में हुआ था। अखिलेश बाबू, आपकी पार्टी सहारा के फंड से चलती थी, सहारा की लूट आपने चलने दी।

**2017** से 2024 तक 2 लाख 50 हजार करोड़ का भुगतान गन्ना किसानों को भाजपा सरकार ने किया है

- मोदी ने आतंकवाद व नक्सलवाद से देश को मुक्त कराने का काम किया है। भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये।
- हमारी सरकार के समय में 20 चीनी मिलों को फिर से चालू किया गया है, 38 चीनी मिलों की क्षमता में वृद्धि की गई है।
- बहन मायावती और अखिलेश बताएं कुशीनगर 'चीनी का कटोरा' नाम से प्रसिद्ध था, आपके समय में चीनी मिलें कैसे बंद हुईं।
- गन्ने की बुवाई का क्षेत्रफल 9 लाख हेक्टेयर बढ़ा है, 1995 से 2017 तक सपा-बसपा ने किसानों को 23 हजार करोड़ का भुगतान किया।

## तेजस्वी नहीं बिहार के लोगों को दी गई है धमकी : सहनी

**पटना ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दिए गए तेजस्वी यादव को जेल भेजने वाले बयान पर सियासत तेज हो गई है। पीएम मोदी के बयान के खिलाफ विपक्ष के तमाम नेता प्रतिक्रिया दे रहे हैं। पीएम मोदी के बयान पर हमला बोलते हुए विकासशील इंसान पार्टी के मुकेश सहनी ने कहा कि यह सहन नहीं होगा और हम लोग मुकाबला करेंगे। पीएम मोदी ने पूरे बिहार के युवाओं को धमकी दी है। पीएम मोदी ने एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि नौकरी के बदले जमीन मामले से जुड़े सभी लोगों को जेल भेजा जाएगा। इससे पहले सहनी ने पीएम मोदी के बारे में कहा था कि वो लोगों को बरगला रहे हैं, तथ्यहीन बातें कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में चुनाव प्रचार के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बिहार आगमन पर मुकेश सहनी ने कहा कि हम लोगों ने पहले से ही कमान संभाल रखी है।

# राहुल गांधी के पहुंचते ही मंच धंसा सभी लोंगो ने एक-दूसरे को संभाला

एजेंसी

**पटना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को बिहार में तीन चुनावी सभाओं को संबोधित करना था। राहुल गांधी पाटलिपुत्र क्षेत्र के अंतर्गत पालीगंज में रैली को संबोधित करने के लिए जैसे ही मंच पर पहुंचे, मंच हल्का सा धंस गया। हालांकि, इस घटना में किसी को चोट नहीं आई।

दरअसल. जिस वक्त राहुल गांधी मंच पर पहुंचे, उसी वक्त मंच टूट गया और एक हिस्सा थोड़ा नीचे चला गया। यह रैली पालीगंज स्थित कृषि फार्म में आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में राजद नेता तेजस्वी यादव, विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी और भाकपा माले के नेता दीपांकर भट्टाचार्य भी मौजूद थे। इस दौरान राहुल गांधी को पाटलिपुत्र से राजद की प्रत्याशी मीसा भारती ने हाथ पकड़कर संभाला।



### मोदी प्रधानमंत्री बनने नहीं जा रहे

**पटना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को पटना साहिब के पार्टी प्रत्याशी अंशुल अविजित के समर्थन में बख्तियारपुर में आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि इस बार तय है कि नरेंद्र मोदी हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं बनने जा रहे हैं। यह चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है। भाजपा अगर जीत गई तो संविधान फाड़कर फेंक देगी। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया में कोई शक्ति संविधान को छू भी नहीं सकती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गरीबों की लिस्ट बनाएगी।

# पंजाबियों को धमकी मत देना अमित शाह : केजरीवाल

एजेंसी

**अमृतसर।** लोकसभा चुनाव के बीच विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से धुआंधार प्रचार का सिलसिला जारी है। बीजेपी जहां अपने 10 साल की उपलब्धियों को जनता के बीच पेश कर रही है, वहीं विपक्षी दल केंद्र की खामियों को लोगों के बीच ले जाकर उन्हें रिझा रहे हैं। इस बीच, दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल अमृतसर पहुंचे। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियों के बारे में लोगों को विस्तार से बताया। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर भी जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री केजरीवाल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा रविवार को दिए गए बयान को लेकर उन पर जमकर बरसे। दरअसल, शनिवार को अमित शाह ने पंजाब के लुधियाना में एक रैली को संबोधित करने के क्रम में चार जून के बाद भगवंत मान की सरकार गिरने का दावा किया था। इस पर सोमवार को केजरीवाल ने सवाल उठाते हुए गृह मंत्री को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, अमित शाह जी धमकी देकर गए हैं, चार जून के बाद भगवंत मान की सरकार नहीं रहेगी। आखिर इन लोगों को इतना भरोसा कैसे है? 92 सीट है यार? कैसे गिरा दोगे? वो खुलकर कह रहे हैं कि हम सरकार गिरा देंगे। वो खुलेआम कह रहे हैं कि हम तुम्हारे विधायक तोड़े देंगे। तुम्हारी सरकार धराशायी कर देंगे। ईडी और सीबीआई लगा देंगे। उन्हें पैसों से खरीद लेंगे। देश के गृह मंत्री खुलकर सरकार गिराने की धमकी मंच से दे रहे हैं।

केजरीवाल ने आगे कहा, मैं आप लोगों को कहना चाहता हूं कि पंजाबी दिल के बहुत बड़े होते हैं। अगर आप लोग प्यार से दो-तीन सीट मांग लेते, तो आपको शायद मिल भी जाती, लेकिन आपने जिस तरह से खुलेआम धमकी दी है, वो ठीक नहीं किया है।



*मैं आप लोगों को कहना चाहता हूं कि पंजाबी दिल के बहुत बड़े होते हैं।*

## पीएम मोदी की भाषा शैली पर अशोक गहलोत ने उठाए सवाल

एजेंसी

**जयपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। इसके अलावा, उन्होंने कांग्रेस छोड़कर अन्य दलों में शामिल होने वाले नेताओं को नाकारा, निकम्मा, गद्दार और पीठ में छुरा घोंपने वाला बताया। इस बीच, उन्होंने अपनी पार्टी के नेताओं को हिदायत देते हुए कहा कि आप पार्टी के लिए संपत्ति बनिए, ना कि दायित्व। अगर आप संपत्ति बनेंगे और पार्टी का विश्वास अर्जित करेंगे, तो निकट भविष्य में आपके लिए राजनीतिक समृद्धि के मार्ग प्रशस्त होंगे। उन्होंने ओबीसी समुदाय को आरक्षण देने पर भी बल दिया। अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री मोदी की भाषाई गरिमा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने अपनी भाषा शैली से अपने पद की गरिमा घटाई है।



## केजरीवाल के रोड शो से पहले चन्नी ने दागे तीखे सवाल

एजेंसी

**जालंधर।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान से पहले चुनाव प्रचार का दौर तेज हो गया है। अंतिम चरण में मतदान को अपने पक्ष में करने के लिए तमाम राजनीतिक दलों की ओर से चुनावी सभा और रोड शो का दौर जारी है। इसी कड़ी में सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जालंधर लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में एक रोड शो करेंगे। केजरीवाल के रोड शो से पहले पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने उन पर जुबानी हमला बोला है। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने सीएम केजरीवाल से सवाल किया है कि वह ये बताएं कि उन्होंने साफ सुथरा प्रशासन देने का वादा किया था, जो पूरा नहीं किया।

जालंधर सहित पंजाब में नशे का कारोबार और सट्टे का कारोबार कैसे चल रहा है। उन्होंने कहा कि आप छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले सांसद सुशील कुमार रिंकू और शीतल अंगूराल कैसे अवैध कारोबार चला रहे हैं। आप विधायक रमन अरोड़ा पर भी उन्होंने इन कारोबार को चलाने में शामिल होने का आरोप लगाया। उन्होंने आगे कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल यहां आए हैं तो जो गुंडागर्दी और लूटपाट की वारदात हो रही है, उसका जवाब देकर जाएं। जालंधर के हल्का शाहकोट में नाजायज माइनिंग रोकने गए माइनिंग अधिकारियों पर हुए हमले को लेकर उन्होंने कहा कि माइनिंग विभाग के अधिकारी जब नाजायज माइनिंग को रोकने गए तो उन पर हमला किया हुआ, गोलियां चलाई गईं। अधिकारियों को अपनी जान बचाकर भागनी पड़ी। सीएम केजरीवाल को पूछना चाहता हूं कि इस पूरे मामले में उनके लोगों और विधायकों का क्या रोल है।



*केजरीवाल के आने से गुंडागर्दी और लूटपाट की वारदात हो रही है*

## राजनीति में उदासीनता संपूर्ण लोकतंत्र के लिए खतरा : नड्डा

एजेंसी

**वाराणसी ।** भारतीय जनता पार्टी( भाजपा ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में लक्सा स्थित मारवाड़ी भवन में काशी के प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठक की। बैठक को संबोधित करते जेपी नड्डा ने कहा कि जब राजनीति में लोकमत उदासीन हो जाए, तो वो प्रजातंत्र के लिए खतरा बन जाता है। लेकिन 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी ने साधारण नागरिक में एक विश्वास पैदा किया। आज इस विश्वास के कारण ही हम विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां आपने दो पार्टियों की सरकार देखी है, जिन्होंने सबका मत लिया और बाद में एक जाति का बनके रह गईं। 10 साल पहले देश का नागरिक राजनीति के प्रति उदासीन हो चुका था,उसका विश्वास टूट चुका था।



## कांग्रेस देश को तोड़ने की रखती है भावना : मनोज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनोज तिवारी ने बिहार की राजधानी पटना में सोमवार को मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने उत्तर पूर्वी दिल्ली से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी कन्हैया कुमार के खिलाफ चुनाव लड़ने पर कहा कि उनका बोरिया-बिस्तर बंध गया है, वह 40 दिन के टूर पर आए थे। उन्होंने पूरे देश में कांग्रेस का बेड़ा गर्क करके रख दिया है।

कांग्रेस ने कन्हैया कुमार को अपना प्रत्याशी बनाकर बता दिया है कि यह लोग देश को टुकड़े-टुकड़े करने की भावना रखते हैं। हर घर से अफजल जैसे आतंकवादी निकालने की भावना रखते हैं। चुनाव के दिन भी आधा दिन में ही वह अपना टिकट कटाकर भाग गए। दिल्ली में सातों सीट पीएम मोदी के पक्ष में है।



*मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर जोरदार निशाना साधा।*

## ओडिशा में जनता परिवर्तन का मन बनाया है : त्रिवेन्द्र

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हरिद्वार लोकसभा उम्मीदवार और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि इस बार ओडिशा की जनता जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। त्रिवेंद्र सिंह रावत ओडिशा की तीन लोकसभा मयूरभंज, भद्रक और बालेश्वर की 21 विधानसभाओं की बागडोर संभाली है। लगभग एक महीने से ज्यादा का व्यक्त त्रिवेंद्र सिंह रावत इन तीनों लोकसभा की अलग-अलग विधानसभाओं में बिता चुके हैं। उनका कहना है कि हर रैलियों, कार्यक्रमों और नुक्कड़ सभाओं में भारतीय जनता पार्टी को जनता का सहयोग मिल रहा है। पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र ने कहा कि इस बार उड़ीसा में भाजपा सरकार और केन्द्र में

**चुनावी सभा**

## नालंदा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गिनाई अपनी उपलब्धियां

# बिहार के युवाओं को 10 लाख नौकरी देने का किया वादा

*जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि नालंदा से हमारा संबंध बहुत पुराना है।*

एजेंसी

**नालंदा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को हिलसा विधानसभा क्षेत्र के जोगीपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मंत्री श्रवण कुमार, जदयू नेता ललन सिंह, राज्यसभा सांसद संजय झा मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने अपनी उपलब्धियां गिनाईं और आगे 10 लाख रोजगार देने का वादा किया। जनसभा के दौरान मंच से नालंदा लोकसभा सीट से एनडीए समर्थित उम्मीदवार कौशलेंद्र कुमार के पक्ष में वोट देने की अपील की गई। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि नालंदा से हमारा संबंध बहुत पुराना है। साल 2005 से एनडीए के साथ मिलकर बिहार के विकास की यात्रा शुरू करने का काम किया था। हमने राजगीर में भी विकास करने का काम किया।

उन्होंने कहा कि साल 2005 के पहले बिहार में कोई विकास का काम नहीं दिख रहा था। केंद्र में जब हम मंत्री थे उस समय नालंदा की गलियों में पैदल घूमा करते थे। इलाके में कहीं भी चलने के लिए रास्ता भी नहीं था। शिक्षा, स्वास्थ्य, पटवन, जीविका के क्षेत्र में हमने काम किया। हमने हिंदू-मुस्लिम की लड़ाई को बंद किया और अल्पसंख्यकों के लिए भी बहुत सारे काम किए। उन्होंने लालू यादव के जंगल राज का जिक्र करते हुए कहा कि साल 2005 के पहले लालू यादव का आतंक था। शाम सात बजे के बाद लोग घरों से निकलते नहीं थे। हमारी सरकार आने के बाद हमने हर क्षेत्र में काम किया है। अगले चुनाव से पहले दस लाख रोजगार देंगे।



### बड़ी देर कर दी हुजूर आते-आते

**पटना ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बिहार दौरे को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बहुत देर कर दी हुजूर आते-आते। अब तो अंतिम चरण है, अब आने से कोई फायदा नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि यह लोग जान चुके हैं कि बिहार में इनका कुछ नहीं होने वाला है, सिर्फ खानापूर्ति के लिए आ रहे हैं। बाद में कोई ना बोले कि इतना बड़ा राज्य है बिहार, जहां से देश की राजनीति की दशा और दिशा तय होती है, वहां पर यह लोग गए ही नहीं, यह सिर्फ खानापूर्ति के लिए आ रहे हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com